रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 30 नवम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 98 मूल्य 3.00 ₹


## विचक न्यूज़

### अध्यात्म के बिना धर्म का अस्तित्व नहीं : भागवत



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आध्यात्म के बिना धर्म का अस्तित्व नहीं है। सभी धर्मों में आचरण का पालन करना जरूरी बताया गया है। आध्यात्म ही सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद के अलोपीबाग स्थित ज्योतिष्पीठ के पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन सरस्वती के 150वें जन्मोत्सव के तहत आयोजित आराधना महोत्सव में भागवत ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में कहा कि अध्यात्म के बिना धर्म का कोई अस्तित्व नहीं है। सभी धर्मों में आचरण का पालन करना बताया गया है। उन्होंने कहा कि आध्यात्म ही सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है।

### नक्सली विस्फोट में जवान घायल

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में एक नक्सली साजिश में एक जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नक्सल प्रभावित उसूर इलाके के गलगम कैंप से पांच सौ मीटर की दूरी पर हुए आईईडी विस्फोट में एक जवान घायल हो गया। घायल जवान की आंखों में चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार सुबह नियमित गश्त पर निकले जवानों की टुकड़ी करीब 5 सौ मीटर ही चली थी कि नक्सलियों द्वारा लगाए प्रेशर बम की चपेट में आने से 168 बटालियन का जवान दीपक कुमार घायल हो गया। दीपक कुमार की आंखों में चोट आई है। जवानों की सतर्कता के चलते नक्सलियों की साजिश नाकाम हो गई।

### रुपया चार पैसे फिसला

**मुंबई।** चीन में विरोध प्रदर्शन के बाद कोविड प्रतिबंधों में ढील दिये जाने की उम्मीद से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में आई तेजी से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया चार पैसे फिसलकर 81.72 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, पिछले कारोबारी दिवस रुपया तीन पैसे चढ़कर 81.68 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया 10 पैसे मजबूत होकर 81.58 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बिकवाली की बदौलत 81.57 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि लिवाली के दबाव में यह 81.74 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूटा।

# आरोप-प्रत्यारोप के बीच सीएम भूपेश की भानुप्रतापपुर में चुनावी सभा आज



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर उपचुनाव को लेकर प्रतिदिन नया घटनाक्रम सामने आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर गंभीर आरोप के चलते झारखंड पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने भानुप्रतापपुर में डेरा डाले हुई है। वहीं दोनों पक्षों भाजपा और कांग्रेस के बीच लगातार वाकयुद्ध जारी है। मतदाता पूरे मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए है। इस घमासान के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सीएम बघेल कोडेकुर्सी, भानुप्रतापपुर, पुरी और टंहकापार (चारामा) में चुनावी सभा लेंगे। इसके बाद 1 दिसंबर को मुख्यमंत्री दुर्गुकोंदल में जनसभा और चारामा में सभा के बाद रोड शो में शामिल होंगे। प्रचार के अंतिम दिन 3 दिसंबर को सीएम बघेल कोरर एवं लखनपुरी में सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस दौरान रोड शो सहित 08 चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### इसी बीच एक-दो दिसम्बर को विधानसभा का विशेष सत्र भी

वहीं उपचुनाव में मतदान के पहले सरकार ने 1 और 2 दिसम्बर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। इसमें नये आरक्षण संशोधन विधेयक को पारित किया जाना है। बताया जा रहा है कि एक दिसम्बर को सत्र की शुरुआत होगी। विधानसभा के उपाध्यक्ष रहे मनोज मंडावी को श्रद्धांजलि देने के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित हो सकती है। दो दिसम्बर को सरकार नए आरक्षण विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत करेगी।

### आदिवासी नेताओं ने सीएम भूपेश पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- आरक्षण छीना शिक्षा छीनी, नौकरी छीनी, अब लोकतांत्रिक अधिकार छीनने का षड्यंत्र

भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें आखिर आदिवासियों से इतनी नफरत क्यों है कि वे आदिवासी समाज से सब कुछ छीन लेने के बाद अब आदिवासी से उसका लोकतांत्रिक अधिकार भी छीन लेने का सुनियोजित षड्यंत्र कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेताओं ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर सीएम भूपेश पर गंभीर आरोप लगाए है। अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार साय, विष्णुदेव साय, ननकीराम कंवर, रामविचार नेताम, विक्रम उसेंडी, मोहन मंडावी, प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप, लता उसेंडी, विकास मरकाम ने संयुक्त बयान में कहा है कि आदिवासी विरोध की जिद में भूपेश बघेल सरकार ने आदिवासियों का आरक्षण छिनवाया, आदिवासी आरक्षण के खिलाफ कोर्ट जाने वाले को इनाम दिया, आदिवासियों से शिक्षा छीनी, नौकरी छीनी और इससे भी उनकी भूख शांत नहीं हुई तो अब एक सीधे सीधे आदिवासी युवा को चुनाव लड़ने और जीतने से रोकने के लिए झारखंड सरकार के साथ मिलकर साजिश कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि एक भ्रष्ट सरकार ने दूसरी भ्रष्ट सरकार को बचाने के लिए जो मेहमान नवाजी पिछले माहों में की थी, उसके एवज में अब भानुप्रतापपुर उपचुनाव के प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के विरुद्ध साजिश को अंजाम दिया गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यहां कांकेर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने राजनीतिक षड्यंत्र के तहत पॉक्सो एक्ट का उल्लंघन करते हुए आदिवासी समाज के बेटे पर आरोप लगाया , परिस्थितिजन्य घटनाक्रम बता रहा है कि भानुप्रतापपुर में हार होती देख कांग्रेस लोकतंत्र की हत्या करा रही है। आदिवासी समाज का अपमान कर रहे है। आदिवासी समाज इस अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

# जो नरेंद्र मोदी की 'पूजा' कर रहा है, उसे सब कुछ मिल रहा है : राहुल

पायनियर संवाददाता उज्जैन
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में जो भी व्यक्ति या उद्योगपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'पूजा' कर रहा है, उन्हें सबकुछ मिल रहा है। लेकिन वास्तविक तपस्वियों जैसे किसान, श्रमिक, युवा और छोटा व्यवसाय करने वालों का हक छीना जा रहा है। गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के तहत मध्यप्रदेश के उज्जैन में शाम को जनसभा को संबोधित किया। इसके पहले उन्होंने उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में दर्शन किए। जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत 'जय महाकाल' के साथ की। लगभग 25 मिनट के भाषण में श्री गांधी ने कहा कि महाकाल मंदिर भगवान शिव का है। भगवान शिव के अलावा श्रीराम और श्रीकृष्ण समेत सभी ने तपस्या की। इसी तरह हमारे देश में भी किसान, श्रमिक, युवा, छोटे और मंझोले व्यापारी व्यवसायी और मीडिया के साथी भी प्रतिदिन तपस्या कर रहे हैं। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार इन तपस्या करने वालों का हक छीन रही है और इनकी जेब से पैसा निकालकर देश के दो चार पांच बड़े उद्योगपतियों को दे रही है। गांधी



ने कहा कि देश के जो प्रमुख चार पांच उद्योगपति हैं, वे श्री मोदी की पूजा करते हैं। इन उद्योगपतियों को सबकुछ दिया जा रहा है। इनके हवाले हिंदुस्तान का पूरा धन किया जा रहा है। रेलवे, बंदरगाह, हवाईअड्डे, सड़कें, बिजली और पानी सब कुछ इनके हवाले किया जा रहा है। मोदी सरकार ने बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए ही नोटबंदी की। जीएसटी लागू किया। कोविड संकटकाल के दौरान भी मोदी सरकार की नीतियां गरीबों के हित में नहीं थीं। इस तरह देश की रीढ़ तोड़ दी गयी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कन्याकुमारी से 80 दिन से अधिक समय पहले शुरू हुयी उनकी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वे अब तक 2000 से अधिक किलोमीटर चल चुके हैं। लेकिन इसे तपस्या नहीं मानते हैं। आज के असली तपस्वी वे किसान, श्रमिक, युवा और छोटे व्यापारी हैं, जो प्रतिदिन तपस्या कर रहे हैं लेकिन उन्हें तपस्या का फल नहीं मिल रहा है।

### दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : मांडविया

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का बुनियादी ढांचा मजबूत करने में निजी क्षेत्र के सहयोग का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मांडविया ने भारतीय उद्योग परिसंघ के 19 वें स्वास्थ्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वास्थ्य क्षेत्र की किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में निचले स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसमें निजी क्षेत्र का सहयोग अनिवार्य है। देश सस्ती, पहुंच में और गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों की आवश्यकता समझती है और इसके लिए आयुष्मान भारत शुरू किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र का ऐसा परिवेश तैयार करना चाहती है जो ना केवल बड़े शहरों और कस्बों तक सीमित हो बल्कि प्रखंड स्तर और गांव स्तर पर भी उपलब्ध हो।

### घृणास्पद बोल और कट्टरता की लोकतंत्र में कोई जगह नहीं : डोभाल

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि संकुचित और संकीर्ण लक्ष्यों को हासिल करने के लिए घृणास्पद बयानों और कट्टरता के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। डोभाल ने मंगलवार को यहां भारत और इंडोनेशिया के उलेमाओं तथा इस्लामिक विद्वानों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे मोटे तथा संकीर्ण लक्ष्यों को हासिल करने के लिए लोकतंत्र में घृणास्पद बयानों, भेदभाव, दुष्प्रचार, धोखा देने , हिंसा , टकराव और धर्म के दुरूपयोग के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को इस्लाम में निहित मूल सहिष्णुता तथा उदारता के सिद्धांतों के बारे में शिक्षित तथा जागरूक बनाने में उलेमाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि विशेष रूप से युवाओं पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है और इस मामले में उलेमा की भूमिका केन्द्रीय है। युवाओं को अक्सर कट्टरपंथ से जोड़ने की कोशिश की जाती है लेकिन यदि उनकी ऊर्जा सही दिशा में इस्तेमाल की जाती है तो वे परिवर्तन के वाहक तथा समाज में प्रगति के स्तंभ बन सकते हैं। डोभाल ने कहा कि सरकारी संस्थानों को भी नकारात्मकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ एक होकर आगे आना चाहिए तथा उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करनी चाहिए। उलेमा समाज के साथ अंदर तक जुड़े रहते हैं इसलिए वे इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि चरमपंथ तथा आतंकवाद इस्लाम के खिलाफ है क्योंकि इस्लाम का मतलब शांति और कल्याण है।

### गुजरात में पहले चरण के प्रचार खत्म, 1 दिसंबर को 89 सीटों पर मतदान

एजेंसी अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक दिसंबर को 89 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार 29 नवंबर की शाम 5 बजे थम गया। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा चुनाव के तहत दो चरणों में 1 और 5 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे और मतगणना 8 दिसंबर को होगी। गुजरात में इस बार भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. भारती ने सोमवार को बताया कि पहले चरण में एक दिसंबर को 89 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कुल 788 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। इनमें 70 महिलाएं और 718 पुरुष हैं। राज्य में कच्छ की (06), सुरेंद्रनगर की (05), मोरबी (03), राजकोट (08), जामनगर (05), देवभूमि द्वारका (02), पोरबंदर (02), जूनागढ़ (05), गिर सोमनाथ (04), अमरेली (05), भावनगर (07), बोटाद (02) , नर्मदा (02) , भरूच (05), सूरत (16) , तापी (02), डांग (01), नवसारी (04) और वलसाड की (05) सीटों कुल 89 सीटों के लिए 19 जिलों में पहले चरण में 2,39,76,670 मतदाता हैं, जिनमें 1,24,33,362 पुरुष, 1,15,42,811 महिलाएं और 497 ट्रांसजेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार बंद करने के नियम के तहत मंगलवार शाम पांच बजे यह बंद हो गया। इसके बाद कोई अनधिकृत बाहरी व्यक्ति भी चुनाव वाले क्षेत्रों में नहीं रहेगा। इस चुनाव में दलों की कुल संख्या 39 है। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा ने नौ महिलाएं और 80 पुरुष, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने छह महिलाएं सहित कुल 89 सभी सीटों पर, आप ने 88, बसपा ने 57 और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल- मुस्लिमीन ने छह सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं।

### गुजरात में भाजपा को बाहर करने का सही मौका : खड़गे

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुजरात की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर कुशासन का आरोप लगाया और कहा कि सत्ताधारी दल को बाहर करने का यह सही मौका है। खड़गे ने अपने ट्वीट में कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है। भाजपा के 27 साल



के 'कुशासन' को जड़ से खत्म करें। अब गुजरात के पुनर्निर्माण का वक्त आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात में शिक्षकों के 28 हजार पद खाली हैं। करीब 700 प्राथमिक स्कूलों को एक शिक्षक चला रहे हैं। भाजपा ने बच्चों का भविष्य खराब कर रखा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उम्मीद जताई की कि उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आयेगी।






### सशस्त्र सेना ध्वज दिवस पर दिल खोलकर योगदान दे

# सैनिकों एवं उनके परिवार का कल्याण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : राजनाथ सिंह

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों से सशस्त्र सेना ध्वज दिवस कोष में दिल खोलकर योगदान देने की अपील करते हुए कहा है कि सैनिकों और उनके परिवारों का कल्याण सुनिश्चित करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। सिंह ने मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सशस्त्र सेना ध्वज दिवस 'सीएसआर' सम्मेलन को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त और सेवारत सशस्त्र बलों के कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इनकी वीरता और बलिदान ने देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा की है। रक्षा मंत्री ने नागालैंड में कोहिमा समर स्मारक पर लिखे एक सैनिक के संदेश का विशेष उल्लेख किया, जिसमें लिखा था, जब आप घर जाएं, तो



उन्हें हमारे बारे में बताएं और कहें, आपके कल के लिए, हमने अपना आज दिया। उन्होंने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों की मदद करना राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से, चाहे युद्ध जीतना हो या सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों से निपटना हो, हमारे सैनिकों ने साहस और तत्परता के साथ सभी चुनौतियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस कार्य में, उनमें से कई ने सर्वोच्च बलिदान दिया और कई शारीरिक रूप से अक्षम हो गए। उनके परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन पर है। इसलिए, यह हमारी मौलिक जिम्मेदारी है कि हम आगे आएं और हर संभव तरीके से हमारे सैनिकों और उनके परिवारों का समर्थन करें। यह हमारे वीर सैनिकों के कारण है, जो सीमाओं पर हमेशा सतर्क रहते हैं, हम शांति से सोते हैं और बिना किसी डर के अपना जीवन जीते हैं। सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या में सैन्य कर्मी 35 से 40 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं ताकि सशस्त्र बलों की युवा प्रोफ़ाइल को बनाए रखा जा सके। उन्होंने इसे लोगों द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को हर संभव मदद देने का एक और कारण बताया।

### कई अन्य देशों के प्रतिनिधि भी हो रहे शामिल

भारतीय वायुसेना आगरा के वायुसेना स्टेशन पर वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास कर रही है। इस अभ्यास में कई देशों के प्रतिनिधि आपदा प्रबंधन पर अपने अनुभव साझा करेंगे। जिसमें देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हो रहे हैं। इसके लिए वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंच चुके हैं। वहीं इसमें कई अन्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं और कार्यक्रम के लिए पूरी तैयारियां कर ली जा चुकी है। अब से कुछ ही देर में भारतीय वायुसेना के विमान आगरा के आसमान में गर्जना करेंगे।

# 2023 तक झारखंड राज्य के 200 गांवों को सोलराइज करने का लक्ष्य तय

वार्ता । रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड राज्य सौर नीति 2022 के तहत 1000 गांवों को सोलराइज करने के लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए प्रथम चरण में 2023 तक झारखण्ड के 200 गांवों को सोलराइज करने की दिशा में सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। ताकि गांवों को सोलराइज़ करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास को बढ़ावा, बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार, ग्रामीण आय को बढ़ाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सौर को एकीकृत करके रोजगार का अवसर प्रदान किया जा सके। इस कड़ी में गिरिडीह को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां घरेलू उपभोक्ता के लिए कुल 17 मेगावाट एवं वाणिज्यिक सेक्टर के लिए 5 मेगावाट का रूफटॉप पॉवर प्लांट, एक मेगावाट सोलर स्ट्रीट लाइट एवं ग्राउंड माउंटेड सोलर पॉवर प्लांट 18 मेगावाट का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 5 मेगावाट रूफटॉप लगाने की कार्यवाही चल रही है। सौर नीति के तहत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों और ग्रामीणों को सशक्त करना चाहती है। इसके लिए सभी अड़चनों को करने का कार्य किया जाएगा। जिससे स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, पुलिस स्टेशनों जैसी संस्थागत केंद्रों को सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही, ग्रामीणों द्वारा उपयोग किए जाने वाले दुकानों एवं कृषि कार्य में सौर ऊर्जा का उपयोग हो सके। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित एमएसएमई को सशक्त करना भी है। नीति के तहत बिजली की अधिक खपत वाले गांवों को प्राथमिकता देने का कार्य किया जाएगा। मध्यम आकार के गांवों या अधिक छोटे समूहों की पहचान करने का निर्देश सरकार ने दिया है। साथ ही, गांव में कृषि उद्योग के अतिरिक्त नौकरी के अवसर सृजित करने पर अधिक जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड के प्रत्येक जिले में चयन मानदंडों के आधार पर सौर गांवों में तब्दील किए जाने वाले गांवों की प्राथमिकता सूची की पहचान, चिन्हित गांवों की सूची उपायुक्तों के साथ साझा करने, गांवों में आजीविका को लेकर सौर ऊर्जा के नए प्रयोगों को लागू करने की संभावनाओं या क्षमता का आकलन करने, सामुदायिक सौर प्रतिष्ठानों के लिए उपयुक्त सरकारी और निजी भूमि वाले गांवों में भूमि बैंकों की पहचान कर नक्शा बनाने और गांवों की मांग को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित का निर्देश दिया है। सोरेन ने कहा कि किसानों को ध्यान में रखते हुए माइनर इरिगेशन में भी सौर ऊर्जा के उपयोग पर ध्यान देने का निर्देश मिला है।

## हरदोई में कार खाई में गिरी, तीन मरे

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बेहटा गोकुल क्षेत्र में एक कार के खाई में पलटने से उसमें सवार दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सांडी क्षेत्र के पिंडारी गांव निवासी पट्टे (59),पट्टे का छोटा भाई हिम्मत (52), नेहा (09), हिमांशु (11), विशोक (10) और रामदेवी (58) सोमवार शाम बेहटा धीरा गांव तिलक चढ़ाने गए हुए थे। तिलक के बाद सभी देर रात कार से वापस लौट रहे थे कि इसी बीच बेहटा गोकुल और नेवादा मस्तीपुर गांव के बीच खलीफा पुलिया के पास मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और खाई में जा गिरी। उन्होने बताया कि घायलों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान हिम्मत,पट्टे और नेहा की मौत हो गई।

## कार के पीछे से टक्कर मारने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

**कोटा।** राजस्थान में कोटा ग्रामीण क्षेत्र के देवली माझी थाना इलाके में एक कार के पीछे से आ रहे लोडिंग वाहन के टक्कर मार दिए जाने से कार में सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि कल रात कोटा के बोरखेड़ा निवासी राधेश्याम (47) और महावीर नगर निवासी पुनीत सक्सेना (52) अपने कुछ मित्रों-रिश्तेदारों के साथ दो कारों से सांगोद में किसी विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। रात्रि करीब 12 बजे सांगोद से वापस लौटते समय उनकी कार को देवली माझी थाना क्षेत्र में पीछे से आ रहे किसी अज्ञात लोडिंग वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी।

# पूर्व मंत्री अनिल देशमुख की जमानत याचिका दो दिसंबर तक टाली

एजेंसी । नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अनिल देशमुख के जेल से बाहर आने के सभी प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैं। मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट ने देशमुख की दायर जमानत याचिका पर सुनवाई दो दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

हालांकि सीबीआई ने कहा कि सहायक सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अनिल सिंह का स्वास्थ्य खराब है। इस कारण वह अदालत में मौजूद नहीं थे। इसलिए कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका स्थगित कर दी। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री ने 26 अक्टूबर को 100 करोड़ रुपये जबरन वसूली मामले के सिलसिले में जमानत के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया। वहीं इससे पहले सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 21 अक्टूबर को देशमुख की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

सीबीआई ने अनिल देशमुख पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पुलिसकर्मियों को मुंबई में बार मालिकों से हर महीने अवैध रूप से अपने लिए 100 करोड़ रुपये इकट्ठा करने को कहा था। इस मामले पर सचिन वाजे का भी बयान दर्ज किया था। वहीं सीबीआई कोर्ट ने कहा था कि गवाहों के बयानों से स्पष्ट है कि अनिल देशमुख इस पूरे मामले में मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं। ऐसे में अगर उन्हें जमानत दी जाती है तो वह मामले और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

आगे कोर्ट ने कहा था कि अनिल देशमुख को जो भी चिकित्सा सुविधाएं चाहिए उन्हें दी जा रही हैं, इसलिए उन्हें चिकित्सा आधार पर भी जमानत नहीं दी जा सकती है। सीबीआई की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है, इसलिए इस स्तर पर अनिल देशमुख को जमानत देना सही नहीं है। अनिल देशमुख अभी भी आर्थर रोड जेल में न्यायिक हिरासत में हैं क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भी उनकी जांच की जा रही है। देशमुख को ईडी ने नवंबर 2021 में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

**प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका पर सुनवाई एक दिसंबर को-** मनसुख हिरेन हत्याकांड मामले में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में एक दिसंबर को सुनवाई होगी।

# अधिकारियों से खफा सीएम ममता ने कार्यक्रम बीच में ही रोका, कहा- काम नहीं कर सकते तो छोड़ दीजिए

एजेंसी । कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उत्तर 24 परगना के हिंगलगंज में सभा के दौरान सरकारी अधिकारियों पर नाराज हो गईं और जमकर फटकार लगाई। गुस्साई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कार्यक्रम को बीच में ही रोक दिया और करीब 15 मिनट तक बैठी रहीं। उन्होंने जनता की ओर हाथ हिलाकर इशारा किया, बैठ जाओ मैं भी बैठ जाती हूं। जानकारी के मुताबिक उन्होंने देवी पूजन के अवसर पर 15 हजार शीतकालीन वस्त्र आम लोगों को देने की घोषणा की थी। लेकिन मंच पर कपड़े मौजूद नहीं थे, जिससे वह नाराज हो गईं। उन्होंने कहा, जब-तक वस्त्र नहीं आएंगे, तब तक वह अपनी सभा नहीं शुरू करेंगी। शीतकालीन वस्त्र नहीं मिलने से नाराज मुख्यमंत्री ने बीडीओ और डीएम को फटकार लगाई। उन्होंने कहा, मैं जिस कार्य के लिए आई हूं वह नहीं कर पा रही हूं, तो भाषण देने का कोई मतलब नहीं है। बीडीओ और डीएम लापरवाही करते हैं और मुझे उसके लिए माफी मांगनी पड़ती है। बीडीओ और डीएम को फटकार लगाते हुए कहा, अगर कार्य उचित तरीकें से नहीं कर सकते है तो काम छोड़ दें। मुख्यमंत्री करीब 15 मिनट तक मंच पर बैठी रहीं। उसके बाद कंबल लाए गए और लगभग 1000 कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कहा, वह उपहार लेकर आई थीं, यदि नहीं मिल रहा है, तो उन्हें गुस्सा आता है। हालांकि बाद में उन्होंने वस्त्र वितरण किए।

# खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं, चना और चना दाल में तेजी

वार्ता । नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मांग निकलने से गेहूं, चना और चना दाल में तेजी रही।

**तेल-तिलहन-** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 42 रिंगिट की तेजी लेकर 4102 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा 0.05 सेंट गिरकर 73.17 सेंट प्रति पौंड पर आ गया। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

**गुड़-चीनी-** मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे।

**दाल-दलहन-** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये और चना दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी वहीं मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम पड़े रहे।

# लंपी वायरस : 1.58 करोड़ टीकाकरण करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तरप्रदेश

वार्ता । लखनऊ
www.dailypioneer.com



महामारी लंपी वायरस से गोवंश को निजात दिलाने के लिये मिशन मोड में काम कर रही उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि राज्य में अब एक करोड़ 58 लाख टीके लगाये जा चुके है और महामारी पर काबू पा लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोवंश के स्वास्थ्य को लेकर खासे सजग हैं जिसका नतीजा है कि दो माह से भी कम समय में 1.58 करोड़ टीकाकरण करने वाला उत्तर प्रदेश देश में पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने वायरस को गंभीरता से लेते हुए टीकाकरण की प्रभावी निगरानी के लिए टीम-9 का गठन किया, जिससे आज उत्तर प्रदेश लगभग पूरी तरह से गोवंश के वायरस से मुक्त हो गया है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री ने देश के अन्य राज्यों में गोवंश में लंपी स्किन डिजीज के लक्षण मिलने पर इसे गंभीरता से लेते हुए अगस्त के पहले सप्ताह में टीम-9 का गठन किया।

टीम के वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा एवं अलीगढ़ मंडलों का दौरा किया गया और टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अभियान को सार्थक बनाने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन ट्रेनिंग में हाईब्रिड मॉडल अपनाया गया। साथ ही टीकाकरण में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालयों के छात्रों एवं निजी टीकाकरण कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया गया। सबसे पहले प्रदेश के पश्चिमांचल के 25 प्रभावित जनपदों में 28 अगस्त से रिंग टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके बाद वायरस का प्रसार पश्चिमांचल से मध्य और पूर्वी यूपी में न हो इसके लिए पीलीभीत से इटावा तक 10 किमी. चौड़ी एवं 320 किमी. लंबी पट्टी (वैक्सीनेशन बेल्ट) बनाने का निर्णय लिया गया। सूत्रों ने बताया कि बेल्ट वैक्सीनेशन में आने वाले सभी गोवंश का टीकाकरण किया गया। इसके बाद दोबारा इटावा से औरैया तक 155 किमी. लंबी पट्टी (बेल्ट वैक्सीनेशन-2) बनाने का निर्णय लिया गया। टीकाकरण के लिए शुरू में दो लाख टीका प्रतिदिन का लक्ष्य रखा गया, जिसे बढ़ाकर 3 लाख से 4 लाख कर दिया गया। उन्होने बताया कि टीकाकरण के लिए 2000 टीमों को लगाया गया था।

# देश में कोरोना के 215 नए मामले दर्ज

वार्ता । नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 215 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,46,72,068 तक पहुंच गयी। वहीं सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 4,982 रह गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में 52,295 टीके लगाए जाने के साथ आज सुबह सात बजे तक 219.91 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। इसी अवधि में कोरोना के 141 सक्रिय मामले कम होने से इनकी संख्या घटकर 4,982 रह गयी है और सबसे राहत की बात यह रही कि इस अवधि में इस महामारी से एक ही मरीज की मौत हुई और मृतकों का कुल आंकड़ा 5,30,615 तक पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान इस महामारी से 355 लोगों के मुक्त होने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 4,41,36,471 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों का की दर 0.1 प्रतिशत है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है। देश में तीन राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में कोराना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है और बाकी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में सक्रिय मामलों में कमी आयी है। जिन राज्यों में सक्रिय मामले बढ़े हैं उनमें बिहार में दो, मध्यप्रदेश और मणिपुर में क्रमश एक-एक है। इसके अलावा केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख में एक सक्रिय मामला बढ़ा है। केरल में 18 सक्रिय मामलों के घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,727 रह गयी है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,52,899 हो गई है और मृतकों की संख्या 71,492 है। कर्नाटक में 25 सक्रिय मामले घटकर 1,600 रह गये हैं। इस दौरान 66 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,29,259 तक पहुंच गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 40,303 पर स्थिर है। महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के 11 सक्रिय मामलों में कमी आने से इनकी कुल संख्या घटकर 440 रह गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 79,86,861 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 1,48,406 पर बरकरार है। तमिलनाडु में इस अवधि में कोरोना के 24 सक्रिय मामले घटकर 244 रह गए हैं। इस दौरान 21 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 35,55,816 तक पहुंच गयी हैं, मृतकों का आंकड़ा 38049 पर स्थिर है। बिहार में कोरोना संक्रमण के दो सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 20 हो गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 8,39,021 तक पहुंच गयी है और मृतकों की संख्या 12,302 पर स्थिर है।राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना के आठ सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 22 रह गयी है। राजधानी में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से एक और मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 26518 हो गया है।

# यहूदियों पर भी इतना जुल्म हिटलर ने नहीं किया था : आजम

वार्ता । रामपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी (सपा)के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम ने किसी पार्टी विशेष का नाम लिए कहा है कि जिस तरह से ज़ुल्म ढहाए जा रहे हैं, उस तरह से तो हिटलर ने भी यहूदियों के साथ ऐसा ज़ुल्म नहीं किया था। सपा नेता ने कहा कि वह नहीं जानते थे कि जनता पर अत्याचार करना सरकारों का काम है और अगर उन्हें यह पता होता तो वह अपने 50 साल के जीवन में कई और तारीख लिख सकते थे। रामपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए आजम ने कहा कि क्या कोई व्यक्ति या सरकार इस कदर इतना नीचे गिर सकती है कि वह लोगों पर अत्याचार करने लगे? जेल फिर से मेरा इंतजार कर रही है, जहां मेरे खिलाफ सबसे ज्यादा अत्याचार होते हैं। ऐसे अत्याचार तो हिटलर ने भी यहूदियों के खिलाफ नहीं किए थे। सपा नेता ने कहा कि वह एक भी मामले में खुद को बेगुनाह साबित नहीं कर पाए। कभी अपने करीबी माने जाने वाले और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने वाले नेताओं पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी को अमीर लोग छोड़ कर चले गए और बस वफादार लोग ही पार्टी में रह गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गोहत्या के 50 मामले वाले लोग भाजपा का मंच साझा कर रहे हैं। आजम ने कहा, मुझे लगभग हर दिन अदालत में पेश होना पड़ता है और जो आरोप लगाए है उसमें हर धारा में उम्रकैद की सजा है। ऐसी सजा के लिए कई जीवन चाहिए। मेरा बेटा वकीलों से सलाह ले रहा है कि इन सजाओं से कैसे बचा जाए। हम अपनी बेगुनाही साबित नहीं कर सके।

Piramal
Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रो) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रो) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 03900002060 रायपुर शाखा) रवि शंकर तिवारी (कर्जदार) प्रवीण तिवारी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 5,69,364/– (रूपए पांच लाख उनहत्तर हजार तीन सौ चौंसठ मात्र) एनपीए (01–07–2022) | प्लॉट नंबर 79, केएच नंबर 116 पार्ट पीएच नंबर 08, साई सिटी, ग्राम संकरा, आरएएम भिलाई, तहसील पाटन, दुर्ग, रायपुर, छत्तीसगढ़ :– 492001 |
| (एलसी नंबर : 03900003670 रायपुर शाखा) भगवती शर्मा (कर्जदार) वीरेन्द्र कुमार शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 2,66,638/– (रूपए दो लाख छियासठ हजार छह सौ अड़तीस मात्र) एनपीए (09–08–2022) | पीएच नंबर 23, यदुनंदन नगर आवासीय योजना मकान नंबर डी–169, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :– 495001 |
| (एलसी नंबर : 03900000523 रायपुर शाखा) हीरा बाई कोशमा (कर्जदार) लोचन सिंह कोशमा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 2,36,634/– (रूपए दो लाख छत्तीस हजार छह सौ चौंतीस मात्र) एनपीए (01–09–2022) | केएच नंबर 651/3 (पार्ट), पीएच नंबर 15, ग्राम – पेरसूली, आरएनएम – खेरथा डोंडीलोहारा दुर्ग, छत्तीसगढ़ :– 491771 |
| (एलसी नंबर : 03900000346 रायपुर शाखा) बिश्नु कुमार केवट (कर्जदार) | 04–11–2022/रू. 1,14,958/– (रूपए एक लाख चौदह हजार नौ सौ अट्ठावन मात्र) एनपीए (31–07–2021) | केएच नंबर 1096 (पार्ट), पीएच नंबर 04, ग्राम – रासमारा दुर्ग दुर्ग, छत्तीसगढ़ :– 491001 |
| (एलसी नंबर : 03900000715 रायपुर शाखा) बिसिकेशन साहू (कर्जदार) बसंत कुमार साहू (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 1,08,842/– (रूपए एक लाख आठ हजार आठ सौ बयालीस मात्र) एनपीए (30–06–2021) | केएच नंबर 455/1 (पी), पीएच नंबर 35, ग्राम – कुटेला सरायपाली महासमुंद महासमुंद, छत्तीसगढ़ :– 493558 |
| (एलसी नंबर : 03900003038 रायपुर शाखा) जीवन कुमार जांगड़े (कर्जदार) शांता जांगड़े (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 14,74,719/– (रूपए चौदह लाख चौहत्तर हजार सात सौ उन्नीस मात्र) एनपीए (01–08–2022) | केएच नंबर –86/55, पीएच नंबर 26/43, ग्राम –आमेरी तहसील तखतपुर बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :– 495001 |
| (एलसी नंबर : 03900003302 रायपुर शाखा) शकील अहमद खान (कर्जदार) मोहम्मद अहमद खान (सह–कर्जदार 1) अकीला बानो (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022/रू. 3,63,300/– (रूपए तीन लाख तिरेसठ हजार तीन सौ मात्र) एनपीए (09–09–2022) | प्लॉट नंबर 225, ट्रांसपोर्ट नगर, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :– 495001 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

तिथि : 30–11–2022
स्थान : छत्तीसगढ़

# शिक्षकों के आंदोलन को लेकर ओडिशा विधानसभा में हंगामा, सदन स्थगित

वार्ता । भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com

ओडिशा विधानसभा का प्रश्नकाल मंगलवार को शिक्षकों की हड़ताल को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के कड़े विरोध व हंगामे के कारण लगातार दूसरे दिन भी स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही को साढ़े 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही आज प्रश्नकाल के लिए जैसी ही शुरु हुयी विपक्षी कांग्रेस और भाजपा सदस्य सदन के बीचो बीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। मंगलवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर चुकी शिक्षकों की हड़ताल पर अध्यक्ष बी के अरुख के फैसले पर सरकार की प्रतिक्रिया जानने के लिए कांग्रेस के सदस्य अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गये और पार्टी विधायक तारापसाद बाहिनीपति एक कुर्सी पर खड़े हो गए। अध्यक्ष को सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान सदन की कार्यवाही को दो बार स्थगित करना पड़ा क्योंकि विपक्षी कांग्रेस और भाजपा सदस्यों ने सदन की कार्यवाही ठप कर दी।

Bandhan Bank

रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन: +91-79-26421671-75

ऋणीओं के लिए मांग सूचना

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा सिक्युरिटाइज़ेशन एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन ओफ फायनान्सियल एसेट्स एन्ड एन्फोर्समेन्ट ओफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट (ध एक्ट), 2002 की धारा 13(2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी की गई थी, जो वापिस आई है। इस लिए आप सभी को और सार्वजनिक जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम, और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री मोहम्मद महफ़ूज (मोहम्मद शाह के सह-आवेदक और कानूनी वारिस) श्रीमती रिजवाना खातून 851/3308, 851/3790 | सभी चल और अचल संपत्ति, खसरा नंबर 245/50, रकबा 750 वर्ग फीट, वेक मौजा मठपुरेना, पी.एच.एन. 105/61, आरएनएम रायपुर-1, वार्ड नंबर 52, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, गोकुल नगर, मठपुरेना तहसील एवं जिला रायपुर स्थित है और जो आवरित है: उत्तर : अलका झा की भूमि, पूर्व : साहू जी का मकान, पश्चिम : रोड, दक्षिण : असलम खान का मकान | 17.11.2022/ 05.12.2021 | रु.17,15,262.95 | 24.11.2022 |

आप से इस सूचना के माध्यम से यह मांग की जाती है की इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने दर्शित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च, शुल्क सहित का भुगतान कर दें, अन्यथा SARFEASI एक्ट की धारा 13(4) के तहत आगली कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

स्थानः रायपुर
तारीखः 30/11/2022

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

# उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी का धुआंधार प्रचार जारी

- भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी और ओबीसी वोट को साधने की कोशिश

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com







भानुप्रतापपुर उप चुनाव में इन दिनों प्रचार अभियान जोर शोर से चल रहा है, दिवंगत विधायक मनोज मंडावी की धर्मपत्नी सावित्री मंडावी शिक्षिका पद से इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में उतरी है। सावित्री मंडावी का खाना है, कि वे अपने पति के अधूरे सपने को पूरा करने चुनाव लड़ रही है, सावित्री मंडावी कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ गांव गांव का दौरा कर रही है, और लोगो को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। श्रीमती मंडावी का यह भी कहना है कि उनके पति मनोज मंडावी ने क्षेत्र के गांव गांव में काफी विकास कार्य किया है। क्षेत्र का और बेहतर विकास हो इसके लिए उन्होंने सपने देखे थे। लेकिन अचानक उनका निधन हो गया। सावित्री मंडावी का कहना है कि चुनाव जीतकर अधूरे कार्यों को पूरा करेंगी। कांग्रेस पार्टी उप चुनाव में जीत हासिल करने एड़ी चोटी लगा दी है। खासकर आदिवासी व अन्य पिछड़ा वर्ग के वोट को साधने लगातार प्रयास किया जा रहा है। चुनाव प्रचार में राज्य सरकार के आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री अनिला भेड़िया, रविंद्र चौबे, अमरजीत भगत, के अलावा बस्तर सांसद दीपक बैज, संजरी बालोद विद्यायक संगीता सिन्हा, विधायक शकुंतला सिन्हा, कुंवर सिंह निषाद, अनूप नाग, शिशुपाल शोरी, संतराम नेताम, लखेश्वर बघेल, राजमन बेंजाम, देहूती कर्मा, विक्रम मंडावी प्रचार में जुटे है।

# कला उत्सव में 14 प्रतिभागियों ने कांकेर जिले से सहभागिता दी

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com




स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ,शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा कला उत्सव ऑफलाइन फेस टू फेस का आयोजन 23 नवंबर से 26 नवंबर तक मायाराम सुरजन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौबे कॉलोनी रायपुर में हुआ। कला उत्सव 2022 - 23 पारंपरिक लोक कलाओं और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केंद्रित 10 विधाओं में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए संपन्न हुआ , जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों ने प्रस्तुति दी । भुवन जैन जिला शिक्षा अधिकारी, आरपी मिरे जिला मिशन समन्वयक के दिशा निर्देशन एवं कला उत्सव जिला नोडल अधिकारी और टीम प्रभारी पुष्पांजलि ठाकुर के मार्गदर्शन में कांकेर जिले से 14 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कुमारी प्रियांशी ध्रुव कक्षा दसवीं ने शास्त्रीय गायन कुमारी दीपिका चालकी कक्षा ग्यारहवीं और आदित्य राजनायर कक्षा दसवीं ने पारंपरिक लोक गायन ताम्रध्वज साहू कक्षा ग्यारहवीं ने तबला वादन, अंगद नेताम कक्षा ग्यारहवीं में बैंजो वादन, कुमारी यास्मीन रावटे कक्षा ग्यारहवीं ने शास्त्री नित्य, कुमारी चांदनी नेताम कक्षा 9वी और रवि नेताम कक्षा ग्यारहवीं ने लोकनृत्य, कुमारी संजना राणा कक्षा 12वीं और साहिल कुमार कक्षा ग्यारहवीं ने चित्रकला, तरुण सिन्हा कक्षा दसवीं मूर्ति कला, कुमारी सोनम पटेल कक्षा बारहवीं और डेविड कुलदीप कक्षा ग्यारहवीं स्थानी खेल खिलौने, कुमारी जागृति कक्षा दसवीं ने एकल अभिनय में अपनी सहभागिता दी। सभी प्रतिभागियों को कांकेर जिला कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला, सी.ई.ओ.जिला पंचायत सुमित अग्रवाल, सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े, एपीसी एमन जैन, विनोद राजपूत, दिनेश देवांगन, शिक्षकगण मीरा आची चौहान , केएल कटेनद, सुमन ठाकुर, गिरधारी टेकाम, कुसुम जैन, भूषण जैन कावेरी अवस्थी, वीणा सिन्हा, दिलीप कुमार मिश्रा, भारती दुगगा, खेमानंद साहू, मनीषा साहू, योगेश्वरी जैन ने शुभकामनाएं दी।

# भानुप्रतापपुर उप चुनाव में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने झोंकी ताकत

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार ज़ोरों पर है इसी कड़ी में एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय लगातार डोर- टू-डोर कैंपेन कर रहें हैं। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में प्रचार के दौरान छात्रों एवं युवाओं को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जन जन तक पहुँचा रहे हैं और कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी के लिए वोट की अपील कर रहे हैं। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी चमन साहू ने कहा कि एनएसयूआई कार्यकर्ता लगातार कालेजों से लेकर बूथ स्तर तक चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। भानुप्रतापपुर में एनएसयूआई कार्यकर्ता कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करवाने के लिये सक्रिय हो चुका है। सरकार के 4 साल के काम ही हमारी जीत का आधार बनेगी। एनएसयूआई का पूरा फ़ोकस पहले बार वोट करने वाले युवाओ पर है ताकि ऐसे वोटर सीधे भूपेश बघेल की सरकार की कामों को लेकर वोट करे प्रदेश अध्यक्ष के साथ पूरे बस्तर के एनएसयूआई सभी प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्याश भी उपचुनाव की बागडोर संभाले हुए है।

## व्यय पंजी निरीक्षण नहीं कराये जाने पर अकबर राम कोर्राम को कारण बताओ नोटिस जारी

**कांकेर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन में अभ्यर्थियों के व्यय पंजी का द्वितीय निरीक्षण नहीं कराये जाने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी अकबर राम कोर्राम को रिटर्निंग ऑफिसर सुमीत अग्रवाल द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि व्यय पंजी का द्वितीय निरीक्षण के लिए 28 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जिला व्यय सेल में उपस्थित होने हेतु पत्र जारी किया गया, साथ ही उक्त सूचना दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी दी गई थी, किन्तु आपके द्वारा उक्त तिथि में समय पर व्यय पंजी निरीक्षण का कार्य नहीं कराया गया। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इस संबंध में 24 घण्टे के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करें, साथ ही व्यय पंजी निरीक्षण से संबंधित समस्त दस्तावेजों सहित आप या आपके अभिकर्ता जिला निर्वाचन कार्यालय कांकेर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# अकबर कोर्राम बताये राज्य सरकार को आरक्षण देने का अधिकार नहीं है तो आरक्षण देने का अधिकार किसे है : शिशुपाल शोरी

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि तथाकथित सर्व आदिवासी समाज के नाम पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भानुप्रतापपुर विधानसभा उप निर्वाचन में चुनाव लड़ रहे श्री अकबर राम कोर्राम द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है कि राज्य सरकार को आरक्षण देने का अधिकार नहीं है? विधानसभा का विशेष सत्र चुनावी हथकंडा है? यदि वह ऐसा मानते है कि तो यह बताये कि आरक्षण देने का अधिकार किसे है? वह यह भी कहते है कि वे शासकीय अधिकारी थे और उन्हें कानून का ज्ञान है, मैं श्री कोर्राम को चुनौती देता हूं कि राज्य में आरक्षण व्यवस्था की सम्पूर्ण जवाबदारी राज्य सरकार से इतर कोई अन्य व्यवस्था हो तो वे बताये? भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 (4) एवं 16 (4-ख) के तहत क्रमशः भर्ती एवं पदोन्नति में आरक्षण का अधिकार राज्य सरकार को प्रदान की गई है संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत किन-किन जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जायेगा इसका अधिकार संसद एवं राष्ट्रपति को है। कोर्राम यह भी बताये कि क्या भाजपा सरकार के द्वारा वर्ष 2011 में अधिनियमित आरक्षण अधिनियम एवं 2012 में नोटिफिकेशन के माध्यम से अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को 58 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया था क्या वह उसे भी राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार से बाहर होने के कारण के अनुचित मानते है। श्री कोर्राम एकतरफ तो आरक्षण व्यवस्था पर राज्य सरकार का अधिकार नहीं मानते एवं दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार को कोसते है कि भाजपा सरकार द्वारा लगाये गये 58 प्रतिशत आरक्षण विधेयक एवं अधिसूचना का बचाव ठीक से नहीं किया गया इस तरह की दोमुही बाते सिर्फ और सिर्फ आदिवासी समाज को गुमराह एवं भ्रामक बाते करने के लिए श्री कोर्राम के द्वारा किया जा रहा है।

# 2 दिसंबर को आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की भॉंति इस वर्ष भी छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से युवा महोत्सव का आयोजन जा रहा है। जिसका नोडल अधिकारी, प्रभारी खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला नारायणपुर को नियुक्त किया गया। इसी तारतम्य में विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव 16 नवम्बर को समन्न हुआ। जिला स्तरीय युवा महोत्सव 02 दिसंबर, 2022 को प्रातः 10.00 बजे से इंडोर स्टेडियम, माहका नारायणपुर, में आयोजित किया जोवगा। जिसमें खो-खो एवं कबड्डी की प्रतियोगिता क्रीड़ा परिसर मैदान एवं अन्य समस्त गतिविधियॉं इंडोर स्टेडियम माहका नारायणपुर में आयोजित की जायेगी। प्रभारी खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा महोत्सव दो आयु वर्गो 15 से 40 वर्ष एवं 40 से अधिक आयुवर्ग में कुल 38 विभिन्न विधाओं में आयोजित होगी। जैस- लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिन्दी/अंग्रेजी भाषा), शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी शैली), शास्त्रीय गायन (कर्नाटक शैली), सितारवादन (शास्त्रीय वादन), तबला वादन (शास्त्रीय वादन), वीणावादन (शास्त्रीय वादन), मृदंगम वादन (शास्त्रीय, हारमोनियम वादन (सुगम वादन), गिटार वादन (भारतीय या पाश्चात्य संगीत), मणिपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओडीसी (शास्त्रीय नृत्य), भरतनाट्यम (शास्त्रीय नृत्य), कत्थक (शास्त्रीय नृत्य), कुचीपुडी (शास्त्रीय नृत्य), वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण) इसके साथ ही सुआ, पंथी, करमा नाचा, सरहुल नाचा, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउत नाचा, फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़, रॉक बैण्ड (सीधे राज्य स्तर पर), पारम्परिक वेशभूषा (विविध वेषभूषा), प्रतियोगिता फूड फेस्टिवल-छत्तीसगढ़ी व्यजानों के आधार पर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता-छ.ग. के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर, वाद-विवाद (तात्कालिक एवं समसामयिक विषयक), क्विज, निबंध, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा की गई घोषणानुसार राज्य के लोक साहित्य को भी शामिल किया जाना है। छ.ग. राज्य विविध संस्कृति एवं विविध बोलियों वाला प्रदेश हैं, अतः जिला स्तर पर स्थानीय लोक कला (जैसे पेंटिंग, हैण्डीक्राफ्ट, भित्तीचित्र एवं अन्य), लोक भाषा का साहित्य जैसे गोंड़ी, हल्बी, कुडूक आदि एवं अन्य सभी लोक भाषा के जो भी लोक कलाकार प्रस्तुति देना चाहें, यदि वे छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हों, उन सभी को जिला स्तर पर शामिल किया जाएगा। प्रत्येक विधा में निर्धारित संख्या में के आधार पर प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को ही जिला स्तर में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जावेगा। जिस विधा में विकासखण्ड स्तर पर कोई प्रतिभागी भाग नहीं लिये थे उसमें भाग लेने की अनुमति होगी।

# नेशनल बॉल बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दिन एनएमडीसी की टीम रहीं विजयी

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



लौह नगरी किरन्दुल में राष्ट्रीय स्तर पर बॉल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के 06 राज्यों के 11 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमे दिल्ली, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड व एनएमडीसी किरंदुल की 6 पुरुष टीमें व 5 गर्ल्स टीम शामिल है। टूर्नामेंट के दूसरे दिन आज मंगलवार को पुरुष वर्ग में पहला मुकाबला एनएमडीसी एवं मध्यप्रदेश के बीच खेला गया जिसमें एनएमडीसी की टीम विजयी रहीं। दूसरा मैच छत्तीसगढ़ बनाम झारखंड के बीच खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ विजयी रहीं। वहीं महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ विरुद्ध झारखंड के बीच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ विजयी रहा तथा दूसरा मध्यप्रदेश बनाम दिल्ली के मध्य खेला गया। जिसमें मध्यप्रदेश विजयी रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसकेएमएस अध्यक्ष के साजी, देवरायलु, पी किरण, नरसिम्हा रेड्डी, रविश तिवारी एवम दर्शकगण मौजूद थे।

## कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य सहित जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। धान विक्रय करने के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस बात का ध्यान रखा जाये। इसके साथ ही किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए टोकन तुंहर हाथ एप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। साथ ही धान खरीदी केद्रों में पेयजल, छाया, विद्युत, कम्प्यूटर, मास्चर मशीन आदि की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में निर्माणाधीन चबूतरों की स्थिति कीभी जानकारी ली और इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, डीएफओ संदीप बलगा, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप वैद्य, सुमित गर्ग, उप संचालक कृषि बीएस बघेल, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन अजय चौधरी के अलावा अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर करेंगे मलेरिया की जांच, सघन अभियान 1 दिसम्बर से

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आगामी माह से शुरू होने वाले मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की तैयारियों की जानकारी ली और अधिकारियों से दल गठन, ग्रामों की संख्या, जनसंख्या, स्कूल, आश्रम, आंगनबाड़ी आदि मे दर्ज संख्या आदि की जानकारी ली । उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी अधिकारी समन्वय के साथ काम करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, डीएफओ संदीप बलगा, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप वैद्य, सुमित गर्ग, उप संचालक कृषि बीएस बघेल, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन अजय चौधरी के अलावा अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सातवें चरण को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सातवें चरण की शुरूआत 1 दिसम्बर से होगी। जिले में एक माह तक यह अभियान संचालित किया जाएगा। मलेरिया के मामलों को निम्नतम स्तर तक ले जाकर पूर्ण मलेरिया मुक्त जिले के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है। 1 दिसम्बर से शुरू हो रहे सातवें चरण में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर सभी लोगों में मलेरिया की जांच करेगी। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए लोगों को तत्काल मलेरिया की दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत मलेरिया की जांच और इलाज के साथ ही इससे बचाव के लिए जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियां भी चलाई जाएंगी।

## कौशल प्रशिक्षण के लिए काउंसलिंग 1-2 को

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, प्लम्बर, एवं सोलर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस हेतु एक एवं 2 दिसम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज, एजुकेशन हब, गरांजी में काउंसलिंग आयोजित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने दस्तावेजों (दो फोटोग्राफ, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, योग्यता प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी) के साथ 10 बजे उपस्थित होवें। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन कर चुके है, वह भी उपस्थित हो, ताकि पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी दी जा सकें। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत प्रशिक्षण संचालित किया जावेगा, प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा आयोजित की जावेगी तथा रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा जावेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु दस्तावेजों के साथ लाईवलीहुड कॉलेज, एजुकेशन हब, गरांजी, (शासकीय पॉलीटेक्निक नारायणपुर के बाजू में) नारायणपुर में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

# सीआरपीएफ ने किया सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



अरविन्द राय, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन) सुकमा रेंज के मार्ग-दर्शन मे एवं सारंग, कमाण्डेन्ट-150 बटा0, एस0 एस0 हॉकिप, द्वितीय कमान अधिकारी (परि0) तथा किरण गंगाराम चहान, आईपीएस, एएसपी सुकमा के दिशा-निर्देशो से अति - नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित ग्राम-पिड़मेल, रामाराम, करीगुड़म, चिंतागुफा तथा दुब्बाटोटा में स्थापित 150 बटा0 के. रि. पु. बल के कैम्पो द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें विकास कुमार राय, उप कमाण्डेंट तथा आर0पी शर्मा, उप कमाण्डेंट - 150 बटा0 के. रि. पु. बल, विवेकानंद प्रसाद (सहा0कमा0), चंद्रप्रकाश तिवारी (सहा0कमा0 ), मुकेश कुमार सिंह (सहा0कमा0), कृष्ण कुमार (सहा0कमा0 ), राकेश कुश शर्मा(सहा0कमा0), डा0 अदित्य रंजन प्रसाद (चिकित्सा अधिकारी) - 150 बटा0, जिला पुलिस सुकमा छतिसगढ़ एवं ग्राम पंचायत सचिव, मुखिया, संरपच की उपस्थिति मे करीब 200 से 300 प्रत्येक गाँव से ग्रामीणों, महिलाओं व बच्चों ने स्थापित 150 बटा0 के.रि. पु. बल के कैम्प द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । जिसमें ग्रामीणों को कम्बल, भोजन बनाने के बरतन तथा ग्राम - पिड़मेंल मे सारंग, कमांण्डेन्ट-150 बटा0, तथा किरण चावन, आईपीएस, एएसपी सुकमा के द्वारा बच्चो के लिए लेखन तथा खेल से संबधित सामग्री को दिया गया जिससे बच्चो तथा ग्रामवासी मे खुशी की लहर है, तथा डा0 अदित्य रंजन प्रसाद (चिकित्सा अधिकारी) - 150 बटा0 के द्वारा गाँव मे बिमार बच्चे, बुढ़े, महिला को समुचित तरीके से ईलाज कर जरूरत की दवाइयाँ का वितरण किया गया। उक्त आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम के दौरान ग्राम वासियों को दोपहर का भोजन खिलाया गया उक्त आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम के दौरान ग्राम वासियों को सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं जैसे स्वास्थ्य, शारीरिक पोषण व शिक्षा के बारे में विधिवत जानकारी दी गई तथा 150 बटा0 की चिकित्सा टीम ने उपस्थित ग्रामिणों को स्वास्थ्य संबंन्धी जानकारी देते हुऐ आवश्यक दवाईयों का वितरण किया तथा महिलाओं को महिला सशक्तीकरण एवं बच्चों को पढ़ाई करने हेतु जागरूक भी किया। तत्पश्चात आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम में आये हुए सभी ग्रामीणों, महिलाओं व बच्चों को भोजन करवाकर सिविक एक्शन प्रोग्राम का विधिवत समापन किया गया। उक्त 150 बटा0 के0रि0पु0बल के द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम से प्राप्त लाभ से सभी ग्राम वासियों में खुशी की लहर है।

# भांसी के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवम छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार, अध्यक्ष जाहिद कुरैशी, सचिव एसके सोनी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन में अविनाश कुमार दुबे, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति बचेली के आदेशानुसार आज मंगलवार को ग्राम भांसी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांसी की प्राचार्या निर्मला तुरखेडे एवम थाना भांसी टीआई जय सिंग खुटे द्वारा डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।विधि/संविधान दिवस चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांसी की प्राचार्या निर्मला द्वारा विधि/ संविधान की उद्देशिका स्कूल के छात्र छात्राओं को पढ़कर सुनाई गई व नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों संबंधी पर्चे बाटे जाकर उन्हें संविधान की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिकाओं में धनशुला तामो, जयश्री साहू, शीलल जोसेफ, अमिता पटेल, निशा ठाकुर, लक्ष्मी नेताम, नीतू, वाय पी चौहान, कुलेश्वर साहू एवम स्कूल के अन्य स्टॉप उपस्थित रहे।

# नगरीय प्रशासन मंत्री ने 5 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन एवं शिलान्यास

## बलौदाबाजार नगर को मिली बड़ी सौगात, नगर के लिए 2 करोड़ 74 लाख रुपये के विभिन्न कार्यों को मिली अतिरिक्त स्वीकृत





पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा आयोजित भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में पहुँचे नगरीय प्रशासन तथा विकास एवं श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने नगरवासियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने 5 करोड़ के कुल 68 विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किए। साथ ही उन्होंने नगर वासियों की मांग पर नगर के लिए 2 करोड़ 74 लाख रुपये के विभिन्न कार्यो स्वीकृत दी है। जिसमें 1 करोड़ 24 लाख रुपये जल आवर्धन कार्य,1करो? 24 लाख रुपये डोर टू डोर सफाई समाग्री,जेसीबी हेतु एवं 10-10 लाख रूपए सिख समाज,सेन समाज एवं देवांगन समाज के लिए सामुदायिक भवन के लिए प्रदान किया है। कार्यक्रम को संबोधित करतें हुए मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने कहा मुख्यमंत्री माननीय भुपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता एवं डोर टू डोर क्लेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी का ही परिणाम है कि हमारा राज्य पूरे देश मे लगातार तीन सालों से स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल है। साथ ही उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एवं श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर से हितग्राहियों को हो रहे फायदे को गिनाएं।

इस दौरान बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा, कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम शैलेश नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पार्षद रूपेश ठाकुर सहित समस्त पार्षद, एल्डरमैन साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिक, मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

आज हुए भूमिपूजन में वार्ड क्र. 2 एवं 4 में कलेक्ट्रेड रोड से नया बस स्टैण्ड के पीछे उद्यान तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य हेतु 106.48 लाख रुपये,नगर भवन में जीर्णोद्धार कार्य हेतु 92.19 लाख रूपये,वार्ड क्र.10 मटन मार्केट में स्लॉटर हाऊस सी. सी. रोड एवं बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए 29.80 लाख रुपये,वार्ड क्र. 17, 18 एवं 19 आंगनबाड़ी केन्द्र से 04. मणीकंचन केन्द्र होते हुए वाशिंग सेंटर तक 525 मीटर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य के लिए 24 लाख रुपये एवं अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न 64 निर्माण कार्य हेतु 247.53 लाख रुपये शामिल है। इस तरह कुल 68 कार्य के लिए 499.91 लाख रुपये का भूमिपूजन किया गया है। इस दौरान नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन सहित नगरीय निकाय विभाग के समस्त कर्मचारी-अधिकारी गण उपस्थित थे।

## ग्राम गिरहोला रामपारा में हाथियों का दल आ धमका, गांव में चारों तरफ दहशत का माहौल



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड से महज आठ किलोमीटर दूर ग्राम गिरहोला रामपारा में मंगलवार सुबह से हाथियों का दल अचानक गांव में धमक गया। देखते ही देखते गांव में चारों तरफ दहशत का माहौल छा गया।

इन हाथियों के दल में छोटे-बड़े मिलाकर हाथियों का समूह गांव का करीब घंटेभर चारों ओर चक्कर लगाने के बाद अच्छे लोड़ा नदी के किनारे अपना डेरा डाले हुए हैं। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच चुका है।

## एसडीएम ने अधिवक्ता के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने व धमकी देने के मामले में दर्ज कराई एफआईआर

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) हेमंत नंदनवार ने एक अधिवक्ता के खिलाफशासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने व धमकी देने के मामले में सरायपाली थाने में शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया है की 28 नवम्बर को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली में प्रकरण की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रनदीप सिंह सलूजा के द्वारा न्यायालयीन कार्य में व्यवधान उत्पन्न करते हुए पीठासीन अधिकारी से ऊंची आवाज में चिल्लाते हुए प्रकरण में आप ऐसा नही कर सकते, आपको अधिकार नहीं है कहा गया। एसडीएम ने अधिवक्ता को बताया कि जो न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में है वैसा ही लिख रहा हूं परंतु अधिवक्ता द्वारा विरोध किया गया। एसडीएम के समझाइस देने के बाद भी अधिवक्ता द्वारा आप सरकारी सेवक हैं, हमारा सुनना पड़ेगा, आपको हमसे हद में रहकर बात करना पड़ेगा, अधिकारी हैं तो क्या हुआ आप जैसे बहुत सारे देखे हैं कहकर एसडीएम के साथ दुर्व्यवहार करते हुए दोषारोपण कर धमकी दी गई और बार-बार न्यायालयीन कार्यो को बाधित किया गया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता रनदीप सिंह सलूजा के खिलाफ भादवि की धारा 186, 506 के तहत अपराध कायम किया है।

## जिला स्तर युवा महोत्सव का आयोजन आज से

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिला स्तर छत्तीसगढ़ युवा उत्सव 2022-23 का आयोजन नगर भवन बलौदाबाजार में 30 नवम्बर 2022 को की गई है। जिसमें पांच विकासखंड की टीमें भाग लेंगी। राज्य के प्रत्येक जिले से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। खेल में भाग लेने के लिए 15 से 40 वर्ष तक एवम् 40 वर्ष से अधिक आयु निर्धारित की गई है। युवा वर्ग में आयोजित की जाने वाली विधायें लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिंदी भाषा, छत्तीसगढ़ी भाषा), शास्त्रीय गायन (हिंदुस्तानी, कर्नाटक शैली), सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम (शास्त्रीय वादन) गिटार (भारतीय, पाश्चात्य शैली), मणिपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओड़िशी शास्त्रीय नृत्य), भरतनाट्यम (शास्त्रीय नृत्य) कत्थक, (शास्त्रीय नृत्य), कुचीपुड़ी ,शास्त्रीय नृत्य) तात्कालिक भाषण शामिल है।

## कलेक्टर ने किया छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण

## सोलर हाई मास्क से जगमग होगा छात्रावास लायब्रेरी एवं कम्प्यूटर लैब की सुविधा जल्द ही

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com







कलेक्टर रजत बंसल जिला मुख्यालय स्थित शासकीय पोस्ट एवं प्री मैट्रीक कन्या छात्रावास, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें किचन रूम सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया। साथ ही उपस्थित छात्रों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी एवं उनसे पढ़ाई और खेलकूद संबंधी विषयों पर बातचीत कर जायजा लेते हुए उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी हासिल की। छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लायब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष की सुविधा की मांग की। जिसे कलेक्टर बंसल ने पूरा करने का वादा किया। इस दौरान उन्होनें पूरे कैम्पस को सोलर हाई मास्क से रोशन करने एवं छात्राओं के लिए लायब्रेरी एवं कम्प्युटर लैब की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। छात्राओं के आग्रह पर खेल मैदान को मनरेगा के माध्यम से सुव्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। कम्प्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी के संयुक्त निर्माण के लिए छात्रावास की छत पर उपलब्ध खाली जगह का निरीक्षण कर उक्त सम्बंधित अधिकारी को निर्माण कार्य प्रारंभ करनें एवं समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करनें का निर्देश दिए है। साथ ही अंत में महीने भर बाद फिर से पुनः निरीक्षण करने का आश्वासन दिए है। निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम आईएएस रोमा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर रामरतन दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. ध्रुव, सहायक आयुक्त पी.सी.लहरे भी उपस्थित थे।

## जिला चिकित्सा अधिकारी व सरपंच ने मितानिनों स्कूली बच्चों को बताया रक्तदान का महत्व

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



रानीपरतेवा में रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को उपस्वास्थ्य केंद्र में रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. केसी उराव मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ विपिन बिहारी अग्रवाल पैथोलॉजिस्ट जिला चिकित्सालय जिला गरियाबंद, डॉ कीर्तन साहू बीएमओ खंड चिकित्सा अधिकारी, केशरी नेताम सरपंच, मनोज पटेल समाजसेवी ग्रामीण चिकित्सा सहायक महावीर प्रसाद बरगाह, डां. भावेश पटेल चिकित्सा अधिकारी खंडमा, उपस्थित थे। जिसमें ग्रामीण अंचलों से पहुंचे युवाओं के द्वारा रक्तदान किया गया साथ ही साथ स्कूली बच्चों का ब्लड ग्रुप चेक किया गया रक्तदान शिविर में मितानिन बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस दौरान मितानिनों का सम्मान शाल एवं श्रीफल के द्वारा किया गया। इस बीच डां.के.सी.उराव मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला गरियाबंद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है रक्तदान कर जरूरत मंदों रक्त प्राप्त हो सके इसके लिए प्रत्येक व्याकितयों को रक्तदान करना चाहिए है जो रक्तदान को प्रत्येक चार माह बाद करने को प्रेरित भी किया इस अवसर पर ओम शांन्ति रानीपरतेवा श्रावण भाई ने इस आयोजन के लिए समाज सेवी मनोज पटेल को बधाई शुभकामनाएं संदेश दिया इस अवसर पर रक्तदाता के रुप में केशरी नेताम सरपंच, कुंजरानी निषाद, हरीश पटेल, दिनेश साहू, प्रदीप कुमार बढ़ाई, यादराम माडेल, रामप्रसाद साहू ,प्रकाश पटेल, भागीरथी साहू रेखराम ध्रुव, हुलसराम दीवान, चमेश्वर, भीखम निषाद, रक्तदान किया गया रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सरपंच केशरी हेमलाल नेताम,ग्राम रानीपरतेवा एवं समस्त ग्रामवासी व पंच पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। साथ-साथ यूथ रेडक्रास सोसायटी शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय का भी सराहनीय सहयोग रहा इस अवसर पर मुख्य रूप में रेडक्रास संरक्षक सदस्य मनोज पटेल, पुष्पा ध्रुव महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद, हुलसी ध्रुव अध्यक्ष तिंरगा महिला समूह, ईसाई रामध्रुव सचिव राहुल साहू, देवेंद्र साहू, तरुण नेताम, दिनेश साहू हरीश पटेल,लाल रेखराम ध्रुव, कवि साहू, देवनारायण यदु शिक्षक, पुष्पराज साहू, पुनितराम ठाकुर, उपस्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी कर्मचारी के पुरे टीम और मितानिन व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ निकली प्रभु श्रीरामजी की बारात, बाराती बनकर शहरवासी हुए धन्य




पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगर में सोमवार को मार्ग शीर्ष शुक्ल पंचमी तिथि को सनातन काल से चली आ रही परंपरा को मानते हुए सबके आराध्य प्रभु श्रीराम चंद्र जी का माता जानकी के साथ विवाह समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विगत पांच दिवस से नगर के राम भक्तो के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूरी तैयारी में जुटे रहे नगर के सिविल लाईन स्थित श्रीराम मंदिर, शिव मंदिर व हनुमान मंदिर को फूलो से सजाया गया वही दूसरी ओर नगर के पुरानी बस्ती कुम्हारपारा के लोगो ने बड़ी बैठक कर अपने वार्ड में स्थित राधे कृष्ण मंदिर को जनकपुर के रूप में मां जानकी जी का रनिवास बनाया कार्यक्रम के तय अनुसार बारात पूरे धूम धाम से शाम पांच बजे सैकड़ों राम भक्तो के साथ जनक पर के लिए नगर के मुख्य मार्ग होते हुवे जनकपुर पहुंची जहा पूरे जनकपुर वासी बारात स्वागत कर मां जानकी ने श्रीराम जी के गले में जय माला डाल कर विवाह परंपरा का निर्वहन किया साथ ही चौथिया का भी रस्म पूरा कर पूरे विधिविधान से बिदाई की गई जिसकी चर्चा पूरे नगर में हो रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मनोज खरे, परस देवांगन, प्रकाश निर्मल्कर, तरुण यादव, आशीष शर्मा, ऋतिक सिन्हा, संदीप सरकार, भानूप्रकाश सिंह राजपूत, विनय दासवानी ,गेंद लाल सिन्हा, गोपाल सिन्हा, जीवन सिन्हा, आशु कंशारी, मुरली सिन्हा, योगेश्वर निषाद ,दिलीप यादव, योगेंद्र कनोजे, नीरज सिन्हा ,खोवा सिन्हा, रमेश चक्रधारी, लेखन चक्रधारी, संत राम चक्रधारी, चोवा राम, रमेश सिन्हा, छोटू सिन्हा, मिलेशवरी साहु ,वंदना साहू, पूर्णिमा तिवारी, दिलीप राजपूत ,पुष्पक देवांगन, सत्संग मानस परिवार का विशेष सहयोग रहा है।

### कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

## फ्लैगशिप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, गौठानों में शत प्रतिशत हो गोबर की खरीदी: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा के तहत विभागीय कार्यों की कामकाज की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समस्त विभाग के अधिकारियों को कामकाज में सुधार एवं छवि सुधारने के निर्देश दिए है। बैठक में कहा कि जिले की सभी गोठानों में गोबर की खरीदी शत प्रतिशत होनी चाहिए। हमारे जिले के लोगों को भी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना का फायदा जरूर मिलना चाहिए। खासकर किसी भी गरीब का काम ना रुके उस का विशेष ध्यान रखे। कलेक्टर बंसल ने राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनमें और अधिक बेहतर परिणाम के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि सभी जिला अधिकारियों को समय सीमा के भीतर लंबित आवेदनों पर कार्य करने के निर्देश दिए। सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी ऐसे कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेते हुए समय सीमा के भीतर आवेदनों निराकारण करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना एवं फसल परिवर्तन में तेजी एवं गौठानो को अधिक सशक्त करनें के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, पौनी पसारी, श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, सुराजी गांव योजना, गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना,वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि गौठानो को ग्रामीण आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में आवेदकों निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उन्होंने विशेषकर धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की है। बंसल ने कहा की धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई भी समस्या नही होनी चाहिए। इस बात का विशेष ख्याल रखें। नये धान खरीदी केंद्रों में भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। गाँव मे पैरादान को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान अवश्य चलाएं एवं पैरादान के महत्व एवं उपयोगिता को ग्रामीणो को अवश्य समझाए। इसके लिए सभी एसडीएम एवं सीईओ अपने-अपने स्तर में बैठक कर क्रियान्वयन के संबंध में योजना बना लेवें। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख, सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहें।

## एनएसएस बौद्धिक कार्यक्रम में महिलाओं, छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम एवं यातायात नियमों के संबंध में किया जागरूक

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में संचालित राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान ग्राम दलदली में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चौकी प्रभारी गिरोधपुरी सहायक उपनिरीक्षक नवीन शुक्ला, महिला एवं बाल विकास अधिकारी मंजू तिवारी, सखी सेंटर प्रभारी प्रभारी तूलिका परघनिया एवं साइबर क्राइम एक्सपर्ट कुमार जायसवाल द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना के छात्र-छात्राएं, रामधनी की महिला समूह गांव की महिला-पुरुषों बालक-बालिकाओं को अपराध, साइबर क्राइम एवं यातायात नियम के संबंध में निम्नलिखित जानकारी दी गई- छात्र छात्राओं को गुड टच बेड टच के संबंध में दी गई जानकारी, स्कूली छात्र छात्राओं को दिया गया सड़क में सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों की जानकारी तथा किसी भी सूरत में यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने के संबंध में समझाइश, साइबर अपराध से बचने का मूल मंत्र - सतर्कता में ही सुरक्षा,अनजान नंबर से बचें अनजान फोन कॉल व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल को रिसीव ना करें, फर्जी संदेशों हुआ लिंक से बचें इस स्थिति में प्राप्त संदेश स्रोत का सत्यापन अवश्य करें। हर समय उपयोग लालची अथवा मनमोहक लिंक से हमेशा रहे सावधान, साइबर अपराध संबंधी किसी भी प्रकार की स्थिति में तत्काल पुलिस को सचेत करें।

# डायरिया रोकने चरोदा निगम बरत रहा एहतियात, पाइप लाइन संधारण के साथ हो रहा क्लोरीन टेबलेट का वितरण

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा से प्राप्त निर्देशानुसार, नगर निगम भिलाई-चरोदा आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा डायरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं पानी सप्लाई की टेस्टिंग बढ़ाने, स्वास्थ्य-सफाई एवं वाटर सप्लाई विभाग के कर्मचारियों को कड़े दिशा निर्देश जारी किये है। दुर्ग जिले के कुछ क्षेत्रों में डायरिया रोग से संक्रमित पाए गए मरीजों के मद्देनजर एहतियातन यह कार्यवाही की जा रही है। वॉटर सप्लाई विभाग द्वारा सभी ओवरहेड टैंक एवं टेल एंड पर डेली वॉटर टेस्टिंग के निर्देश दिए गए है। वॉटर टेस्टिंग हेतु पम्प ऑपरेटर द्वारा सैम्पल कलेक्ट किए जा रहे हैं। सैम्पल हेतु गलियों को आधार बना कर प्रत्येक गली में घरों में सप्लाई होने वाले पानी में क्लोरीन की मात्रा की टेस्टिंग की जा रही है। साथ ही सफायी सुपरवाइजर एवं जल विभाग के अमले द्वारा लीकेज का सर्वे किया जा रहा है ताकि उन्हें दुरुस्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त जागरूकता हेतु मुनादी कराई जा रही है। मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर सम्भावित बीमार का पता लगाया जा रहा है। सभी मितानिन को एवं ऑपरेटर को टेस्टिंग किट दिए गए है। क्लोरीन टेबलेट वितरण एवं उनके उपयोग हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस सम्पूर्ण अभियान की सफलता के लिए निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर को नोडल बनाया गया है। दैनिक रिपोर्ट नोडल द्वारा निगम आयुक्त को प्रतिदिन शाम को सौंपने निर्देश दिए गए हैं। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों को प्रत्येक वार्ड विशेष कर इंदिरा नगर हथखोज, घासीदास नगर विश्व बैंक कॉलोनी, राजीव पारा भिलाई-3, डबरा पारा भिलाई-3 एवं जी केबिन चरोदा में अलर्ट रहने तथा रोगियों का पता लगाने कहा गया है। इसी क्रम में निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा पाइप लाइन लीकेज के त्वरित सुधार सहित तथा पाइप लाइन को नालियों से दूर करने निर्देशित किया गया है । निगम महापौर निर्मल कोसरे ने जनहित में क्षेत्रवासियों से अपील की है कि पानी में क्लोरीन टैबलेट का उपयोग करें, पानी उबालकर पिएं तथा किसी भी प्रकार की डायरिया का लक्षण दिखाई देने पर अपना एवं अपने परिवार जनो का निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच अवश्य करावे। महापौर द्वारा सभी वार्ड के पार्षदो से इस कार्य में सहयोग करने कहा गया है। यह जानकारी जन संपर्क विभाग से विकास चंद्र त्रिपाठी द्वारा प्रदान किया की गई है ।

# शिकायत मिलने पर होटलों की निरीक्षण करने पहुंचे प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी

■ बिल्डिंग मटेरियल फैलाकर किया सड़क बाधा तो होगी जुर्माना की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



शहर के होटलों की जांच नगर निगम आईएएस प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की कवायद स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है।लोगो द्वारा शिकायत मिलने पर प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी अधिकारियों के साथ पहुचे।उन्होंने शिवनाथ नदी के समीप ठाकुर होटल की जांच की।

उन्होंने होटल संचालक से संपूर्ण कगजात दिखाने को कहा गया। यहां से निकलने वाली पूरी गंदगी, कचरा सड़को में डाला गया था। इसको देख प्रशिक्षु आयुक्त ने होटल संचालक पर नाराजगी जताई।कहा तत्काल दुकान के आस पास गंदगी की सफाई करवाये, सफई नहीं कराने पर जुर्माना की कार्रवाई होगी। इसके अलावा पास के ही होटल वृन्दावन की भी जांच हुई। उन्होंने होटल संचालक से होटलो में काम करने वालो की संख्या की जानकारी मांगी। इस दौरान उपायुक्त मोहिन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी,दुर्गेश गुप्ता, शुभम गोईर सहित आदि मौजद रहे।आयुक्त ने कहा अब नियमित होटलों की जांच होगी।अधिकांश होटलों की गंदगी निकालकर सड़कों में फेंक दी जाती है। यह स्थिति आज के औचक जांच में उजागर हो गई है। होटल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि यदि उनके होटल के आसपास गंदगी मिली तो भारी भरकम जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर निर्माण एवं विध्वंसक मटेरियल सड़कों पर पड़े हुए मिले। उन्होंने कहा कि सड़क बाधा कर बिल्डिंग मटेरियल फैलाने तथा आवागमन अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। आयुक्त ने अपने निरीक्षण में कहा कि शहर में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए कहीं भी गंदगी और कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना वसूली की कार्यवाही त्वरित रूप से करें।

# विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 7 दिसंबर को

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव आयोजन किया जा रहा है। पाटन विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव 07 दिसम्बर 2022 को शा.उ.मा.शाला सेलूद में प्रातः 8:00 बजे से विकासखण्ड पाटन मे होगा। युवा उत्सव में सास्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ खो-खो, कबड्डी एवं कुश्ती खेल शामिल है । युवा उत्सव में के अंतर्गत लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक, शास्त्री गायन हिन्दुस्तानी शैली, शास्त्री गायन कर्नाटक शैली, सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन, मृदंगम वादन, हारमोनियम वादन (सुगम वादन), गिटार वादन, मणीपुरी (शास्त्रीय नृत्य), उड़ीसी, भरतनाट्य, कत्थक, कुचीपुडी, वक्तृत्व कला, आयोजन में 15 से 40 आयु वर्ग एवं 40 से ऊपर दो आयु वर्गो एवं के प्रतिभागी भाग ले सकेगे आयोजन ओपन स्तर का होगा विकासखण्ड स्पर्धा में चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें। उपरोक्त विधाओं के अतिरिक्त 1 सुआ, 2 पंथी, 3 करमा नाचा, 4 सरहुल नाचा, 5 बस्तरिहा लोकनृत्य (जगदुंग बंदवम), 13 6 राउत नाचा, 7 फुगड़ी, 8 भौंरा, 9 गेडी दौड़, 10 रॉक बैंड,11 पारम्परिक वेशभूषा, 12 फूड फेस्टिवल छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के आधार प चित्रकला प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ी के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर, 14 वाद-विवाद, 15 क्विज 16 निबंध, 17 कबड्डी, 18 खो-खो 19 कुश्ती 20 माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणानुसार राज्य के लोक साहित्य को भी शामिल किया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य विविध संस्कृति एवं विविध बोलियों वाला प्रदेश है, अतः जिला स्तर पर स्थानीय लोक कला, लोक भाषा का साहित्य जैसे गोंड़ी, हल्बी, कुड़ुक आदि एवं अन्य सभी लोक भाषा के जो भी लोक कलाकार प्रस्तुति देना चाहें यदि वे छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हों, उन्हें भी जिला स्तर पर शामिल किया जाएगा। विकासखण्ड आयोजन से केवल विजेता प्रतिभागी एवं दलों का चयन जिला स्तर के लिए होगा। विकासखण्ड स्तरीय स्पर्धाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी सीधे प्रतियोगिता स्थल पर पंजीयन करवा कर भाग ले सकते है। पाटन विकासखण्ड का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सेलूद में 07 दिसंबर को सुबह 8:00 बजे से शुरू होगा। इसके लिए पोखण लाल साहू मोबाईल नंबर 9301415506 नोडल अधिकारी होंगे। अन्य विस्तृत जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# जिला स्तरीय ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज 2400 खिलाड़ियों ने खेलगांव पुरई में दिखाया दमखम

**ओलंपिक गांव पुरई में मेले जैसा माहौल, छत्तीसगढ़िया खेलों का दिलचस्प रंग हर जगह दिखा**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

अपने तैराक खिलाड़ियों के लिए पूरे प्रदेश में चर्चित खेल गांव पुरई में जिला स्तरीय ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज हुआ। 2400 खिलाड़ियों ने पुरई के खेल मैदान में 14 प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया और इतिहास रच दिया। जिला स्तरीय ओलंपिक के लिए तैयार किये गये पुरई में खेलों के लिए इतना उत्साह था कि मेले जैसा माहौल वहां बन गया। आज ओलंपिक के पहले दिन यहां बच्चों की प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता की शुरुआत रस्सी खींच से हुई। इससे उत्साह काफी बढ़ गया और देर तक लोग इन खेलों को देखने उमड़ते रहे। तालाब से शुरू कर स्विमिंग पुल के खिलाड़ियों को पीछे करने वालों का सम्मान-कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी रिवेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पुरई में यह खेल आयोजित किया गया है और यह पुरई के खिलाड़ियों का सम्मान भी है। यह उन खिलाड़ियों का सम्मान है जिन्होंने अपने तालाब में प्रैक्टिस की और कई प्रतियोगिताओं में स्विमिंग पुल में नियमित रूप से तैराकी का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को भी पीछे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अभी नेपाल में आयोजित प्रतिस्पर्धा में भी इन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अपनी खेल परंपरा को सहेजने सार्थक कदम- जिला स्तरीय ओलंपिक के आगाज के अवसर पर अपने संबोधन में नगर निगम भिलाई चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार अपनी परंपराओं को सहेज रही हैं। अभी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से खेल परंपराओं को भी सहेजने की कोशिश की गई है। इन खेल के नियमों को भी लोग भूलते जा रहे थे। बरसों बाद लोगों ने इन्हें खेला और पुरानी सुंदर स्मृतियां लौट आईं। महापौर रिसाली शशि सिन्हा भी इस दौरान मौजूद रहीं। उन्होंने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गांवों में मेले जैसा माहौल- कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के पहले चरण में जब ग्रामीण क्षेत्रों में यह खेल हो रहे थे तब इनमें काफी भीड़ जुट रही थी।

# हुडको मार्केट के व्यापारियों ने बैकलाइन में किया था कब्जा, निगम की टीम जेसीबी चलाकर किया बेदखल

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



जोन क्रमांक 05 क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने हुडको क्षेत्र में बैक लाइन पर कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही किये। निगम क्षेत्र में शासकीय भूमि निगम की खाली जमीन पर अतिक्रमण, बिना अनुमति के निर्माण तथा अवैध कब्जा पर कार्रवाई करने निगम आयुक्त रोहित व्यास सख्त निर्देश दिए हैं, ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालों कार्यवाही करने विशेष दस्ते का गठन किया गया है, विशेष दस्ता ऐसे किसी प्रकरण की शिकायत या सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही कर रहे है। जोन 05 के सहायक राजस्व अधिकारी मलखानसिंह सोरी ने बताया कि हुडको बी मार्केट में अतिक्रमण की शिकायत कलेक्टर जनचौपाल में लगाई गई थी, जिस पर कार्रवाई करने तोड़फोड़ की टीम हुडको पहुँची जहां बी मार्केट में शॉप न 14, 18, 19, 20 व 24 के व्यापारियों ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण कर कब्जा कर लिए जिससे कई तरह की परेशानी हो रही थी, अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम तोड़कर ध्वस्त किया गया और दोबारा ऐसा नहीं करने की समझाइश दिए।

# आईटीआई दुर्ग में मनाया गया 'संविधान दिवस'

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग में 26 नवंबर को "संविधान दिवस" धूम-धाम से मनाया गया। भारत - लोकतंत्र की जननी विषय पर प्रशिक्षणार्थीयों द्वारा भाषण, गीत और कविता प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य ब्रजेश जांगडे, प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा प्रारंभ किया गया। ए.ए. मंसूरी, कार्यक्रम प्रभारी द्वारा संविधान के उद्देशिका का पठन पाठन सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी सुखेन कुमार ठाकुर द्वारा संविधान विषय पर गीत प्रस्तुत किया गया। अनिल कुमार टेम्भेकर, प्राचार्य द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के भारत के संविधान निर्माण के समय होने वाली परेशानियों एवं उनका निराकरण के विषय में जानकारी दी गई एवं भारत एक लोकतंत्र की जननी विषय पर गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पुष्पा देवांगन, कमलेश्वरी साहू, तृप्ति वर्मा, जगमोहन सिन्हा, एस. के. श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र सिंह, लुपेश कुर्रे, अशोक डिब्रीवार, क्रांति कुमार क्षत्री, देवी लाल साहू, मनीष तिवारी प्रशिक्षण अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** ग्राम धनोरा, तह. व जिला दुर्ग, निवासी स्व. लच्छीराम साहू एवं ग्राम रिसामा, वार्ड नं. 19, तह. व जिला दुर्ग, निवासी स्व. रमोतिन बाई निर्मलकर की दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन के प्रावधानों के अनुरूप मृतक स्व. लच्छीराम साहू के पुत्र नरसिंह साहू एवं स्व. रमोतिन बाई निर्मलकर के पुत्र गणेशर प्रसाद को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि संयुक्त कलेक्टर दुर्ग द्वारा स्वीकृत की गई है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में 39 आवेदन का हुआ निराकरण निगम आयुक्त ने शिविर स्थल में उचित व्यवस्था के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आज से भिलाई निगम के सभी जोन में जन समस्या निवारण शिविर प्रारंभ हो गया है। जो कि आगामी दिसंबर माह तक आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नियत किया गया है। शिविर के प्रथम दिन सभी जोन के जोन आयुक्त ने अपने अपने क्षेत्र में आयोजित शिविर स्थल पर व्यवस्थाओं एवं प्राप्त हो रहे आवेदन के निराकरण को लेकर शिविर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक योजनाओं के लिये पृथक से पंजी संधारित करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने शिविर में संलग्न सभी कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण योग्य आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये है। आयुक्त के निर्देश के पालन में आज के शिविर में कुल 95 आवेदन नागरिकों से प्राप्त हुए जिसमें से त्वरित निराकरण योग्य 39 आवेदन की समस्या का समाधान किया गया।

**इन विषयों को लेकर कर सकते हैं आवेदन** -जन समस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड, श्रम विभाग पंजीयन मजदूर कार्ड, नया आधार कार्ड एवं सुधार, आयुष्मान कार्ड, नये पट्टा, पेंशन, विद्युत संधारण, भवन नियमितीकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इन स्थानों पर लगेगा शिविर - वार्ड क्र 01 जुनवानी खम्हरिया सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्र14 शांति नगर दशहरा मैदान गणेश मंच, वार्ड क्र 31 मदर टेरेसा नगर स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी, वार्ड क्र 39 चंद्रशेखर आजद नगर, वार्ड क्र 58 सेक्टर 04 सड़क 29 एवं 30 के बीच, वार्ड क्र 03 मॉडल टाउन पंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक भवन, 14 शांति नगर दशहरा मैदान गणेश मंच, वार्ड क्र 31 मदर टेरेसा नगर स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी, वार्ड क्र 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी राधाकृष्ण मंदिर प्रांगन यादव समाज भवन, वार्ड क्र 59 सेक्टर 05 पूर्व सड़क 12 एवं 13 के बीच, दिनांक 01.12.2022 को वार्ड क्र 04 नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड क्र 15 अम्बेडकर नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड क्र 32 बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य विभाग सुन्दर नगर, वार्ड क्र 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी राजीव नगर शिव मंदिर के पास सार्वजनिक भवन, वार्ड क्र 60 सेक्टर 05 पश्चिम सत् विजय आडोटेरियम, वार्ड क्र 05 कोसा नगर सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्र 15 अम्बेडकर नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड क्र 32 बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य विभाग सुन्दर नगर, वार्ड क्र 42 गौतम नगर मदरसा रोड सामुदायिक भवन।

# 17 डायरिया मरीजों की जांच जारी, चिकित्सा विभाग का अमला संक्रमण को लेकर सजग

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



भिलाई शहर के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदापारा और न्यू संतोषी पारा केम्प क्षेत्र के आसपास डायरिया (उल्टी,दस्त) फैल गया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, डॉ. एस.के. मेश्राम, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. एस.के. जामगड़े, जिला नोडल अधिकारी, पद्माकर शिन्दे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमोलॉजिस्ट एवं चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज, जिला दुर्ग के गठित टीम जिसमें मेडिसिन विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ, कम्यूनिटी मेडिसिन विशेषज्ञ एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर यू.पी.एच.सी. बैकुंठधाम में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों एवं समस्त कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। जिला चिकित्सालय दुर्ग से स्टूल सैम्पल संकलित कर भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर जाँच हेतु भेजा गया। संक्रमित क्षेत्र की निगरानी के लिये शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, भिलाई, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, ए.एन.एम. और मितानिनों द्वारा 1840 घरों का सघन सर्वे किया गया। क्षेत्र में उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीजों को 50 ओ.आर.एस., 98 जिंक टेबलेट एवं 6000 क्लोरीन टेबलेट वितरित किया गया एवं स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। संक्रमित क्षेत्र में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की एम्बुलेंस नियमित रूप से भ्रमण करते हुय मरीजों को दवाई एवं उचित स्वास्थ्य शिक्षा देते हुये स्वास्थ्य संस्थाओं तक भेजने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। संक्रमित क्षेत्र में पर्याप्त दवाईयों का भंडारण किया गया एवं गंभीर मरीजों को हायर सेन्टर रिफर करने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी। जिले में 11 शासकीय एवं 06 निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में कुल 17 डायरिया के प्रकरण मिले है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि उल्टी दस्त होने पर बैकुंठधाम को आपातकालीन सेवा कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

# जनचौपाल के दौरान कलेक्टर हुए आम जनता से रू-ब-रू मांग, समस्या एवं शिकायत से संबंधित 31 आवेदन मिले

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज मंगलवार को साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान शहर सहित दूर-दराज के गांव से आए ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना। जनचौपाल में मांग, समस्या एवं शिकायत से संबंधित 31 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधीश ने कहा कि तकनिकी रुप से जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को पृथक से लिखित रुप में सूचना भी दिया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बेमेतरा-सुरुचि सिंह, बेरला-युगल किशोर उर्वशा, साजा-धनराज मरकाम, नवागढ़-प्रवीण तिवारी, नव नियुक्त संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे, सीएमएचओ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। जिला कार्यालय के दृष्टि-सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में जनपद पंचायत साजा निवासी मोहिनी मानिकपुरी ने अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में, ग्राम अधियाखोर निवासी अंजनी साहू द्वारा एफआई.आर. दर्ज करवाने के संबंध में, ग्राम बिलाई निवासी बिसरू राम द्वारा जन चौपाल में पूर्व में लगाए गए आवेदन में कार्यवाही नहीं करने के संबंध में, अतिक्रमण हटाने उचित कार्यवाही बाबत, ग्राम लावातरा निवासी मालती बाई द्वारा सकरी नहर में ली गई भूमि का मुआवजा बाबत, ग्राम पेण्ड्रीकला निवासी भुवन सिंह द्वारा जमीन ऑनलाईन कराने के संबंध में, ग्राम पंचायत चोरभट्ठी के समस्त ग्रामवासियों द्वारा चोरभट्ठी के सरपंच लोकेश्वरी वर्मा के फर्जी हस्ताक्षर किये जाने के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने बाबत, ग्राम पंचायत बावामोहतरा निवासियों द्वारा सरपंच पति व सचिव के मनमानी के संबंध में, ग्राम बेजी निवासी अरूण कुमार द्वारा किसान सम्मान निधि के प्रथम किश्त की राशि नहीं आने के विषय के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

**मौके पर पहुंचे एमआईसी संग आयुक्त**

# निगम के अंतिम छोर की मॉनिटरिंग, ढाई हजार घरों में पानी नहीं

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com




डुण्डेरा के ढाई हजार घरों तक पानी नहीं पहुंचने की शिकायत मिलते ही निगम के जलकार्य प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर व आयुक्त आशीष देवांगन डुण्डेरा पहुंचे। दरअसल यहां सड़क निर्माण के चलते मोरिद फिल्टर प्लांट से बिछाई गई 200 एम एम डाया पाइप लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने टैंकर से की जा रही जल आपूर्ति की समीक्षा भी की।

जलकार्य विभाग प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल की समस्या क्षेत्र के लगभग 2500 घरों में है। सबको पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए, टैंकर का उपयोग करे। जगह चिन्हित कर प्रिन्सस प्वाइंट पर पानी दे। श्री ठाकुर ने कहा कि जितनी जल्दी हो सके पाइप लाइन मरम्मत कार्य आरंभ किया जाए। उन्होंने 24 घंटे मरम्मत कार्य जारी रखने पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने भी कहा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी, लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे, पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, विनय नेताम, प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, उपअभियंता नितिश अमन साहू आदि उपस्थित थे।

## पानी तराई कराने दिए निर्देश

वार्ड 39 पुरैना में 10 लाख की लागत से बन रहे आदिवासी समाज भवन का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद ज्वाइंट अच्छे से भरने के निर्देश दिए। वहीं पानी तराई के लिए अलग से श्रमिक रखने निर्देश दिए। अधिकारियों ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल न करें।

## जिस सड़क को उखाड़ा उसकी देखी गुणवत्ता

महापौर परिषद के सदस्य व पार्षद निगम के अंतिम छोर पर स्थित वार्ड 39 पुरैना पहुंचे। कुछ दिन पूर्व यहां पर आयुक्त ने गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर सड़क उखड़वा दी थी। वर्तमान में निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क फिर से बनाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे, पार्षद ओमप्रकाश मिर्झा व निगम अधिकारियों ने गुणवत्ता परखने के बाद नागरिकों से चर्चा की। आयुक्त ने आने वाले समय में छुटे हुए गलियों का सीमेंटीकरण कराने प्रस्ताव बनाने भी निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग द्वारा उतई से सोमनी तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। डुण्डेरा बस्ती पुल के पास ही सड़क निर्माण एजेंसी की लापरवाही की वजह से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। वर्तमान में टैंकर से जल आपूर्ति की जा रही है। लापरवाही पर निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है।
**-लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग**

## संपादकीय

# चुनाव प्रचार दूसरों को उपदेश

**राजनेता** अपने भाषणों में अच्छी-अच्छी बातें करते हैं, पर सुविधाजनक स्थितियों का चयन करते हैं। यह बात उनके प्रचार अभियानों से स्पष्ट होती है। जब कोई नेताजी मूल्यों, जिम्मेदारियों, आदि के बारे में उपदेश देते हैं या 'करो' अथवा 'न करो' की बातें करते हैं तो उनका अर्थ यही होता है कि विरोधियों को कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन वे वही करना जारी रखते हैं जिसे वे ठीक समझते हैं या



वह उनके लिए व्यावहारिक होता है क्योंकि आखिरकार मुख्य उद्देश्य चुनाव जीतना होता है। दूसरों को उचित व्यवहार करना चाहिए, उनको लोकरंजकता में लिप्त नहीं होना चाहिए या 'रेवड़ी' संस्कृति नहीं प्रोत्साहित करनी चाहिए, उनकी भाषा सभ्य होनी चाहिए तथा उनको अपनी 'लक्ष्मण रेखा' के भीतर रहना चाहिए। लगभग सभी राजनेता इस बात से सहमत हैं कि उनके विरोधियों को इन नियमों का पालन करना चाहिए, लेकिन मैं वहीं करूंगा जो मैं करना चाहता हूं। यह बात एक बार फिर गुजरात व हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से स्पष्ट रूप से सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 जुलाई को राजनेता वर्ग को 'रेवड़ी संस्कृति' की विभीषिका के बारे में सावधान किया। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि खैरातें आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक हैं।' इससे ऐसा लगा कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक क्षेत्र से यह विभीषिका समाप्त करने का निर्णय कर लिया है। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर प्रार्थना की थी कि चुनावों के पहले पार्टियों द्वारा 'अनुचित खैरातें' बांटने पर रोक लगाई जाए। लेकिन दो राज्यों में विधानसभा चुनाव अभियान के गति पकड़ते ही इन सारी अच्छी-अच्छी चीजों को भुला दिया गया। वैसे भी दूसरी गैर-भाजपा पार्टियों ने 'राजकोषीय व्यावहारिकता' का कोई वादा नहीं किया था। वास्तव में दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी-आप के नेता अरविंद केजरीवाल ने अपनी शैली में स्वयं को 'सर्वशुद्ध' घोषित करते हुए 'खैरातों' के बचाव का पूरा प्रयास किया। हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने सरकारी स्कूलों में हर माह 5,000 लड़कियों को सर्वोत्तम प्रदर्शन करने पर कक्षा 12 से लेकर स्नातक तक प्रति माह 2,500 रुपये देने का वादा किया। इसके साथ ही स्कूल जाने वाली सभी लड़कियों को साइकिलें व कालेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटी देने का वादा किया। हालांकि, महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करना एक प्रशंसनीय कदम है, लेकिन पूछा जा सकता है कि क्या उसके लिए कोई और रास्ता नहीं हो सकता है। किसी को इस बात से आश्चर्य नहीं हुआ और इसकी उम्मीद भी थी कि गुजरात में भाजपा को सत्ता से हटाने का लक्ष्य लेकर चल रही आम आदमी पार्टी-आप ने मुफ्त बिजली, बेरोजगारी भत्ता तथा सभी वयस्क महिलाओं को मासिक नकद भत्ता जैसे वादों की झड़ी लगा दी। भारतीय जनता पार्टी का इस राज्य में पिछले 27 साल से शासन है। दौड़ में पीछे छूटने के भय से कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में भी वादों की झड़ी लगा दी गई जिनमें किसानों की कर्ज माफी, 500 रुपये में गैस सिलिंडर तथा 300 यूनिट मुफ्त बिजली शामिल है। पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है, 'कांग्रेस स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा को बेलगाम निजीकरण रोकेगी।' इस प्रकार की शब्दावली एक समाजवादी सोच का नतीजा है। एक प्रकार से सभी पार्टियों ने अपने चुनाव घोषणापत्रों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निराशा का प्रदर्शन किया है। भाजपा खासकर गुजरात में किसी कीमत पर चुनाव हारना नहीं चाहती है क्योंक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गृह राज्य है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सत्ता में वापस आना चाहती है और आम आदमी पार्टी सबको यह समझा देना चाहती है कि वह अपने सफल राजनीतिक विस्तार अभियान पर आगे बढ़ रही है।

# छोटे शेयरधारकों की सुरक्षा जरूरी

## आईबीसी व्यवस्था की आत्मा समय पर किसी फर्म में बढ़ रहे तनाव का आंकलन तथा उसे बेचने की 'बढ़ती चिन्ता' का पता लगाना है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




सिक्यूरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया-सेबी ने एक ढांचे का प्रस्ताव किया है ताकि सार्वजनिक ईक्विटी में शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा की जा सके। यह सूचीबद्ध कंपनियों की दीवाला प्रक्रियाओं के दौरान महत्वपूर्ण है जो इन्साल्वेंसी व बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी के अंतर्गत कार्पोरेट इन्साल्वेंसी समाधान प्रक्रियाओं-सीआईआरपी के अंतर्गत होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2016 में आईबीसी लागू किया था। यह विधायन अन्य सभी तत्कालीन कानूनों पर वरीयता प्राप्त है और यह बैंकों को कर्जदारों के मामले में अपनी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए से निपटने का मजबूत आधार प्रदान करता है। 2017 में इसने बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट-बीआरए में संशोधन कर आरबीआई को शक्तियां प्रदान की जिससे वह बैंकों को उनके द्वारा स्वतः कार्रवाई न करने पर कार्रवाई के लिए बाध्य करता है। 12 फरवरी, 2018 को आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी कर एनपीए समाधान के मूलाधार परिभाषित किए हैं। इस सर्कुलर के अनुसार, 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के खाते में किसी कर्जदार के खाते में बकाया पैदा होने पर सभी कर्जदारों को अकेले या संयुक्त रूप से ऐसे कदम उठाने होते हैं जिनसे एक समाधान योजना-आरपी तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा सके। यह बकाये की तिथि से 180 दिन के भीतर करना होता है।

यदि कर्जदार इस समयसीमा के भीतर कार्रवाई करने में विफल रहते हैं तो उनको अपना खाता नेशनल कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी के समक्ष पेश करना होता है जो आईबीसी के अंतर्गत कार्रवाई शुरू करता है। एनसीएलटी समाधान प्रक्रिया पूरी करने के लिए 180 दिन का समय देता है। असाधारण परिस्थितियों में 90 दिन का समय और दिया जाता है। इस प्रकार प्रक्रिया पूरी करने के लिए 270 दिन का समय होता है। यह समयसीमा लागू करने तथा आरबीआई को शामिल करने का उद्देश्य एनपीए प्रभावित उद्यम को बेचने की कार्रवाई पर निगरानी करना है क्योंकि 'वस्तुनिष्ठ' व 'पारदर्शी' तरीके से काम करने पर बिक्री से अधिकतम राशि प्राप्त हो सकती है। वर्तमान प्रक्रिया के अंतर्गत वर्तमान शेयरधारकों को परेशानी होती है क्योंकि सीआईआरपी के परिणामस्वरूप इक्विटी के मूल्यों में भारी कमी आती है और कंपनी सूची से बाहर हो सकती है। इस स्थिति के परिणामस्वरूप सीआईआरपी प्रक्रिया के अंतर्गत नए अधिग्रहणकर्ता के शेयर 100 प्रतिशत हो जाते हैं। आईबीसी के अंतर्गत इक्विटी घारकों को दीवालिया कंपनी के स्वामी माना जाता है और इस प्रकार वे एनसीएलटी की समाधान योजना-आरपी में आ जाते हैं ताकि कंपनी के दीवालिया होने के बाद उनको कोई बकाया मिल सके। उनको इसकी कोई पूर्व सूचना भी नहीं मिलती है, ऐसे में उनको अपने मामले कमेटी आफ क्रेडिटर्स-सीओसी के समक्ष रखने का मौका भी नहीं मिलता है जो दीवालिया प्रक्रिया की निगरानी करती है तथा कर्जदाताओं के हितों को वरीयता मिलती है। सार्वजनिक ईक्विटी शेयरधारकों के सरोकारों को संबोधित करते हुए सेबी ने प्रस्ताव किया है कि उनको नए उद्यम में न्यूनतम पांच प्रतिशत व अधिकतम 25 प्रतिशत प्राप्त करने का अवसर दिया जाए। यह प्रस्ताव नए अधिग्रहणकर्ता को आरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप मिलने वाले शेयरों पर निर्भर करता है। यदि नए अधिग्रहणकर्ता की शेयरधारिता 100 प्रतिशत हो जाती है तो वर्तमान सार्वजनिक शेयरधारकों को न्यूनतम 25 प्रतिशत का प्रस्ताव दिया जाता है तथा न्यूनतम स्वीकार्यता पांच प्रतिशत होती है। यदि पांच प्रतिशत शेयरों के लिए भी दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है तो परिणामस्वरूप उद्यम को सूची से बाहर जाने की अनुमति दी जाती है। यदि अधिग्रहणकर्ता की शेयरधारित उद्यम में सीआईआरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 75 प्रतिशत हो जाती है तो सार्वजनिक निवेशकों को प्रस्ताव करने की जरूरत नहीं होती है क्योंकि उनकी धारिता पहले ही 25 प्रतिशत होती है।

सीआईआरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अधिग्रहण करने वाले उद्यम में शेयर सहयोगी कंपनियों, प्रमोटर ग्रुप कंपनियों के परिवारी सदस्यों, प्रमोटरों के प्रबंधन वाले ट्रस्टों, प्रमुख प्रबंधन कर्मियों तथा निदेशकों, आदि के लिए नहीं होते हैं क्योंकि ऐसा करने पर छोटे शेयरधारकों की सहायता का विचार ही पराजित हो जाएगा। इन शेयरधारकों को प्रस्तावित मूल्य समाधान प्रार्थी-नए अधिग्रहणकर्ता को प्रस्तावित मूल्य के समान होना चाहिए। सेबी का यह प्रस्ताव तार्किक है। इससे फर्म में छोटे शेयरधारकों को उचित अवसर मिलता है और वे सीआईआरपी प्रक्रिया के अंतर्गत साझीदार वाली भूमिका निभा कर अधिग्रहणकर्ता द्वारा मुनाफा कमाने की स्थिति में शेयर मूल्यों में किसी बढ़ोत्तरी का लाभ उठा सकते हैं। यह बाजार नियामक द्वारा किसी सूचीबद्ध कंपनी में न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरों की आवश्यकता को भी पूरा करता है। लेकिन जमीनी स्थिति बिल्कुल अलग है। अच्छी तरह संचालित व मुनाफे वाली कंपनियों में भी नियामक 25 प्रतिशत मानक लागू करने में विफल रहते हैं। केन्द्र सरकार भी इस मानक से किनारा कर लेती है। यह स्थिति सेबी द्वारा आईडीबीआई बैंक को सार्वजनिक शेयरधारिता मानक से अलग करने की प्रार्थना से स्पष्ट होती है। इसके उलट सीआईआरपी के अंतर्गत एनपीए प्रभावित फर्मों को अत्यधिक विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ता है। वे अपनी परिसंपत्तियों का मूल्य गिरने से बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। कुल 5,636 सीआईआरपी में से 3,637 बंद हो चुकी हैं। बंद मामलों में 1,703 कंपनियां दीवालिया हो चुकी हैं। अक्टूबर-दिसंबर, 2021 के दौरान स्वीकृत दावों में से वित्तीय कर्जदाताओं की वसूली केवल 13.4 प्रतिशत हुई है। इसके साथ ही 363 बड़े मामलों में बैंकों ने औसतन 80 प्रतिशत हेयरकट या रियायत दी है और वीडियोकान जैसे मामलों में यह 95 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जब परिसंपत्तियों में इतना अधिक क्षरण हो तथा 50 प्रतिशत से अधिक मामले दीवालियापन की सीमा तक पहुंचते हों तो छोटे शेयरधारकों को लाभ दिलाने की बात अर्थहीन हो जाती है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अंतर्गत आरबीआई को 7 जून, 2019 को एक सर्कुलर जारी करना पड़ा जिसे उसके 12 फरवरी, 2018 के आदेश पर वरीयता मिली। इससे बैंकों को आरपी के समक्ष आने के लिए 180 दिन का समय मिल गया। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनको 20 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता है। यदि वे 365 दिन में योजना को अंतिम रूप नहीं देते हैं तो उनको 15 प्रतिशत अतिरिक्त का प्राविधान करना होता है। 12 फरवरी, 2018 के आदेश से बैंकों को 180 दिन बीतने पर मामला एनसीएलटी को सौंपना होता था, पर संशोधित सर्कुलर में ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। दूसरे दृष्टिकोण से यदि आरपी का क्रियान्वयन एक साल में नहीं होता है तो बैंक को 50 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता है। 15 महीने के अंत में सामान्य एजिंग प्राविधान 40 प्रतिशत हो जाता है और इस प्रकार 35 प्रतिशत अतिरिक्त मिला कर कुल प्राविधान 75 प्रतिशत पहुंचता है। कर्ज की 75 प्रतिशत धनराशि को बैलेंसशीट में शामिल करने के बाद बैंक को आईबीसी के अंतर्गत पैसा वसूली प्रक्रिया शुरू करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है। संक्षेप में आरबीआई की शक्तियां छीनने तथा सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से बैंकों को 7 जून, 2019 का सर्कुलर जारी करने पर आईबीसी की प्रक्रिया निरर्थक हो गई है। इसके साथ ही एनसीएलटी के अधिकांश फैसलों को उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाती है। इस कारण सीआईआरपी प्रक्रियायें समाप्त होने में असाधारण विलम्ब होता है तथा परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों का मूल्य गिरता है। आईबीसी व्यवस्था का उद्देश्य समय पर फर्म में तनाव का पता लगाना तथा उसकी बिक्री के प्रति 'बढ़ती चिन्ता' का आंकलन है ताकि अधिकतम मूल्य प्राप्त किया जा सके। सेबी का विचार छोटे शेयरधारकों को सुरक्षा देना है। यह तभी कारगर हो सकता है जब कानून की मूल आत्मा बचाये रखी जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता बढ़ाने में लगा एक समूह

**अलका गाडगिल**
(लेखिका विकास कार्यकत्री हैं)



एक मेडिकल स्टोर के मालिक मकरंद वैनगंकर और महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के ट्रेजरी ऑफिसर यशवंत भोसले ने कहा, जैसे ही मानसून शुरू होता है, हम आम, जामभूल और कटहल जैसे देशी फलों की बीज बमबारी के लिए जंगल की ओर जाते हैं। शुष्क क्षेत्रों में, सीड बॉल का आकार नमी को संरक्षित करने के लिए पर्याप्त छाया देता है। आखिरकार, बीज अंकुरित होने लगते हैं और गेंद टूट जाती है। टुकड़ों का छोटा ढेर एक रूटिंग सिस्टम की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि पौधे तब परिपक्व होते हैं और अपने स्वयं के बीज पैदा करते हैं और दूसरी पीढ़ी के बीज जमीन पर गिरने के बाद आश्रय प्रदान करते हैं।वैनगंकर और भोसले दोनों सात साल से कनक राइडर्स कंकावली नामक साइकिलिंग ग्रुप के सदस्य हैं। समूह साइकिलिंग के माध्यम से छात्रों और युवाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने में शामिल रहा है। 'हम जैव विविधता के विनाश के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। हम इन मुद्दों के बारे में कंकावली क्षेत्र के स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों के साथ बैठकें करते हैं। मुझे चिंता है कि हम अपने पीछे बच्चों के लिए कैसी दुनिया छोड़कर जा रहे हैं।'

रविवार और छुट्टियों के दिन, समूह की योजना साइकिल पर एक दिन में 100 किमी की दूरी तय करने की है। कई छात्र, युवा और उनके माता-पिता उनके उद्यम में शामिल होते हैं। इसने आबादी के बीच साइकिल चलाने में नए सिरे से रुचि पैदा की है। साइकिल चलाने के दौरान अनुभव किए गए महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करते हुए, समूह ने कहा : 'हाल ही में हम कंकावली में व्रवडे बांध गए, जो एक आरक्षित क्षेत्र है। हम बांध तक पहुंचने के लिए घने हरे आवरण से गुज़रते हैं। बादल उतर आए हैं और यह एक खूबसूरत पल था।' जब से समूह ने इस क्षेत्र में छिपे हुए स्थानों को उजागर करने का निर्णय लिया है, तब से साइकिल चलाने से न केवल लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है बल्कि उनके स्वास्थ्य में भी वृद्धि हुई है। 'एक व्यक्ति जिसे दमा था वह हमारे साथ घूमने आया था। हमारे रास्ते में एक तेज चढ़ाई थी। उसने कुछ देर साइकिल चलाई, रुका और अपने इन्हेलर का इस्तेमाल किया और फिर वह फिर से जुड़ गया। हम तनाव में थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। तब से छह महीने बीत चुके हैं। वह अब इनहेलर का उपयोग नहीं करते हैं और बिना किसी परेशानी के 100 किमी की सवारी करते हैं', भोसले ने कहा।

> पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में पहले कदम के रूप में, समूह जनता से कार्यों के प्रति अधिक जागरूक होने का आग्रह करता है।

अपने अभियान को अंजाम देने के दौरान समूह को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जब वे खुली जगहों पर पेड़ लगाते हैं, तो आस-पड़ोस के लोग अक्सर बहुत असहयोगी होते हैं। लोग पूछते हैं कि हम उनके परिसर में क्या कर रहे हैं। कुछ लोगों का बहुत ही संकीर्ण दृष्टिकोण है और सोचते हैं कि पेड़ एक खतरा हैं क्योंकि वे रास्ते में आते हैं। समूह ने कहा कि यहां तक कि मंदिर के अधिकारियों ने भी अपने आसपास बीज बमबारी पर आपत्ति जताई।

अपनी भविष्य की योजनाओं पर विचार करते हुए, समूह ने साझा किया कि कैसे, चुनौतियों के बावजूद, वे एक संघ बनाने के लिए एक साथ आए और बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के समाधान खोजने के लिए प्रशासन से संपर्क किया। अपने अगले अभियान के बारे में बताते हुए, समूह ने कहा, मुर्देश्वर मंदिर घने जंगल के बीच है, और इसके चारों ओर जल निकाय हैं। लेकिन लोग कूड़ा करकट फेंककर वनस्पतियों और जीवों को दूषित कर रहे हैं। हम प्रशासन को इस पर ध्यान दिलाएंगे।




हम सिंधुदुर्ग जिले के स्कूलों, कॉलेजों और कार्यालयों में भी सत्र आयोजित करने जा रहे हैं। पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में पहले कदम के रूप में, समूह जनता से कार्यों के प्रति अधिक जागरूक होने का आग्रह करता है, जैसा कि वे कहते हैं, यदि आप मानसून में यात्रा कर रहे हैं, तो कृपया बीज गेंदों को अपने साथ ले जाएं। बीजों को फेंकना नहीं चाहिए, क्योंकि इनका उपयोग बीज के गोले बनाने के लिए किया जा सकता है।

देशी किस्मों के बीज बोने चाहिए, न कि विदेशी प्रजातियों के। यदि 10 बीज गेंदें फेंकी जाती हैं, तो कम से कम दो निश्चित रूप से जड़ें जमा लेंगी।

## फरमाया



**भारत** का इतिहास केवल गुलामी का नहीं, अनेक विजयों तथा असंख्य महान लोगों का इतिहास भी है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**चीन** क्षेत्रीय व विश्व शांति, स्थायित्व तथा समृद्धि के लिए उत्तर कोरिया के साथ मिल कर काम करना चाहता है।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति



**गुजरात** में कांग्रेस शासन में अक्सर सांप्रदायिक दंगे होते थे तथा वे विभिन्न समुदायों को एक दूसरे से लड़ाते थे।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## सराहनीय प्रयास

**संविधान** दिवस पर प्रधानमंत्री, न्याय मंत्री के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के मुख्य जज उपस्थित थे! और उन्होंने जिस मुखरता से न्यायपालिका और कार्यपालिका में संतुलन बनाए रखने और संविधान के सभी स्तंभों के बीच सामंजस्य बनाए रखने पर जोर दिया वह सराहनीय है! लंबे समय से देश के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम सिस्टम को लेकर न्यायपालिका व कार्यपालिका में मतभेद बना हुआ है! वही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है! यह अति संवेदनशील मुद्दे शीघ्रता से निपटाए जाने चाहिए!और देश में जब एक चपरासी की नियुक्ति तक के लिए गाइडलाइन बनी हुई है ,तो फिर मुख्य न्यायाधीश और मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे अति महत्वपूर्ण पदों के लिए एक गाइडलाइन का ना होना आश्चर्यजनक है! अब आजादी के अमृत महोत्सव के इस पुनीत अवसर पर इन पदों के लिए भी एक प्रक्रिया निश्चित की जाए और इन पर नियुक्त किए जाने वाले अधिकारी के कार्य प्रदर्शन और दृढ़ व्यक्तित्व के आधार पर ही नियुक्ति हो इनके कार्यों में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप ना हो! नियुक्ति पूर्ण पारदर्शिता पूर्ण हो तभी यह संस्थाएं अपनी साख बचाए रख सकेंगी!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## राजनीति का अखाड़ा

**उत्तर** प्रदेश का मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव राजनैतिक दांवपेच का अखाड़ा बन चुका है। शाक्य वोटों के दम पर बीजेपी ने क्षेत्र के मजबूत शाक्य नेता रघुराज शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव 4.50 लाख यादव मतों के सहारे डिंपल यादव की राजनीतिक वैतरणी पार करने का बीड़ा संभाले हुए हैं। धुआंधार प्रचार के बीच योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रैली को संबोधित किया है ताकि क्षत्रिय मतों को भी भाजपा के पाले में लाया जा सके। सामान्यतः विकास कार्य पर राजनीतिक दल वोट मांगते हैं लेकिन मैनपुरी उपचुनाव में जातिगत समीकरण पूरी तरह चुनाव पर हावी हो चुका है। ऐसा माना जा रहा है कि यादव वोट सपा को मिलेंगी और शाक्य वोट बीजेपी को जाएंगी एवम छत्रिय मतों का झुकाव भी बीजेपी की तरफ ही रहेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस चुनाव में डेढ़ लाख दलित वोट निर्णायक होंगे। यदि दलितों का झुकाव सपा की तरफ रहेगा तो जीत संभवतः सपा की होगी लेकिन यदि मतों का विभाजन होता है तो सपा को बड़ी चुनौती बीजेपी से मिलना तय है. इस बार शिवपाल यादव का पूरा समर्थन सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को है जिसका असर चुनाव पर पड़ेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

## गहरी होती खाई

**गहलोत-पायलट** टकराव से संबंधित है। यह पहली बार नहीं हुआ है की राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट के विरुद्ध इस तरह का बयान दिया हो या ऐसे शब्दों का उपयोग किया हो। इन दोनों नेताओं के बीच की खाई बढ़ती ही जा रही है और अगले वर्ष राज्य में चुनाव होने हैं तो ऐसे में यह पार्टी के लिए अच्छी खबर नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे और गांधी परिवार दोनों को इस विषय में पहल करते हुए सुलह करनी चाहिए वरना यह कलह पार्टी के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। दोनों ही नेता अत्यंत महत्वकांक्षी हैं एक और जहां गहलोत जब उनका नाम पार्टी प्रमुख के लिए चल रहा था तो उन्होंने साफ़ कर दिया था की राज्य के मुख्यमंत्री का पद वह नहीं छोड़ेंगे और पायलट ने भी जिस तरह 2018 में पूरे राज्य में घूम कर पार्टी के लिए जो जमीन तैयार करि थी उसका सारा फायदा तो गहलोत उठा ले गए , सचिन भी मुख्यमंत्री से कम नहीं मानेंगे , तो पार्टी नेतृत्व के लिए इस अहम की लड़ाई को सुलझाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

– **बाल गोविंद**, नोएडा

## अवैध प्लाटिंग से जुड़े खसरे हो सकते है ब्लाक

# जिला पंजीयक ने बालोद एसडीएम को पत्र लिखकर अवैध प्लॉटिंग के चिन्हित क्षेत्र और खसरा नंबर की मांगी जानकारी

### शहर में बीते एक साल में कृषि भूमि के डायवर्सन की जांच करने पर हो सकते हैं बड़े खुलासे

### पायनियर के खुलासे से मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार







जिला प्रशासन अवैध प्लाटिंग पर सख्त है। बावजूद भू-माफिया नियमो को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग कर रहे है। आलम यह है कि शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में रोज कहीं ना कहीं कालोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। मामले में प्रशासन की सख्ती भी बेअसर दिख रही है। इस मुद्दे पर मंगलवार को पायनियर से शीर्षक 'हैरान करने वाला कारनामा, पंजीयन विभाग की मिलीभगत से बिना बिक्री नकल हो गई रजिस्ट्री, नामांतरण रोकने की उठी मांग' समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। जिसके बाद अवैध प्लाटिंग से जुड़े कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद पंजीयक विभाग भी हरकत में आया और जिला पंजीयक मीना वढेरा ने बालोद एसडीएम को पत्र लिख अवैध प्लॉटिंग के चिन्हित क्षेत्र और खसरा नंबर की जानकारी मांगी हैं। जिसके बाद उन खसरा नम्बर को विभाग ब्लॉक करेगा।

**अवैध प्लाटिंग की रोकी जाएगी रजिस्ट्री**

ज्ञात हो कि कड़ी कार्रवाई के अभाव में जमीन दलाल मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वयं के मकान का सब्जबाग दिखाकर ठग रहे है। लिखे गए पत्र में जिला पंजीयक ने कहा है कि बालोद तहसील के अंतर्गत कृषि भूमि और परिवर्तित भूमि पर अवैध प्लाटिंग होने संबंधी जानकारी प्राप्त हुई है। दस्तावेज के पंजीयन के समय उप पंजीयक को यदि उस क्षेत्र एवं संबंधीत खसरा की जानकारी हो तो जहां अवैध प्लाटिंग हो रही है तो ऐसे विक्रय पत्र को पंजीयन करने से रोका जा सकता है। ऐसे क्षेत्र जहां पर अवैध प्लाटिंग संबंधी नोटिस जारी किए गए हो या कार्यवाही की जा रही है, उनकी जानकारी पंजीयक कार्यालय को देने कहा है। ताकि अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री रोकी जा सके।

**जमीनों की रजिस्ट्री में उप पंजीयक को गंभीरता से सावधानी बरतने का निर्देश**

गौरतलब हो कि गत दिनों समय सीमा की बैठक में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अवैध प्लाटिंग पर तेजी से जांच करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिया है। अवैध प्लाटिंग के मामले में जिला प्रशासन और पंजीयक के कड़े तेवर के बाद कयास लगाया जा रहा कि आने वाले दिनों में अवैध प्लाटिंग वाले खसरों की भूमि की खरीदी-बिक्री और रजिस्ट्री नही हो पाएगी। संभावना यह भी है ऐसे खसरों को ई-पंजीयन सॉफ्टवेयर में प्रतिबंधित खसरों की श्रेणी में दर्ज किया जाएगा। मामले में जिला पंजीयक मीना वढेरा ने बालोद क्षेत्र में हो रही जमीनों की रजिस्ट्री में उप पंजीयक को गंभीरता से सावधानी बरतने का निर्देश भी दिया है। शहर में मास्टर प्लान लागू होने के बावजूद नगर व ग्राम निवेश विभाग से ले आउट का अप्रूवल लिए बड़े पैमाने पर कृषि भूमि के डायवर्सन की खबरे है। उल्लेखनीय है कि शहर में बीते एक साल में कृषि भूमि के डायवर्सन की जांच करने पर बड़े खुलासे हो सकते है। जहां आर्थिक हितों के फेर में नियमों को ताक पर रखकर कृषि भूमि का डायवर्सन से इंकार नही किया जा सकता। जिसके चलते जमीन दलाल रेरा में पंजीयन कराए बगैर जमीनों की खरीदी-बिक्री कर शासन को मिलने वाले करोड़ों के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# सांप्रदायिक सद्भाव है छत्तीसगढ़ की पहचानः भूपेश बघेल

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने गुजरात के पालीताणा में बताया कवर्धा की जनता ने मोहम्मद अकबर को 60 हजार वोट से जीताया है

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश के अलग-अलग राज्यों में जाते हैं तो वे छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक सद्भाव की स्थिति की जानकारी देने से नहीं चूकते। गुजरात के पालीताणा में चुनाव प्रचार के दौरान भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक या जातिगत वैमनस्यता नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कोशिश बहुत की जाती है। कभी धर्मांतरण तो कभी सांप्रदायिकता के नाम पर। लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता इसे नकार देती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनके मंत्री मोहम्मद अकबर यहां से चुनाव लड़ते हैं। सामाजिक समीकरण के हिसाब से मतदाताओं की संख्या देखी जाए तो एक प्रतिशत वोट न होने के बावजूद मोहम्मद अकबर यहां से 60 हजार वोटों से जीते है। मोहम्मद अकबर के बारे में उन्होंने बताया कि उन्होंने राम का मंदिर बनवाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सांप्रदायिक सौहार्द की आवश्यकता बताते हुए कहा कि भाई चारे व प्रेम के साथ रहेंगे तो समाज भी आगे बढ़ेगा। पालीताणा जैन समाज का बहुत बड़ा तीर्थस्थल है।

उल्लेखनीय है कि अलग-अलग राज्यों में होने वाले चुनाव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्टार प्रचारक होते हैं। उन्हें प्रमुखता के साथ कांग्रेस के चुनाव अभियान को संभालने की जिम्मेदारी पार्टी आलाकमान के द्वारा दी जाती है। अभी भूपेश बघेल गुजरात में कांग्रेस प्रत्याशीयों के पक्ष में जोर-शोर से मोर्चा संभाले हुए हैं।

# अनुसूचित जाति वर्ग का आरक्षण 16 से 13 प्रतिशत करने पर करेंगे आंदोलन-गणेश पात्रे जिलाध्यक्ष कबीरधाम

### अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत आरक्षण को 13 प्रतिशत करने के षड्यंत्र का हर स्तर पर करेंगे पुरजोर विरोध

### आरक्षण पर भाई भतीजावाद राजनीति को नहीं करेंगे बर्दाश्त

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



अनुसूचित जाति विभाग जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिलाध्यक्ष गणेश पात्रे ने कहा 12 वर्ष की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय बिलासपुर ने आरक्षण को लेकर अनुसूचित जाति वर्ग के पक्ष में एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है जो अब कांग्रेस पार्टी को हजम नहीं पा रही है इसलिए भूपेश सरकार विशेष सत्र बुलाकर अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण को 16 प्रतिशत से 13 प्रतिशत करने का षड्यंत्र कर रही है और अनुसूचित वर्ग के साथ अन्याय करना चाहती है जिसे अनुसूचित वर्ग बर्दाश्त नहीं करेगी और कांग्रेस का अनुसूचित जाति विरोधी इस नीति का हर स्तर में विरोध करेगी। इतना ही नहीं ऐसा होने पर समाज के मंत्री शिव डहरिया और रुद्र गुरु का भी विरोध कर इस्तीफे की मांग करेंगे। और पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आरक्षण में जो विधायक मंत्री बने हैं उनको कवसी लखमा जी से सिख लेना चाहिए जो अकेले सरकार को हिलाकर अपना आरक्षण वापस लिया। नहीं तो चुड़ी पहनकर अपने पद को त्याग देना चाहिए।

गणेश पात्रे जिलाध्यक्ष कबीरधाम ने कहा कि सरकार किसी भी वर्ग का अहित ना करें, सबके अधिकारों को रक्षा करें, किसी भी वर्ग के साथ अन्याय ना करे। नियमानुसार अनुसूचित जाति को 16प्रतिशत, अनुसूचित जन जाति को 32 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करें।

# प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना गया : धुर्वे



पायनियर संवाददाता < डौंडी
www.dailypioneer.com

भानूप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान दुगुकोंदल मंडल अंतर्गत लोस्तर शक्ति केंद्र के बूथ लोहत्तर के ग्राम सोना- डीही में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के मन की बात का 95वां संस्करण कार्यकताओं व ग्रामवासियों की उपस्थिति में देखा गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को देखने के लिए प्रमुख रूप से विरेंद्र देहारी-शक्ति केंद्र प्रभारी लोहत्तर, मनीष झा मण्डल अध्यक्ष डौंडी, दिनेश अग्रवाल पूर्व विधायक प्रतिनिधि डौंडी ,विक्रम धुर्वे जिलाध्यक्ष, अनु. जनजातीय मोर्चा, बालोद, जयेश ठाकुर - जिला मंत्री जिला - बालोद, रामलाल दीवान बी.एल.2, प्यारे लाल - ग्राम पटेल
अजय चौहान, मण्डल महामंत्री डौंडी, शिवनाथ दिवान-बूथ अध्यक्ष ,सविता बाई, मेहत्तर दिवान, ग्राम पटेल, श्रवण देहारी नंदू राम नाईक, खिलेन्द्री देहारी उपस्थित रहे।

# सघन टीबी व कुष्ठ खोज अभियान 1 दिसंबर से 21 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान 1 दिसंबर से 21 दिसंबर 2022 तक समस्त विकास खण्डों में चलाया जायेगा जिसकी पूर्व तैयारी हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तर के समस्त विकास खण्डों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, नोडल अधिकारी, खण्ड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी, जिला एवं ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, आयुष चिकित्सक, सीएचसी एवं पीएचसी प्रभारी एसटीएस, एसटीएलएस का जिला स्तर पर 29 नवम्बर को प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी एल टंडन ने कहा कि इस अभियान के दौरान प्रत्येक सम्भावित मरीजो की पहचान कर उनका जांच एवं उपचार किया जायेगा, जिससे टीबी एवं कुष्ठ संक्रमण को रोका जा सके। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नियमित मॉनिटरिंग व दिशा निर्देश अनुसार कार्य करने को कहा। जिला कुष्ठ उन्मूलनअधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार कुंजाम ने बताया कि सघन टीबी एवं कुष्ठ अभियान में मितानिनों के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में 1 दिसंबर से 21 दिसम्बर 2022 तक घर घर जाकर टीबी एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के अधार पर संभावित मरीजों की पहचान की जावेगी। 16 से 21 दिसम्बर तक मितानिनों के द्वारा खोजे गये संभावित टीबी एवं कुष्ठ मरीजों का पुनः निरीक्षण संबंधित क्षेत्र के आर एच ओ एवं एमटी के द्वारा किया जायेगा। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. के डी साहू ने बताया कि सम्भावित टीबी एवं कुष्ठ मरीजों का सूची बनाकर पीएचसी एवं सीएचसी स्तर पर भेजा जायेगा। जहॉ पर भेजे गये संभावित मरीजों का सत्यापन कर पाये गये टीबी एवं कुष्ठ मरीजों का उपचार किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ने किया नवागढ़ थाना में स्वच्छता कार्य




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना एन एस एस के बैनर तले नवागढ़ थाना परिसर में विशेष शिविर लगाकर स्वच्छता कार्य किया गया इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र में थाना प्रभारी अरुण कुमार सिन्हा के द्वारा पूष्पाजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात थाना प्रभारी को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी निर्मल कुमार परमेश्वर पात्रे के द्वारा पुस्तक व बैंच भेंट कर सम्मानित किया गया तदुपरांत स्वच्छता कार्य प्रारंभ हुई जिसमें महाविद्यालय नवागढ़ के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया था जिसमें नवागढ़ थाना के मुख्य द्वार से लेकर अंदर के मैदानों को साफ किया गया एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागृत रहने का संदेश भी दिया इस मौके पर एन,एस,एस प्रभारी निर्मल कुमार महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के अध्यक्ष परमेश्वर पात्रे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं रहे जिसमें मुख्य रुप से राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय कार्यकर्ता शिखा गेडाम, युवराज वर्मा, भीष्मदेव ,समीक्षा, प्रिया, नैना, मानषी, नरेंद्र, गजेंद्र, अनिल, जनविजय, भानु, निखिल चौबे, सुनीति, सुरेंद्र, सोमेश, महंत, अवंतिका, पल्लवी, हिना, राहुल, पंकज, भागीरथी, मुस्कान सहित बड़ी संख्या छात्र छात्राएं शामिल रहे अंत में थाना प्रभारी अजय कुमार सिन्हा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया पात्रे ने बताया की इसके बाद नवागढ़ शहर के अलग अलग सरकारी संस्थाओं पर इसी प्रकार शिविर लगाकर स्वच्छता कार्य किया जायेगा।

# अवकाश के दिन हसदा धान खरीदी केंद्र में 513 कट्ठा धान खरीदी करने की शिकायत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हसदा धान खरीदी केंद्र में अवकाश के दिन भी बिना टोकन बिना धान की जांच किए खेत से सीधा खरीदने का मामला सामने आया है।

इसकी शिकायत करते हुए क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर के नाम बेरला एसडीएम को शिकायत पत्र सौंप कर जांच करने की मांग किया गया है इस संबंध में प्रदेश भाजपा मंत्री संध्या परगनिहा प्रकाश वर्मा पोषण वर्मा रामकुमार भुनेश्वरी राजेश वर्मा चेतन संतोष सहित 16 लोगो ने बेरला के एसडीएम को कलेक्टर के नाम सौंपे गए शिकायत पत्र के माध्यम से बताया गया है कि बीते रविवार को धान खरीदी केंद्र हरदा में बिना टोकन जारी किए धान को बिना जांचे धान को खरीदी केंद्र में खरीद लिया गया है इस संबंध में बता दें कि छत्तीसगढ़ के सभी धान खरीदी केंद्रों में सोमवार से शुक्रवार तक ही धान की खरीदी किया जाता है तथा शनिवार एवं रविवार को धान खरीदी केंद्र में किसानों के धान नहीं खरीदा जाता लेकिन रविवार को खेत से सीधा धान खरीदी केंद्र हसदा मे आने की शिकायत किया गया है जिसे यहां धान खरीदी केंद्र में हमालो के द्वारा तौला गया शिकायत में में आगे बताया गया है कि इस संबंध में हमालो से भी बात किया गया तो हमालो ने स्वीकार करते हुए बताया कि 513 कट्ठा धान को धान खरीदी केंद्र में तौला गया है इस बात की पुष्टि रविवार के दिन का सीसी कैमरा के फोटो से भी किया जा सकता है इस संबंध में लोगों का कहा है कि अवकाश के दिन किसानों के धान नहीं खरीदी जाता है वही अवकाश के दिन इस तरह से धान खरीदना और किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है इसमें कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की बू आ रही है यदि अवकाश के दिन भी धान खरीदी करना है तो किसानों का भी धान खरीदी किया जाए।

# बेमेतरा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या का मामला सुलझाया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

24 घंटे के अंदर पुलिस ने 10 वर्षीय बालिका के शो के साथ अनाचार कर फांसी में लटकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है इस संबंध में जानकारी के अनुसार बीते दिनांक 26.11.2022 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की 10 वर्ष की बालिका के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किया गया है। जिस पर पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं घटना स्थल के निरीक्षण पर यह जानकारी प्राप्त हुआ की मृतिका के साथ दुराचार कर हत्या किया गया है। जिस पर धारा 450, 376, 376 ए, बी, 302, 201 भा.द.वि. एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत् अपराध पंजीबध्द किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना प्रभारी बेमेतरा अंबर सिंह भारद्वाज, थाना एवं सायबर सेल के स्टाफसम्मिलित रहे। टीम के तत्काल मौके पर पहुंचकर विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया। विवेचना के दौरान आस पास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस को पडोस के एक लड़के सुनील (बदला हुआ नाम) पर शक हुआ। जिस पर पुलिस ने विधिक प्रावधानों का पालन करते हुए सुनील से पूछताछ की, जिस पर सुनील ने अपना गुनाह कबुल करते हुए बताया की मैं मोबाइल में अश्लील वीडियो देखने का आदि हूं, उस दिन आवेष में आकर अपने पडोसी सुषीला (बदला हुआ नाम) को उसके घर में जाकर बलपूर्वक पकड़कर जोर जबरजस्ती कर दुराचार किया, जो सुषीला के विरोध करने पर चुनरी से सुषीला का नाक मुंह दबा दिया जिससे सुषीला बेसुध हो गई।

## डी ए वी जाँता के विद्यार्थियों को स्वाथ्य विभाग की ओर से मिलेगा निःशुल्क चश्मा

# डी ए वी स्कूल जाँता में नेत्र जांच व परामर्श शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता में नेत्र जाँच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, उक्त जाँच शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा के दिशा निर्देश में नेत्र चिकित्सक ओ.एस.चंद्राकर नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खंड़सरा चिकित्सक उपस्थित रहे एवं उन्होंने नेत्र रोग से संबंधित जानकारी एवं इनकी सुरक्षा के उपाय व उपयुक्त औषधि के उपयोग की जानकारी प्रदान की एवं मानव जीवन में नेत्र की उपयोगिता एवं सुरक्षा व लेंस के लाभ विषय के साथ योग शिक्षण पर मार्गदर्शन दिया गया एवं उसके पश्चात समस्त विद्यार्थियों को नेत्र ज्योति में वृद्धि हेतु संबंधित फल एवं पोषक आहार की जानकारी दी गई साथ ही नेत्रदान महादान विषय विशेष चर्चा किया गया। डी ए वी स्कूल में आज कक्षा छठवी से कक्षा बारहवीं तक के कुल 179 उपस्थित विद्यार्थियों को बारी-बारी से नेत्र जांच हुआ, इनमें से कुल 28 विद्यार्थियों का दृष्टि दोष से पीड़ित पाया गया। उक्त चिन्हांकित विद्यार्थियों का चश्मा का जांच किया गया। एवं इन विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पखवाड़ा भर के अंदर में चश्मा वितरण किया जाएगा। जाँच शिविर के समापन में विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

आज इस विशेष नेत्र जांच शिविर में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं सहित शिक्षक ललित देवांगन, दीपिका वर्मा, विक्रम कुमार, वैभव मिश्रा, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, अनिल कुमार, निशु गुप्ता, अखिलेश कुमार, निक्की चंद्रवंशी, किरण साहू, विजय चंद्राकर, सुखदेव साहू, गीता साहू, नरेश साहू आदि सभी उपस्थित रहे।

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दल्लीराजहरा के व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट तक निकाली बाइक रैली

## हाथ में तख्ती लिए किया प्रदर्शन, मांगों को जल्द पूरा करने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले की लौह नगरी कहे जाने वाले सबसे बड़ा नगर दल्लीराजहरा में विकास कार्य और 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दल्लीराजहरा के व्यापारियों ने बालोद जिला मुख्यालय तक बाइक रैली निकाल सैकड़ों की तादाद में सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर से चर्चा की और उन्हें ज्ञापन दिया। इस दौरान सभी व्यापारियों ने हाथो में तख्ती लेकर जमकर प्रदर्शन किया। वही मांगे पूरी नही होने पे आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी। व्यापारियों की मानें तो दल्लीराजहरा जो पहले एक लाख की आबादी वाला शहर हुआ करता था। अब महज 40 हजार में ही सिमट गया है। जिसका प्रमुख कारण दल्लीराजहरा का विकास नहीं होना है। राजहरा माइन्स के कारण भिलाई इस्पात संयंत्र चलता है। ऐसे में दल्लीराजहरा का विकास नहीं हुआ है। व्यापारियो की प्रमुख मांग में दल्लीराजहरा नगर में शासकीय कार्यालयों के कुछ विभाग खोलना, 100 बिस्तर अस्पताल जल्द निर्माण करना, भूमि आवंटन पट्टा देना, केंद्रीय विद्यालय खोलना, बायपास मार्ग बनाना और अन्य विकास कार्यो को लेकर व्यापारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा हैं।

इस दौरान सनी राज नगर परिषद अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष शंकर कुकरेजा, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाधीन जैन, महामंत्री क्रांति जैन, कोषाध्यक्ष रमेश मित्तल, विशाल मोटवानी, प्रेम जायसवाल, तरुण खटवानी, तोरण साहू, कुलदीप सिंह, राघवेंद्र शर्मा, आलोक जैन, पंकज जैन, अमित जयसवाल एवं अन्य व्यापारियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर सहित तमाम कांग्रेसी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का हुआ शानदार आगाज

## प्रथम दिन आयोजित 06 खेलों में 500 प्रतिभागी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल गतिविधियों में ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 28 नवंबर से प्रारंभ हो गया। यह खेल 30 नवंबर तक चलेगा। प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक आयोजित होने वाले खेल के प्रथम दिन आज 06 खेल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विकासखंडो और नगरीय निकायों से 500 प्रतिभागी शामिल हुए। जिला स्तरीय खेल का शुभारंभ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, अनुसूचित जाति प्राधिकरण के सदस्य रत्नावली कौशल, कृषि उपज मंडी समिति मुंगेली के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक दुर्गा बघेल, गणमान्य नागरिक राकेश पात्रे, और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया। इस दौरान अतिथियों ने गिल्ली-डंडा, पीट्ठुल में हाथ भी आजमाए। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष साहू ने कहा कि खेल से मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि लुप्त होने वाले खेलों को पुनः पुनर्जीवित करने का कार्य मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल गांव स्तर से प्रारंभ किया गया है और यह खेल राज्य स्तर तक खेला जाएगा। खेल में विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा।

नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष गोस्वामी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। खेल भी आगे बढ़ने का एक सशक्त माध्यम है। आज खेल में खिलाड़ी बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं, जो बधाई के पात्र हैं। गणमान्य नागरिक पात्रे ने भी कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह को संबोधित किया।

# डाक सेवक भर्ती फर्जीवाड़े का फरार आरोपी गिरफ्तार, फर्जी अंकसूची के जरिए नौकरी लगवाने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

■ गिरोह के सरगना समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर किया गया था चालान

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतवाली पुलिस ने डाक विभाग के ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में फर्जीवाडे के फरार आरोपी भोजराम सिदार पिता राधेलाल सिदार उम्र 37 साल निवासी साजापाली, चौकी जोबी थाना खरसिया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। फर्जीवाडे में शामिल 07 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस द्वारा चालान पेश किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी भोजराम सिदार के विरूद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा पूरक चालान पेश किया जावेगा। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक डाक विभाग के ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा जालसाजों से मिलकर कक्षा दसवीं के फर्जी सर्टिफिक्रेट देकर अवैधानिक तरीके से नौकरी हासिल कर धोखाधड़ी किया गया। डाक विभाग द्वारा अभ्यार्थीयों के अंकसूची के सत्यापन पर मामले का खुलासा हुआ। डाक अधीक्षक रायगढ़ द्वारा सिटी कोतवाली रायगढ़ को अभ्यर्थी स्वाती कंवर के द्वारा फर्जी सर्टिफिक्रेट के आधार पर नौकरी प्राप्त करने का शिकायत प्रस्तुत किया गया था। थाना कोतवाली में 23 जून को स्वाती कंवर एवं अन्य 4 के विरूद्ध नामजद अपराध दर्ज कर 25 जून को आरोपिया स्वाती कंवर तथा गिरोह के मुख्य सरगना हीरालाल गबेल समेत 7 आरोपियों को पुलिस टीमें रायपुर, बिलासपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया था। आरोपिया स्वाती कंवर निवासी खमरिया बिलासपुर अपने बयान में बताई थी कि डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में भर्ती के लिए उसके पिता वीरेंद्र सिंह तथा जीजा लखेश्वर सिंह दलाल संजय शर्मा निवासी सीपत बिलासपुर के माध्यम से हीरालाल गबेल के संपर्क में आए। दलाल संजय शर्मा किसी भी भर्ती में सर्टिफिकेट के आधार पर भर्ती कराने का प्रलोभन दिया। हीरालाल गवेल जो कि पूर्व में आपेन स्कूल का अध्यक्ष था, अपने पास रखे सील, मुहर का गलत इस्तेमाल करता था। आरोपी हीरालाल गबेल वर्ष 2005 में जाली नोट मामले जेल की हवा खा चुका है। गिरोह में शामिल मालखरोदा जांजगीर चांपा का योगेंद्र धीरहे का कंप्यूटर सेंटर है, जहां फर्जी मार्कशीट तैयार किया जाता था। हीरालाल गबेल, योगेंद्र धीरहे तथा संजय शर्मा मिलकर अभ्यर्थियों से संपर्क करते थे और उन्हें किसी भी तरीके से नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर रुपए ऐंठा करते थे। कुमारी स्वाति कंवर के अलावा कृष्ण कुमार साहू निवासी सरसींवा जिला बलौदाबाजार भी इनके जालसाजी को जानते हुए भर्ती के लिए इन्हें रकम दिया था। कुमारी स्वाति कंवर, उसका जीजा लखेश्वर सिंह कंवर, कृष्ण कुमार साहू तथा भोजराम सिदार नौकरी हासिल कर चुके थे।

# धान खरीदी प्रारंभ- नगरदा धान उपार्जन केंद्र में हुआ धान खरीदी कार्य का शुभारभ

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति जिले में 1 नवंबर से राज्य शासन के दिशा- निर्देशानुसार धान खरीदी का शुभारंभ हो गया है, एवं शक्ति विकासखंड के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नगरदा पंजीयन क्रमांक- 1059 में धान खरीदी का शुभारंभ 28 नवम्बर को विधिवत पूजा- अर्चना कर हुआ,इस दौरान शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने राज्य के किसानों के हित में निर्णय लेते हुए धान खरीदी प्रारंभ की है, तथा राज्य की सरकार धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था कर रही है,इस दौरान धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी पुरुषोत्तम राठौर ने भी बताया कि समिति के अंतर्गत आने वाले किसानों का धान राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार लिया जाएगा, तथा धान खरीदी में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इस हेतु व्यवस्थित ढंग से पूरी व्यवस्थाएं की गई है,28 नवंबर को नगरदा में धान खरीदी के शुभारंभ अवसर पर निगरानी समिति सदस्य जगेश्वर सिदार, संतोष महंत, भुवन यादव ,प्रभारी संस्था प्रबंधक पुरुषोत्तम राठौर, कम्प्यूटर ऑपरेटर छवि जायसवाल विक्रेता भरत राठौर , हीरालाल विजय, करम सिंह,नरेंद्र , तेरस कंवर, सिया साहू, घनश्याम राठौर, तारेश्वर कंवर, करमु द्वारा किसान ऐप के माध्यम से कटे टोकन से धान तौल कर उद्घाटन किया गया।

# कृषि उपज मंडी में राम कवि सम्मेलन कवित्री स्व नेहा दुबे की स्मृति में आयोजित किया गया

## कार्यक्रम में राकेश पात्रे, हेमेंन्द्र गोस्वामी ने शिरकत किया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में राम कवि सम्मेलन द्वारा नगर की बेटी कवित्री स्व नेहा दुबे की स्मृति में आयोजित किया गया था, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश पात्रे, अध्यक्षता हेमेंन्द्र गोस्वामी ने शिरकत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश पात्रे ने कहा कि मुंगेली क्षेत्र चाहे साहित्य क्षेत्र हो, धार्मिक क्षेत्र, समाज की सेवा में काफी आगे बढ़ रहा है। मुंगेली की संस्कार, संस्कृति, सभ्यता को प्रतिभागी करती है जिसके युवा साथी बधाई के पात्र है। सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे रायपुर के साथ हास्य कवि, श्रृंगार रस कवि सरदार मंजित सिंह कुलदिप रंगीला, हेमेंत पाण्डेय, श्रृंगार रस में सोनल जैन, डा. भूवन मोहनी, वीर रस में देवेन्द्र सिंह परिहार ने श्रोताओं का मन मोहा, कार्यक्रम में मुख्य रूप से थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, हेमेंद्र गोस्वामी, राकेश पात्रे छाया विधायक, अनिल सोनी, शैलेश पाठक, अभिषेक सोनी, प्रेम आर्य, सावित्री अनिल सोनी, राजकुमार वाधवा, प्रशासनिक अतिथियों में जिला कलेक्टर, दशरथ सिंह जिपं सीईओ, नवीन भगत संयुक्त कलेक्टर , शेखर पटेल तहरसीलदार अधिकारी मुंगेली सहित मिडियाकर्मी उपस्थित रहे। कवि एवं संयोजक, अभिलास सिंह,रोहित शुक्ला,राजेश छैदईया, राहुल कुर्रे, देव गोस्वामी, प्रितेश आर्य, ठाकुर पार्षद रोमी अग्रवाल, प्रिंसु आर्दष दुबे, सूरज मंगलानी वैभव ताम्रकार, नानू ठाकुर शिवम जायसवाल, योगश्वर सिंह, अलिम मिंजा, टीपू खान सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# जिले के जरहागांव स्थित आशी मेडिकल स्टोर्स और लाल मेडिकल स्टोर का आकस्मिक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नशीली दवाओं के दुरूपयोग रोकने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी संबंध में औषधि निरीक्षक रत्नेश कुमार बरगाह ने बताया कि विगत दिनों खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आशी मेडिकल स्टोर्स जरहागांव, लाल मेडिकल स्टोर्स जरहागांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आशी मेडिकल स्टोर्स जरहागांव में कोरेक्स डी. एक्स सीरप का स्टॉक पाया गया और कोरेक्स डी-एक्स सीरप का क्रय-विक्रय रिकार्ड मांगा गया। आशी मेडिकल स्टोर्स जरहागांव द्वारा क्रय-विक्रय रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। क्रय-विक्रय रिकार्ड प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह लाल मेडिकल स्टोर्स जरहागांव से सर्दी बुखार की दवा की गुणवत्ता जांच हेतू नमूना सकलित किया गया जिसे जांच हेतु राजधानी रायपुर स्थित कालीबाड़ी लैब भेजने की बात कही गई।

# जिले में राजस्व अनुभाग स्तर पर राजस्व शिविर शुरू

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर आमलोगों की राजस्व संबंधी प्रकरणों के मौके पर ही निराकरण करने के लिए अनुभाग स्तर पर से राजस्व शिविर का आयोजन शुरू हो गया है। राजस्व अनुभाग लोरमी के राजस्व निरीक्षक मंडल लोरमी में 28 नवंबर को ग्राम लाखासार, राजस्व निरीक्षक मंडल सारधा के ग्राम सारधा, राजस्व निरीक्षक मंडल बोड़तराकला के ग्राम लीलापुर, राजस्व निरीक्षक मंडल लगरा के ग्राम लगरा, राजस्व निरीक्षक मंडल डिंडौरी के ग्राम कठौतिया, राजस्व निरीक्षक मंडल खुड़िया के ग्राम झिरिया, राजस्व निरीक्षक मंडल लालपुर थाना के ग्राम परसाकापा, राजस्व निरीक्षक मंडल चंदली के ग्राम डिंडौरी राजस्व निरीक्षक मंडल कोतरी के ग्राम विचारपुर, राजस्व अनुभाग मुंगेली के राजस्व निरीक्षक मंडल मुंगेली के शहर मुंगेली के ग्राम सुरीघाट, राजस्व निरीक्षक मंडल मुंगेली के ग्रामीण के ग्राम चातरखार, राजस्व निरीक्षक मंडल धरमपुरा के ग्राम खुजहा, राजस्व निरीक्षक मंडल कंतेली के ग्राम भरूवागुड़ा, राजस्व निरीक्षक मंडल टेमरी के ग्राम भालापुर, राजस्व निरीक्षक मंडल पण्डरभट्ठा के ग्राम बुंदेली, राजस्व निरीक्षक मंडल सेतगंगा के ग्राम बीजातराई, राजस्व निरीक्षक मंडल टेमरी के ग्राम डोड़ा तथा राजस्व अनुभाग पथरिया के राजस्व निरीक्षक मंडल पथरिया के ग्राम सिलतरा, राजस्व निरीक्षक मंडल सिलदहा के ग्राम सेंदरी, राजस्व निरीक्षक मंडल अमोरा के ग्राम मुण्डा देवरी, राजस्व निरीक्षक मंडल सरगांव के ग्राम मोहभट्ठा और राजस्व निरीक्षक मंडल बावली के धरदेई में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। इसी तरह राजस्व अनुभाग लोरमी के 133 ग्रामों में 29 नवंबर से 19 दिसंबर तक, राजस्व अनुभाग मुंगेली के 92 ग्रामों में 29 नवंबर से 21 दिसंबर तक और राजस्व अनुभाग पथरिया के 94 ग्रामों में 29 नवंबर से 23 दिसंबर तक राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# शक्ति में विशाल सांस्कृतिक रावत नाच महोत्सव एवं रौतही मेला 7 दिसंबर से 22 दिसंबर तक

■ 07 दिसंबर की रात्रि 7:00 बजे से बालक हाईस्कूल में होगा रावत नाच महोत्सव का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 07 दिसंबर को शक्ति शहर के बालक हाईस्कूल मैदान, स्टेशन रोड में विशाल सांस्कृतिक रावत नाच महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है, तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास मंत्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे, उक्त आशय की जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सौरभ तिवारी तथा नगरपालिका उपाध्यक्ष नेहा श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में शक्ति कलेक्टर आईएएस नूपुर राशि पन्ना, जिला पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रैना जमील, जिला पंचायत जांजगीर चांपा की अध्यक्ष यनीता यशवंत चंद्रा, जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के प्रभारी अर्जुन तिवारी एवं कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे तथा कार्यक्रम का आयोजन 7 दिसंबर को रात्रि 7:00 बजे से होगा,नगर पालिका प्रशासन शक्ति ने समस्त शहर वासियों एवं गणमान्य नागरिकों को इस विशाल सांस्कृतिक रावत नाच महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है, तो वहीं कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से रावत नर्तक दल अपनी प्रस्तुति देंगे, जिन्हें नगरपालिका शक्ति द्वारा निर्धारित सम्मान प्रोत्साहन राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा तथा शक्ति शहर में 7 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले रौताही मेला 15 दिसंबर तक शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम बुधवारी बाजार ग्राउंड में लगाया जाएगा।

# युवाओं के लिए रोजगार-रोजगार सह कौशल मेला का आयोजन आज

■ निजी क्षेत्र के 500 से अधिक रिक्ति यों पर नियुक्ति के लिए होगा साक्षात्कार

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com




जिला पंचायत एवं जिला कौशल विकास प्राधिरकण रायपुर द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत 30 नवम्बर को सुबह 11 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज जोरा रायपुर में रोजगार सह कौशल मेला का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के 15 प्रतिष्ठानों द्वारा 500 से अधिक रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार लिया जायेगा,इस मेला में शासन के स्व-रोजगारमूलक योजनाओं तथा कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण की जानकारी भी दिया जायेगा, सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर केदार पटेल ने बताया कि रायपुर जिले के ये युवा जो कम से कम 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण है, और जिनकी आयु 21 वर्ष से 35 वर्ष तक हो वे युवा अपने सभी प्रमाण पत्रों के मूल एवं सत्यापित प्रतिलिपि के साथ इस रोजगार सह कौशल मेला में साक्षात्कार के लिये उपस्थित हो सकतें हैं। यह रोजगार सह कौशल मेला युवाओं के लिये पूर्णतः निःशुल्क है। इस मेला में निजी क्षेत्र के नियोजक टेक्नोटारच प्राईवेट लिमिटेड, जस्ट डॉयल, टैली ब्रेन्स, बॉम्बे इंटिलिजेंस सिक्युरिटी सर्विसेस, रिलायंस निप्पोन लाईफ इन्शोरेन्स, एस.बी.आई. लाईफ इन्योरेन्स, एल.आई.सी. वेस्टसाईड आदि शामिल होंगे। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना या मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना या प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षित युवाओं को चयन में प्राथमिकता दिया जायेगा,श्री पटेल ने बताया कि इन पदों के लिए चयनित युवाओं को उनके योग्यता एवं अनुभव अनुसार प्रतिमाह 8 हजार से 15 हजार रूपये का वेतन दिया जाएगा एवं इनका कार्यक्षेत्र निजी संस्थान के अनुसार होगा।

# कलेक्टर ने जिला परिवहन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## विभागीय कार्यों की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने ग्राम धरमपुरा स्थित जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहन परिचालन के लिए लाईसेंस, परमिट, फिटनेस, वाहनों का पंजीयन, नामांतरण, प्रदूषण जॉच केंद्र सहित अन्य कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने लाईसेंस प्राप्त आवेदन का भी परीक्षण किया और नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर लाईसेंस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परिवहन कार्यालय में संचालित सभी गतिविधियों से संबंधित दस्तावेजों का स्वयं परीक्षण कर कहा कि किसी भी तरह से आमजनों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने परिवहन कार्यालय से मालवाहक वाहनों के भौतिक परीक्षण प्रक्रिया के दौरान स्पीड गवर्नर डिवायस सहित निर्धारित मापदण्डो का पालन सुनिश्चित होने के उपरांत ही फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में बिना वाहन नंबर के आने वाले वाहनों पर भी निगरानी रखने और नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा 'तुंहर सरकार, तुंहर द्वार' योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य परिवहन सेवाएं उनके घर के द्वार तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहुंचाई जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में लर्निंग लाईसेंस बनाने हेतु परिवहन सुविधा केंद्र का भी संचालन किया जा रहा है। जिसमें लर्निंग लाईसेंस आवेदकों को तत्काल बनाकर दिया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## आयोजित कार्यक्रम में सत्यनारायण मित्तल ने दिया परामर्श

# तोतले बच्चों का निःशुल्क शिविर से बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ, स्पीच थेरेपी की दी गई जानेकारी

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



अग्र बायोडाटा सेंटर समता कालोनी रायपुर एवम अग्रवाल महिला मंडल शिवरीनारायण द्वारा तोतले बच्चों के निशुल्क तीन दिवसीय (17वें) शिविर का मारवाड़ी धर्मशाला बॉम्बे मार्केट शिवरीनारायण मे आयोजन किया गया, शिविर में शिवरी नारायण, कसडोल, सारंगढ़, बिलाईगढ, सरया, तथा पामगढ़ क्षेत्र के कुल 27 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ, शिविर में एक बच्चा मंदबुद्धि था 26 बच्चों ने निशुल्क शिविर में भाग लिया,22 बच्चे 100त्न 4 बच्चे 80त्न शब्दों में सुधार का लाभ ले पाए,ट्युटर सत्यनारायण मित्तल ने 20/25 दिन बच्चों कीघर पर प्रैक्टिस करवाने की सलाह दी तथा आवाज ठीक होने के तौर-तरीके भी बताए,समापन समारोह में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नारायण प्रसाद खंडेलिया, नारायण प्रसाद मुकीम, राजेश बोंदिया पवन कुमार सुल्तानिया, महिला निधी मोदी, शिखा अग्रवाल उपस्थित रहे, निधी मोदी ने बताया कि ऐसा निशुल्क शिविर अपने आप में एक अद्भुत शिविर है। बच्चों ने ठीक हुई आवाज का मंत्र गाकर प्रदर्शन किया।सभी अभिभावक बहुत खुश थे, तत्पश्चात ट्यूटर सतनारायण मित्तल का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया, निधी मोदी ने सभी गणमान्य जन तथा बच्चों के अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए शिविर समाप्ति की घोषणा की 2-3 एवं 4 दिसंबर को कामठी धर्मशाला राजनांदगांव में होगा तोतले बच्चों का शिविर अगर आपका बच्चा तोतला बोलता है तो फ्री में केवल स्पीच थेरेपी से आवाज ठीक करने का शिविर 2-3-4 दिसंबर 2022 को सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन राजनांदगांव में लगने जा रहा है, 01 दिसंबर को शाम 4 बजे बच्चों की आवाज का परिक्षण होगा,2-3-4 दिसंबर को तीन दिन लगातार बच्चों (एक एक बच्चे) की क्लास लगेगी। बच्चे के साथ अभिभावक का आना जरूरी है,अग्र बायोडाटा सेंटर समता आर्केड 7 समता कॉलोनी रायपुर तथासत्यनारायण मंदिर समिति राजनांदगांव संयुक्त रूप से शिविर का निशुल्क आयोजन कर रही है,कृपया मूकबधिर तथा मंदबुद्धि बच्चों के लिए संपर्क ना करें,तोतले बच्चों का पूरा बायोडाटा नाम,उम्र, कक्षा, लड़का, या लड़की, माता - पिता का नाम दोनों के व्हाट्सएप नंबर, जाति ,व्हाट्सएप करें,ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल रायपुर का व्हाट्सएप नम्बर- 09826 183171 पर कॉल करें, 94077051711- दिसंबर 1 को रात 7:00 बजे पंजीयन बंद कर दिया जाएगा।2- दिसंबर 2- 3 - 4 को कोई कॉल अटेंड नहीं होगी।

# दल्लीराजहरा के व्यापारियों ने निकाली बाइक रैली

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



व्यापारी संघ के सैकड़ों व्यापारियों ने मंगलवार 29 नवंबर को दल्लीराजहरा से बालोद तक 27 किमी की बाइक रैली निकालकर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। वही मांगे पूरी नहीं होने पर आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी प्रशासन को दिया हैं।राजहरा व्यापारी संघ ने मांग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मुख्य सचिव अभिताभ जैन, मंत्री अनिला भेंड़िया व कलेक्टर से चर्चा की गई थी। जिसमें आश्वासन के अलावा नगरवासियों को कुछ भी नहीं मिला। कोई भी कार्य धरातल पर नहीं दिखाई दे रहा है। जिसके विरोध में नगर के व्यापारियों सहित विभिन्न संगठनों ने दल्लीराजहरा से बालोद तक 27 किमी की बाइक रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में बताया गया कि दल्लीराजहरा लौह अयस्क नगरी शनैः शनैः अपने अस्तित्व को खो रहा है। कभी यहाँ आयरन का विशाल भण्डार था तब राजहरा की जनसंख्या 1 लाख से अधिक थी आज जनसंख्या लगातार घटती जा रही है। वहीं दल्ली राजहरा की जनसंख्या में भी निरंतर गिरावट हो रही है। आज दल्ली राजहरा की जनसंख्या 45 हजार बची है। यहाँ कोई शासकीय उपक्रम नहीं होने से रोजगार का कोई साधन नहीं है। पूर्व में भी व्यापारी संघ द्वारा कई लिखित मांग पत्र सौंपा गया लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। राजहरा व्यापारी संघ आपसे मांग करता है कि दल्ली राजहरा सहित आसपास के सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य हो सके जिसकी वजह से लोगों का नगर छोड़कर अन्यत्र कहीं जाना बंद हो जाए ।

### व्यापारी संघ ने कलेक्टर को 9 सूत्री ज्ञापन सौंपा

जिसमें बालोद जिला का नाम, दल्ली राजहरा बालोद जिला करके इसके कुछ विभागों को राजहरा में लाया जाये, राजहरा में औद्योगिक नगर के लिए कई बार सर्वे हो चुका है, उसे आरम्भ किया जाये, दल्ली राजहरा नगर एवं चिखलाकसा की भूमि रजिस्ट्री के कार्य को सरलीकरण किया जाये। केन्द्रीय विद्यालय अतिशीघ्र आरम्भ किया जाये, राजहरा नगर से बायपास सड़क का निर्माण शीघ्र किया जाये, जल आवर्धन योजना को शीघ्र पूर्ण कराते हुए लोगों को पेयजल की आपूर्ति की जाये, 100 बिस्तर अस्पताल का निर्माण शीघ्र किया जाये जिसकी घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की है, सम्पूर्ण दल्ली राजहरा नगर के 270 + 130 एकड़ भूमि पर बसे लोगों को निःशुल्क रजिस्ट्री कराकर स्थायी पट्टा प्रदान किया जाये, इसी के साथ दल्ली राजहरा को पूर्ण तहसील की स्थापना किए जाने की मांग शामिल है। इस दौरान राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, महामंत्री कांति जैन, कोषाध्यक्ष रमेश मित्तल, अशोक लोहिया,पंकज छाजेड़, अमित जायसवाल, स्वाधीन जैन सहित सैकड़ों की सँख्या में व्यापारी शामिल हुए। इस बाइक रैली में नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जानकारी मिली है कि जिला कलेक्टर ने इन मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाए जाने की बात की है।

# श्रीरावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 'रुखसत' 2022 कार्यक्रम, बॉलीवुड गानों पर झूमे सीनियर्स और जूनियर्स

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रीरावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ़नर्सिंग रायपुर में B.Sc नर्सिंग 2018 -2022, त्ञ्हरू नर्सिंग 2019-2022 के छात्रों के लिए जूनियर्स ने अलविदा के तौर पर ÷रुखसत÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने सभी छात्रों को अपने शब्दों से प्रेरित किया और सभी छात्रों से कहा की आप अपने जीवन के अगले पड़ाव पर जा रहे है जिसमें आपको कड़ी मेहनत करनी हैं और अपना भविष्य आपको उज्वल करना हैं। कुलपति एस. के. सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित हो कर क्ञस्, त्ञ्हरू नर्सिंग 2018 -2022 के छात्रों को शुभकामनाएं दी और छात्रों से कहा की उज्वल भविष्य के लिए आप सभी को लगातार प्रयास करना होगा। नर्सिंग के छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावहार कुशलता का भी ध्यान रखना सबसे जरूरी होता हैं और यही चाहते हैं कि हमारे नर्सिंग के छात्र अपने जीवन में हर परिस्थिति का सामना करे और अपने क्षेत्र में नाम रोशन करे। प्रति-कुलाधिपति हर्ष गौतम ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए नर्सिंग फाइनल ईयर छात्रों को बधाई दी और उनसे कहा की यहाँ से जाने के बाद आपकी जिम्मेदारियां और बढ़ जाएगी जब आप कार्य करने मैदानी स्तर पर जाएंगे। नर्सिंग का क्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता, आपकी सोच और आपका व्यावहार काफी महत्वपूर्ण है आपको बहुत ज्यादा समझदारी और संयम के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा, आपका क्षेत्र बहुत जिम्मेदारियों वाला क्षेत्र है। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दे कर चार-चाँद लगा दिया। वहीं दूसरी तरफउन छात्रों के लिए जिनका अंतिम सत्र है लिए आँखे नम कर देने वाला समय रहा। हालाँकि यही वो पल हैं जब छात्र अपने खट्टे-मीठे अनुभव आपस में और शिक्षकों के सामने बयां किए और साथ ही बॉलीवुड गानों पर झूम कर डांस किया। रुखसत 2022 कार्यक्रम में B. Sc नर्सिंग से मिस फेयरवेल हिमानी यादव, मिस्टर फेयरवेल हर्ष सिन्हा रहे एवं त्ञ्हरू नर्सिंग से मिस फेयरवेल स्मृतिकाना महता रहीं। इसके साथ ही क्ञ स्् नर्सिंग से मिस ब्यूटीफुल पुष्पा पांडेय एवं मिस्टर हैंडसम हरी लाल रहे। श्री रावतपुरा सरकार लोक ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे. के. उपाध्याय, विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति एस. के. सिंह, कुलसचिव प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने इस सफल कार्यक्रम के लिए सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को शुभकामनाएं दी इसके साथ ही इस अवसर पर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल के 5 खिलाड़ी योग वर्ल्डकप में करेंगे भारत देश का प्रतिनिधित्व

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंटरनेशनल योग स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन द्वारा योग वर्ल्डकप 2022 का आयोजन 2 से 4 दिसंबर 2022 को स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान में किया जा रहा है। इस योग वर्ल्डकप में विश्व के बीस देशों के खिलाडियों ने हिस्सा लिया है द्य इसमें अमेरिका, कनाडा, मेक्सिको, आर्जेंटीना, आयरलैंड, बेल्जियम, फ़्रान्स, स्वीडन, चेक रिपब्लिक, इटली, आइवरी कोस्ट, ईरान, नेपाल, मलेशिया, चीन, मंगोलिया, आस्ट्रेलिया , भारत आदि शामिल हैं । प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में केंद्रीय मन्त्री (केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा कार्यक्रम , खेल विभाग) अनुराग सिंग ठाकुर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसावराज बोम्मई उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ के लिये गर्व का विषय है कि कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल, रायपुर से ,5 खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। कक्षा 5 के रूद्र सिंग ठाकुर एवं यशिका वर्मा, कक्षा 6 की सौम्या वर्मा , कक्षा 10 की मुस्कान वर्मा व साक्षी वर्मा शामिल हैं। उपरोक्त खिलाडी इस योग वर्ल्डकप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे द्य खिलाड़ियों का चयन पिछले 2 वर्षो के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इसके अलावा कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल, रायपुर के खेल व योग प्रशिक्षक नामेश कुमार साहू को भारतीय टीम का सहायक प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय दल रायपुर से दिनांक 29 नवंबर को बेंगलुरू के लिये रवाना होंगे। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर रविंद्र सिंग हुरा, प्राचार्य आईवन स्मिथ, जन प्रगति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, सचिव हरजीत सिंग हुरा व खिलाड़ियों के योग कोच नामेश कुमार साहू सहित समस्त कोलंबिया प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बधाई दी व प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

# एनआईटी रायपुर के ई सेल करने जा रहा है ई-समिट 2022 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर 2 से 3 दिसंबर, 2022 तक ई-समिट सम्मेलन'22 का आयोजन करेगा। एनआईटी रायपुर का उद्यमिता सेल सालाना ई-समिट सम्मेलन आयोजित करता है, जिसका उद्देश्य युवा उद्यमियों को अपने विचार प्रस्तुत करने और उन्हें व्यापार की दुनिया में स्थापित करने के लिए एक मंच प्रदान करना होता है। ई-समिट'22 में 'इग्निशन', बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता,जैसे विभिन्न प्रकार के उद्यमशील कार्यक्रम होंगे, जो सभी उद्यमियों और निवेशकों के बीच एक सीधा चैनल बनाकर उनके विचारों को जोड़ेगी। ' उत्कृष्ठ', एक ऐसा आयोजन है जहां ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के उदार उद्यमी जिन्होंने समाज की भलाई के लिए बहुत काम किया है, उनको अपने अभिनव विचारों को प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। 'सात्विको' के सह-संस्थापक धवल फड़के सात्विको और 'मनीथी' की संस्थापक प्रीति रामदास इस कार्यक्रम की अतिथि वक्ता हैं। 'एन्ट्रॉपी' एक ऐसा आयोजन है, जिसका उद्देश्य युवा उद्यमियों को उन सर्वश्रेष्ठ लोगों से सीधे सलाह दिलवाना है, जिन्हें उद्यमिता की बाधाओं का पूर्व अनुभव है। इस कार्यक्रम के अतिथि वक्ता फ़िनोलॉजी के सीईओ प्रांजल कामरा, द अननॉन्स.ए आइ की संस्थापक कुनिका सिंह राठौर और जोश टॉक्स के बड़े भैया और कंटेंट क्रिएशन एजुकेटर मनीष पांडे होंगे।

## दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर सुरेंद्र शर्मा ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी

**लवन।** केदार डहरिया के जेष्ठ भ्राता स्व बाला राम डहरिया के दशगात्र कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, संदीप पाण्डेय, एल्डरमैन लवन मनोज पांडेय, अमर मिश्रा, देवी लाल बार्वे, रुपचंद मनहरे, विनम्रता पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करने ग्राम गिदोला पहुंचे।



# अस्पताल वाले बाबा बंदे अली शाह आस्ताने में दस्तारबंदी आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह के 5-दिवसीय उर्स पाक (17 से 21 नवम्बर 2022 तक) बड़े ही शानो शौकत से मनाया गया. इस उर्स पाक में प्रदेश के तमाम जगहों से सैकड़ों जायरीनों व सखी दाता के चाहने वालों शिरकत कर बाबा के फैज व दुआओं से मालामाल हुए. इसके पश्चात दस्तारबंदी का प्रोग्राम हुआ जो उर्स के समापन समारोह के तौर पर मनाया जाता है. यह माना जाता है कि इस दौरान जितने भी दरगाह के खिदमतगारों ने अपनी सेवाएं दी, उन्हे बाबा के खादिमों के द्वारा दस्तारबंदी से सम्मानित किया जाता है. दस्तारबंदी के दौरान कव्वाली पेश की गयी एवं आम लंगर का इंतेजाम किया गया. इस उर्स का आरंभ 17 नवम्बर, गुरुवार को परचम कुशाई (ध्वजारोहण) के साथ किया गया इसके बाद नातिया प्रोग्राम, कव्वाली के अलावा शाही संदल व चादरपोशी के प्रोग्राम से आस्ताना गुलजार रहा. इतना ही नहीं, इस मुबारक मौके पर महफ़िले समा और सूफियाना महफिल भी सजी और अंत में (21 नवम्बर को ) कुल शरीफकी फातिहा हुयी. उपरोक्त जानकारी अस्पताल वाले बाबा के खादिम-ए-आस्ताना सैयद जाफर अली ने दी।

# जन शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने जिला अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों और लंबित आवेदनों की समीक्षा की । कलेक्टर ने कहा मुख्यमंत्री के प्रदेश व्यापी भेंट मुलाकात के बेमेतरा जिले में प्रवास को ध्यान में रखकर कलेक्टर के पूर्व अनुमति के बिना कोई भी अधिकारी अवकाश पर नहीं रहेंगे और ना ही मुख्यालय छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में इसके अलावा राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत लंबित मुआवजा राशि का भुगतान, कोविड-19 के अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के तहत गोठान में गोबर खरीदी वर्मी कंपोस्ट खाद का निर्माण एवं उठाव कराने की जनपद पंचायत वार समीक्षा की उन्होंने रबी फसलों के लिए लक्ष्य बनाकर गौठानों से खाद का उठाव कराने कृषि विभाग को निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारी एवं अन्य विभागों तथा किसानों से भी खाद का उठाव करने को कहा शीत ऋतु के मद्देनजर नगरीय निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को अलाव (आग) की व्यवस्था करने को कहा। कलेक्टर ने मवेशियों में गांठदार त्वचा रोग (लम्पी) बीमारी के संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध में पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान अविवादित नामांतरण सीमांकन नक्शा बटाँकन जर्जर साला भवनों का विघटन जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन की प्रगति की जानकारी ली । उन्होंने आधारभूत संरचनाओं सहित संबंधित विभाग से जर्जर सड़कों की स्थिति एवं नये सड़कों की जानकारी सहित निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में विभिन्न निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वाटर पेयजल की व्यवस्था, बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, पीडीएस दुकान निर्माण, गौठान के संबंध में भी जानकारी ली। जिलाधीश ने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि गौठानों में पैरादान करने के लिए किसानों को प्रेरित करें और इसका रजिस्टर संधारित किया जाय। खरीफविपणन वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में कृषि सहाकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। राजस्व अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र के धान उर्पाजन केन्द्रों का भ्रमण अवश्य करें। जिला विपणन अधिकारी से धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली। डीएमओ ने बताया कि अब तक की गई में समितियों से 30 प्रतिशत धान का उठाव कर लिया गया है।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की स्थिति, शासकीय स्कूल खुलनें एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, राशनकार्ड/राशन दुकान खुलने एवं राशन वितरण की स्थिति, नलजल योजना की स्थिति, जनशिकायत निवारण (पीजीएन) के लंबित आवेदन की समीक्षा, हाट बाजार क्लीनिक की स्थिति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान, आंगनबाड़ी केन्द्रों के खुलने एवं पूरक पोषण आहार वितरण की स्थिति, मनरेगा के अन्तर्गत मजदूरी भुगतान की स्थिति एवं पंचायतों में सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# बचपन प्ले स्कूल में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com




शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा प्ले ग्रुप में कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्ले ग्रुप से अंशिका गुप्ता प्रथम आद्विक सिंह द्वितीय तथा काव्यांश गोयल एवं वैभव सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा नर्सरी के लिए भी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से मोहम्मद शेख जायान एवं निसोम नारायण प्रथम, विराज अग्रवाल एवं देवांश केसरवानी द्वितीय तथा जानवी मजूमदार, ईशान गिरि एवं आयांश खरे तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा एलकेजी में कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी 'अ' से सानवी अग्रवाल प्रथम अवनी पांडे द्वितीय तथा युवान कुमार तृतीय स्थान पर रहे । तथा एलकेजी 'ब' से प्रिशा रमन प्रथम सेजल लकरा द्वितीय तथा आद्दया सराफ तृतीय स्थान पर रहे।इसी क्रम में कक्षा यूकेजी से कर्सिव हैंड राइटिंग कंपटीशन तथा हिंदी हैंडराईटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें यूकेजी से कर्सिव हैंड राइटिंग कंपटीशन में ज्ञानदीप ओरम एवं अन्नया कुजूर प्रथम तथा स्वास्तिका सिन्हा एवं आरोही द्वितीय तथा अवंतिका यादव एवं शिवांश तिवारी तृतीय स्थान पर रहे । इसी तरह यूकेजी कक्षा से हिंदी हैंडराईटिंग कंपटीशन में श्रेया नायक एवं अक्षत नामदेव प्रथम उत्कर्ष राज एवं आरोही द्वितीय तथा अवंतिका यादव, नूतन राजवाड़े एवं शिवांश तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका संस्था के डायरेक्टर्स ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़ एवं तोषी अग्रवाल ने निभाई। संस्था के डायरेक्टर ज्योति ताम्रकार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से छोटी उम्र से ही बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को उभारने में मदद मिलती है । साथ ही बच्चों में माइक एवं मंच का डर समाप्त हो जाता है जिससे कि आने वाले समय में बच्चे बड़ी सी बड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए मानसिक रूप से मजबूत हो जाते हैं। संस्था के डायरेक्टर्स श्रीमती आशी कक्कड़ एवं श्रीमती तोषी अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं मे विजयी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि जो बच्चे आज नहीं जीत पाए हैं उन्हें आगे भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा एवं वह बच्चे भी आगे जीतेंगे । इन प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं रिधिमा जायसवाल ,मंजू दत्ता अंजलि साहू ,साधना सिंह ,जूही अरोड़ा, वैष्णवी जैस्वाल ,पुष्पा सिंह, दीप्ति तिवारी, अंजना मौर्या, प्रियंका सिंह, रेखा दोहरे , नेहा मिश्रा, प्रिया फारकसे आदि का सराहनीय योगदान रहा ।

## बैडमिंटन एकेडमी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# कुम्हारी में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने प्रशिक्षण दें: चैतन्य बघेल

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



दो माह पूर्व कुम्हारी में राज्य पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें नगरपालिका जिम कुम्हारी के 10 खिलाड़ियों ने प्रदेश में कुम्हारी का नाम गौरवान्वित किया और पदक जीता और इनमें से 5 खिलाड़ियों का चयन मुंबई में होने वाले राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में हुआ है नगरपालिका जिम की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल जो कि खेलों में काफी रुचि रखते हैं और सभी खेल के प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद करते रहते हैं, उन्होंने छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग के सेक्रेटरी प्रदीप झा से इस संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि यह विचारणीय है कि जब हमारे जिम के बच्चे इतने सफल हो रहे हैं तो बैडमिंटन एकेडमी के बच्चे जो एकेडमी नगर पालिका द्वारा संचालित किया जाता है वह बच्चे आगे क्यों नहीं बढ़ रहे हैं। इस दिशा में उन्होंने निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास कर कुम्हारी पालिका के बच्चे को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम गौरवान्वित करने के लिए कुशल प्रशिक्षक के निर्देशन में प्रशिक्षण दिलाया जाए इसके लिए वेल सर्टिफाइड ट्रेनर की नियुक्ति की जाए। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग के सेक्रेटरी प्रदीप झा ने संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि इसकी चर्चा नगर पालिका कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के.रवि कुमार और सीएमओ जितेन्द्र कुशवाहा से की गई फलतः उन्होंने तत्काल सर्टिफाइड कोच जुगल पटेल की नियुक्ति की इसके पश्चात बैडमिंटन एकेडमी द्वारा आहूत बैठक में 50 से अधिक अभिभावकों ने नगर पालिका बैडमिंटन कोर्ट में बैठक में सम्मिलित हुए जिसमें सरकार द्वारा खेल के विकास और विस्तार के लिए सरकार द्वारा की जा रही कार्यों का उल्लेख किया गया और उसमें यह निर्णय लिया गया कि 9 साल से 18 साल के बच्चों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार किया जाएगा जिसमें उनके अभिभावक उसी तरह से सहयोग करेंगे जिस तरह से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल और ट्यूशन भेजते हैं अभिभावकों ने काफी उत्साहित होकर सरकार द्वारा इन कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और चैतन्य बघेल को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। साथ ही अभिभावको को सूचना दी गई कि आप अपने बच्चों को बैडमिंटन अकादमी प्रतिदिन भेजिए उनके संबंध में जो भी खर्च होगा जिसमें सबसे अधिक खर्च सेटल काक का होता है वह खर्च नगर पालिका द्वारा वहन किया जाएगा। इस मौके पर नगरपालिका कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत उपस्थित थे। उपाध्यक्ष के. रवि कुमार ने इस बैठक में यह घोषणा की कि, किसी भी बच्चे का अगर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन होगा तो खेलने भेजने के लिए जो भी खर्च होगा वह उनके द्वारा व्यक्तिगत रूप से वहन किया जाएगा उपस्थित सभी अभिभावकों ने जोरदार तालियां बजा कर इस घोषणा का स्वागत कर उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया।

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**पोंडी** के समस्त आश्रिम ग्राम **पोंडी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:- **ग्राम का नाम**-1. पोंडी, 2. पोंडी, 3. पोंडी, **आवेदक का नाम**- 1. फिरोज खान, 2. फिरोज खान, 3. फिरोज खान, **हितग्राही का नाम**- 1. फिरोज खान, 2. अयान खान, 3. रैहनुमा खान, **आनलाईन आवेदन क्रमांक**- 0705012214015304, 0705012214015305, 0705012214015307, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है**- 1. मोमिन जुलाहा, 2. मोमिन जुलाहा, 3. मोमिन जुलाहा।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 04/12/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 03/11/2022
पेशी दिनांक - 04/12/2022

मुहर
**नायब/तहसीलदार**
**बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**न्यायालय कलेक्टर रायपुर**

**// सार्वजनिक सूचना //**

क्रमांक/6370/भू-अर्जन/भू.अ.प्र.क....../अ-82/वर्ष 2022 रायपुर, दिनांकः 21/10/2022

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 2 रायपुर को छटेरा-भलेरा मार्ग के निर्माण परियोजना के लिए ग्राम-भलेरा, प.ह.नं. 62 तहसील आरंग, जिला-रायपुर के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 2 रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम, पिता/पति का नाम | ख.नं. | कुल रकबा (हे.) | अर्जित रकबा (हे.) | भूमि का किस्म / प्रकार / धनहा सिंचित/असिंचित/पड़त |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संतु चन्द्राकर पिता जगदीश साकिन भलेरा | 703 का भाग | 0.68 | 0.086 | सिंचित एक फसली |
| 2 | आदित्य, आदिती शर्मा पिता रविशंकर शर्मा साकिन भलेरा | 764 का भाग | 0.19 | 0.04 | सिंचित एक फसली |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथी के 15(पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

G-96244/2

**कलेक्टर**
**रायपुर (छ.ग.)**

# सवा दो करोड़ की ठगी: चिटफंड के मास्टरमाइंड तरुण को दो साल से खोज रही थी पुलिस, शादी समारोह में दबोचा

## पहले भी हो चुकी है कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी, नई संपत्तियों की मिली जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ खैरागढ़/राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चिटफंड कंपनी सर्वोदय मल्टीट्रेड कंपनी लिमिटेड माइक्रो इन्वेस्टमेंट के मास्टर माइंड डायरेक्टर तरूण साहू को पुलिस ने एक शादी समारोह में दबिश देकर धर दबोचा है। खैरागढ़ क्षेत्र में 387 निवेशकों से करीब 2 करोड़ 29 लाख 98 हजार 460 रुपए की धोखाधड़ी की थी। आज गिरफ्तारी के बाद पुलिस अधीक्षक एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि सर्वोदय मल्टीट्रेड कंपनी लिमिटेड माइक्रो इन्वेस्टमेंट कंपनी ने रकम दुगुना करने का लालच देकर निवशकों से पैसे जमा कराए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी तरुण ने जुर्म स्वीकार करते हुए कुछ नई सम्पत्तियों की जानकारी दी है। इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि, इस मामले में पहले भी कुछ आरोपियों की गिरफ्तारियां हुई है बाकि आरोपियों की तलाश जारी है। तरुण से इस मामले में मदद मिल सकती है।



### दो साल पहले सामने आया था मामला

एएसपी नेहा पांडेय ने बताया कि 4 जुलाई 2020 को इतवारी बाज़ार निवासी खिलावन चन्द्राकर ने रिपोर्ट इस चिटफंड कंपनी के डायरेक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने जानकारी दी थी कि अमलीपारा खैरागढ़ में सर्वोदय मल्टिट्रेड लिमिटेड के माइक्रो इन्वेस्टमेन्ट चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर तरूण साहू निवासी अर्जुनी थाना गुण्डरदेही जिला बालोद, राजकुमार साहू साकिन अमलीपारा खैरागढ़,छम्मन दास साहू साकिन अर्जुनी, कमलेश कोठले साकिन सोनेसरार खैरागढ़, सत्यपाल वर्मा ग्राम चिचा थाना बोरी जिला दुर्ग, रंजित सोनकर निवासी भरवेली माईन्स थाना बालाघाट जिला बालाघाट मध्यप्रदेश, राजेन्द्र स्वसी पता बिरसामुण्डा चौक रांची झारखण्ड ने कार्यालय खोलकर लोगो से धोखाधड़ी कर चिटफण्ड कंपनी में मासिक रूपयें 01 वर्ष से 04 वर्ष तक करने पर 05 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक ब्याज फिक्स डिपॉजिट 05 वर्ष से 15 वर्ष तक में रकम दुगूना एवं कई गुना हो जाने का झांसा देकर रूपए ऐंठ लिए थे।

### कई जगह तलाशा, रायपुर में मिला तरुण

एसपी अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एएसपी नेहा पाण्डेय, एसडीओपी लालचंद मोहले के निर्देशन में टीआई राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ एवं सायबर सेल के संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण के पुनः प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को गंभीरता से विवेचना में लिया। कंपनी के मुख्य आरोपी तरुण के मूल निवास व टेक्निकल आधारों पर अन्य जिलों में रेड कार्यवाहियां की गयी। जिसमें से सायबर एनालिसिस व मुखबिर सूचना के आधार पर एक परिचित के विवाह समारोह मोवा रायपुर में ढूंढ निकाला गया। जिसे पुलिस की सिविल टीम द्वारा घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया। संपत्तियों की जांच जारी है। अग्रिम निर्णय हेतु प्राधिकृत अधिकारी को भेजा जाएगा। ताकि प्रकरण के प्रार्थियों को न्याय प्राप्त हो सकें। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी टैलेश सिंह सउनि विरेन्द्र चन्द्राकर, आरक्षक चन्द्र विजय सिंह, शिशुपाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ विभाग का घेराव कर भाजयुमो ने दिखाई ताकत

पायनियर संवाददाता ‹ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

मंगलवार को बिजली बिल में बढ़ोतरी के विरोध में बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने पिपरिया स्थित डी ई कार्यालय का घेराव किया। हालांकि प्रदर्शन जिला- भाजयुमो के बैनर तले आयोजित था। लेकिन प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता भी पहुंचे थे। नवगठित जिले के नव मनोनित जिला अध्यक्ष घम्मन साहू ने इन सभी से संपर्क साधा, जिसके बाद बड़ी संख्या में भाजपाई इकट्ठा हुए।

जिला अध्यक्ष बनने के बाद विपक्ष में बैठी भाजपा के लिए शहर में पहला बड़ा प्रदर्शन था जिसमें इतनी बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने उपस्थिति दी। प्रदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी ठाकुर प्रकाश सिंह, विधानसभा युवा मोर्चा प्रभारी आयश सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष लाल शौर्यादित्य सिंह, पूर्व युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष आलोक श्रीवास, आशीष सिंह, रामाधार रजक, चंद्रशेखर यादव, अनिल अग्रवाल, गिरिराज किशोर दास , नरेंद्र श्रीवास, विकेश गुप्ता, अजय जैन, प्रफुल्ल ताम्रकार, शशांक ताम्रकार,अनिल अग्रवाल गंडई, श्रवण जंगल, शैलेंद्र मिश्रा, विनय देवांगन, महेश गिरी, ललित चोपड़ा, ऋषभ सिन्हा, लोकेश निषाद, एवं भाजपा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### विधानसभा चुनाव में भुगतना होगा खामियाजा: घम्मन साहू

राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए जिला अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि सुरक्षा निधि ने नाम पर किसानों को लूटने का काम सरकार कर रही है। बीते सालों में सरकार ने लगातार बढ़ोतरी की है। जिसका बोझ किसानों पर पड़ा है। साहू ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना होगा। घम्मन ने कहा कि यदि बिजली दरों में कमी नहीं की गई तो आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### मीटर रीडिंग प्रति माह न होने का आरोप

भाजयुमो महामंत्री आयश सिंह ने कहा चार साल में दो बार बिजली का बिल बढ़ा दिया गया है और समय पर मीटर रीडिंग प्रत्येक माह नहीं होने के कारण आम जनता को बिजली बिल में छूट के योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। एक साथ कई महीने के बिल आने से बिजली बिल का बोझ आम जनता पर बढ़ते जा रहा है। जिसका जल्द समाधान होना चाहिए।

# निर्माण और गुणवत्ता को लेकर सामान्य सभा में हंगामा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत की सामान्य सभा में भाजपा समर्थित सदस्यों ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी और लेटलतीफी को लेकर आवाज उठाई। यह मुद्दा काफी हंगामेदार रहा। निर्माण कार्यों में पारदर्शिता को ताक में रखने का आरोप लगाते सदस्यों ने कई तरह के आरोप लगाए। सामान्य सभा में लोक निर्माण, खनिज विभाग, वन विभाग, सहकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (एडीबी), लोक निर्माण विभाग सेतु निगम सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सदस्यों ने पूर्व में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में देरी को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद पीएचई विभाग के कार्यों को लेकर सदस्यों ने कहा कि विभाग द्वारा जिलेभर में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन गुणवत्ता को लेकर विभाग आंख मूंदे काम कर रहा है। सदस्यों ने पीएचई के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया। आरोप यह भी है कि विभाग द्वारा टंकी का निर्माण कर दिया गया, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। लोक निर्माण विभाग के कार्यों को लेकर भी सदस्य नाराज दिखे। जिसमें विभाग के द्वारा सड़क मरम्मत कार्य, बारिश के दौरान सड़कों में पड़े गड्ढों को भरने संबंधी मुद्दों पर समीक्षा की गई। इस दौरान वन विभाग और कृषि विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में बीमा से वंचित किसानों को तत्काल राशि प्रदान करने के निर्देश दिए गए। सदस्यों ने कहा कि कम्प्यूटर आपरेटरों की गलती की वजह से सैकड़ों किसान फसल बीमा से वंचित हैं। त्रुटि में सुधार कर प्रभावितकिसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई।



### मुआवजा नहीं देने पर नाराजगी जताई

बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने छुईखदान से दनिया तक निर्माणाधीन मार्ग में प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं देने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि किस नियम के तहत गणना पत्रक नहीं दिए गए, इसे लेकर अधिकारी स्पष्ट जानकारी दें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, विधायक प्रतिनिधि लीलाराम भोजवानी, सीईओ अमित कुमार समेत भाजपा-कांग्रेस समर्थित सदस्य उपस्थित थे।

# क्रोध के सौ नुकसान हैं, पर क्षमा के हजार फायदे हैं: राष्ट्रसंत ललितप्रभ जी

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव/चिरचारी
www.dailypioneer.com



''राष्ट्रसंत श्री ललितप्रभ सागर महाराज ने कहा कि गुस्सा इंसान को बर्बादी की तरफ ले जाता है। गुस्से में अगर नौकरी छोड़ोगे तो करियर बर्बाद होगा, मोबाइल तोड़ोगे तो धन बर्बाद होगा, परीक्षा न दोगे तो वर्ष बर्बाद होगा और पत्नी पर चिल्लाओगे तो रिश्ता खराब होगा क्योंकि गुस्सा हमारा मुंह खोल देता है पर आंखें बंद कर देता है। यह पागलपन से शुरू होता है और प्रायश्चित पर पूरा होता है। उन्होंने कहा कि गुस्सा करने से पहले सौ बार सोचें, इससे लाभ नहीं नुकसान ही होना है। जो काम रुमाल से निपट सकता है भला उसके लिए रिवॉल्वर का उपयोग क्यों किया जाए।

संतप्रवर चिरचारी पंचायत भवन में श्रद्धालु भाई बहनों को स्वभाव को निर्मल बनाने के सूत्र विषय पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुस्सा आ भी जाए तब भी वाणी पर नियंत्रण रखने की कोशिश कीजिए नहीं तो आप हानि उठाएंगे। मां के पेट से निकला बच्चा और मुंह से निकले बोल वापस कभी अंदर नहीं जाते। उन्होंने कहा कि अगर गुस्सा करना ही है तो किसी को सुधारने के लिए करें, अहंकार जताने या किसी को नीचा दिखाने के लिए गुस्सा ना करें। गुस्से को जीतने के टिप्स देते हुए संत प्रवर ने कहा कि विरोध के वातावरण में भी मुस्कान को तवज्जो दीजिए, गुस्से को जीतने के लिए क्रोध के वातावरण से दूर रहिए, मौन का अभ्यास बढ़ाइए, सकारात्मक व्यवहार कीजिए, विनोदी स्वभाव के मालिक बनिए, सप्ताह में 1 दिन क्रोध का उपवास अवश्य कीजिए। अगर आप शांति के वातावरण में क्रोध करते हैं तो दुनिया की नजर में आप उग्रवादी कहलाएंगे वहीं यदि क्रोध के वातावरण में भी आप शांत रहेंगे तो किसी देवदूत की तरह पहचाने जाएंगे।

इससे पूर्व संत प्रवर के पंचायत भवन आगमन पर सकल जैन समाज द्वारा स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी आकाश चोपड़ा ने बताया कि संत प्रवर भंडारा होते हुए 5 दिसंबर को नागपुर पहुंचेंगे जहां उनके 3 दिन की विराट प्रवचन माला सुरेश भट्ट ऑडिटोरियम में आयोजित होगी जिसमें छत्तीसगढ़ के सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे।

# मकान मालिक ही निकला चोरी का आरोपी

**गंडई-पंडरिया।** घरेलू सामान और नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने मकान मालिक को ही गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी बलजीत सिंह (67) ने वार्ड नं. 07 देवकी नगर गण्डई में अपने किराए के घर से घरेलू सामान और नगद रकम चोरी हो जाने की रिपोर्ट लिखाई थी। जांच में पुलिस ने संदेह के आधार पर मकान मालिक संजय वैष्णव से ही पूछताछ की जिसमें उसने गुनाह कबूल कर लिया।

# किसान का बेटा एमबीबीएस के लिए चयनित



**डोंगरगांव नगर।** ब्लॉक के ग्राम संबलपुर के एक किसान के बेटे का चयन एमबीबीएस के लिए हुआ है। होनहार विद्यार्थी तोमेंद्र साहू भिलाई स्थित चंदूलाल चन्द्राकर मेमोरियल गॉवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की प्रैक्टिस करेगा। उल्लेखनीय है कि तोमेन्द्र ने हाईस्कूल की शिक्षा सिंघोला में एवं हायर सेकेंडरी की शिक्षा गायत्री विद्या पीठ राजनांदगांव से प्राप्त कर इंदौर मध्यप्रदेश में एमबीबीएस के लिए 3 वर्षीय कोचिंग की। तोमेन्द्र के पिता खूबलाल साहू एवं माता श्रीमती लीलेश्वरी साहू सहित परिजन गौरवान्वित महसूस कर हर्षित हैं। वहीं ग्रामवासी सम्बलपुर और शासकीय स्कूल सम्बलपुर के शिक्षकगण ने प्रसन्नता जाहिर की।

# किशोरी को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**गंडई-पंडरिया।** नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में गंडई पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत किशोरी की बरामदगी की है। वहीं आरोपी 29 वर्षीय युवक राजेश साहू निवासी भुरभुसी थाना गंडई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि किशोरी के पिता ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक किशोरी की लगातार तलाश की जा रही थी इस बीच उसके ग्राम भुरभुसी में होने कीखबर पर रेड की कार्रवाई की गई। यहां से किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी युवक ने बताया? कि वह किशोरी को अपने साथ महाराष्ट्र ले गया था। किशोरी से संबंध बनाने की बात भी आरोपी ने स्वीकारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 366(क), 376(2)छ भा0द0स0 4, 6 पाक्सों एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# वसूली में भिड़ा विद्युत अमला, 647 बकायेदारों से वसूले 32 लाख

## 205 बकायादारों के बिजली कनेक्शन काट दिए

पायनियर संवाददाता ‹ मोहला/अ.चौकी/डोंगरगांव
www.dailypioneer.com



वनांचल क्षेत्र मानपुर, मोहला, अम्बागढ़ चौकी और डोंगरगांव क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बकायेदार उपभोक्त ाओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए वृहद स्तर पर सघन अभियान चलाया। डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत औंधी, मानपुर, खड़गांव, मोहला, गोटाटोला, वासड़ी, कौड़ीकसा, चौकी, बांधाबाजार, कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केन्द्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 205 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 647 बकायादार उपभोक्त ाओं से 32 लाख 47 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। गौरतलब है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए बिल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है। उसके बाद बिजली बिल के देयको के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल नही पटाने वाले उपभोक्त ाओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है। डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि मोहला, अम्बागढ़ चौकी एवं डोंगरगांव उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 205उपभोक्त ाओं के कनेक्शन जिन पर 13 लाख 98 हजार रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्त ाओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं। 647 बकायादार उपभोक्ताओं से 32 लाख 47 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा मीटर वाचन के कार्यो का भी निरीक्षण किया जा रहा है।

# उपचुनाव में छन्नी का सतत जनसम्पर्क जारी, कहा-भाजपा पहले अपना गिरेबान झांके

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव/छुरिया
www.dailypioneer.com



विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी के निधन के पश्चात होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मनोज मंडावी के पक्ष में खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू का सतत जनसम्पर्क अनवरत जारी है। छन्नी साहू को भानुप्रतापपुर के डोकला सेक्टर का प्रभार सौंपा गया है। एक सप्ताह से वे लगातार ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय हैं। डोकला सेक्टर के ग्राम माहूद, मचांदुर, डोकला, भर्रीटोला मुडखुसरा में छन्नी चंदू साहू सुबह से देर रात तक जनसम्पर्क व् बैठकों के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रही हैं। इस दौरान छन्नी साहू क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनसे बात कर रही हैं। चुनाव प्रचार के दौरान विधायक छन्नी साहू ने भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर पलटवार भी किया है और कहा है कि बृजमोहन अग्रवाल भाजपा की अग्रिम पराजय को देखते हुए बौखलाए हुए हैं और कुछ भी अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर झारखंड में बलात्कार का मामला दर्ज है लेकिन लोकतंत्र की सदैव दुहाई देने वाली भाजपा उसे पुलिस को सौंपने के बजाय उनका बचाव करने में लगी है ।

छन्नी साहू ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल कहते हैं कि कांग्रेस आदिवासियों का अपमान कर रही है जबकि एक बलात्कार के मामले में फांसी आरोपी को बचाने का कुत्सित प्रयास कर के भाजपा ने ये साबित कर दिया है कि उनकी कथनी और करनी में कितना अंतर है और जनता के सामने अब भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा सामने आ चुका है।

खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम यदि बलात्कारी नहीं हैं तो फिर पुलिस के सामने आने से डर क्यों रहे हैं और भाग क्यों रहे हैं जबकि उन्हें इस मामले में सामने आकर अपनी गिरफ्तारी दे कर कानून का सहयोग करना चाहिए ।

# डोंगरगांव नगर की बेटी अंकिता बनेगी डॉक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर की एक और बेटी भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करेगी। नगर के प्रतिष्ठित इलेक्ट्रानिक कारोबारी श्रीराम इंटरप्राइजेस के संचालक अनिल टावरी की भतीजी और उमेश टावरी की बेटी अंकिता टावरी के नीट परीक्षा क्लियर कर शासकीय मेडिकल कालेज कांकेर में दाखिला के लिए चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि अंकिता नगर में निवासरत महेश्वरी समाज की पहली बेटी है जो मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनेगी। अंकिता ने नीट परीक्षा में सीजी लेबल पर 716 वॉ रेंक हासिल किया था। अंकित की सफलता पर प्रदीप गांधी, रामकिशन महेश्वरी, दिनेश गांधी, गोपाल टावरी, शंकरलाल टावरी, राम बागड़ी, दीपमाला टावरी, काजल गांधी, सुचिता धुत, सरला गांधी, उमा गांधी, स्वाति गांधी सहित ईष्टजनों ने बधाई दी है।

## आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है सरकार: विपिन यादव

**छुरिया।** क्षेत्र के कांग्रेसी नेता जनपद सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनांदगांव के संयुक्त महामंत्री विपिन यादव ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर कहा है, कि छत्तीसगढ़ की भुपेश बघेल सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कर रही है। लोगो की छोटी-छोटी जरूरतों को पूर्ण करना गांव के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलना साथ ही उन्हें मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। सरकार द्वारा महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना व दलगत राजनीति से उपर उठकर भी सद्भाव के रूप में जनमानस को उनका लाभ दिलाने के लिए हमारा पुरा प्रयास है।

## पंचायत से लेकर विधानसभा तक प्रदर्शन की तैयारी

# आवास के लिए बड़े आंदोलन की राह पर भाजपा, हितग्राहियों के साथ करेंगे प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश भाजपा के आह्वान पर मोर आवास मोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में जिला भाजपा आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी करने जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में मोर आवास मोर अधिकार के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में सोमवार को बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने भी मार्गदर्शन दिया। प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने 3 जिलों की महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की बैठक में बताया कि 4 वर्ष के पश्चात अब सरकार के आंकलन का समय आ चुका है कि इस सरकार के आने के बाद जनता ने क्या खोया और क्या पाया? शर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेशभर के लाखों गरीब लोगों के सपनों को पूरा नहीं होने दिया, इसलिए अब भाजपा कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर कांग्रेस का असली चेहरा उजागर करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि एक व्यक्ति का सपना घर बनाने का होता है। एक अच्छा घर हो, बिजली हो, पानी हो यह हर व्यक्ति का अधिकार है, परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि 70 वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने इसे पूरा नहीं किया। बैठक का संचालन राजेंद्र गोलछा व आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री दिनेश गांधी ने किया।



### वंचितों को सत्ताई बताएंगे: मधुसूदन

बैठक में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि वंचित हितग्राहियों को एक मंच पर लाकर उन्हें यह अहसास कराना जरूरी है कि राज्य सरकार ने उनके अधिकारों पर डाका डाला है। जिसके कारण उनकी आवास योजना लंबित रही है। उन्होंने कहा कि 3 वर्षों के बाद आज चौथे वर्ष में राज्य सरकार ने 650 करोड़ रुपए कर्ज लेकर पीएम आवास का लाभांश हितग्राहियों को दिया है, जो कि गंभीर अनियमितता दिखाता है।

### हर पंचायत में आंदोलन, विधानसभा स्तरीय प्रदर्शन भी

उन्होंने जानकारी दी कि इसके लिए प्रदेश स्तर पर तैयारी कर ली गई है और प्रदेश की सभी 11 हजार 664 ग्राम पंचायतों में मोर आवास मोर अधिकार के तहत आंदोलन खड़ा किया जाएगा और विधानसभा स्तर पर भी 21 दिसंबर से 5 जनवरी तक पदयात्रा एवं घेराव के माध्यम से आंदोलन किया जाएगा। इसी तरह जिला स्तर पर भी 10 जनवरी 2023 को सैकड़ों हितग्राहियों के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा स्तर पर प्रदर्शन की तैयारी की गई है । उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर बैठक के पश्चात 25 नवंबर से 30 नवंबर तक सभी जिलों की बैठक संपन्न हो जाएगी। तत्पश्चात 1 से 5 दिसंबर तक मंडल स्तर की बैठक होगी। वहीं 6 से 12 दिसंबर तक पंचायत की बैठकें होंगी। वहीं आंदोलन वृहद स्तर पर शुरू होगा।

# पूर्व संकुल समन्वयक सूर्यवंशी को दी गई विदाई



**छुरिया।** संकुल केन्द्र छुरिया-1 के संकुल समन्वयक नाथूराम सूर्यवंशी का शासकीय प्राथमिक शाला पिनकापार में प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति उपरान्त संकुल प्राचार्य छुरिया एवं संकुल समन्वयक कमल देवांगन के पहल से संकुल के समस्त शिक्षको ने विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाथूराम सूर्यवंशी, अध्यक्षता भावना यदु, विशेष अतिथि अजय देवांगन व्याख्याता, पीडी साहू बीआरसी छुरिया व नव पदस्थ प्रधान पाठक नवल साहू, दुखहरण लाल मंडावी, शैलेन्द्र कोटरे, भवर लाल बंजारे, तुलसा मंडावी, सुलोचना साहू के साथ-साथ अन्य संकुल के संकुल समन्वयक भूषण वाडेकर, वीरेन्द्र साहू, संजय साहू, सुरेश साहू, विकास गुप्ता, रामप्रसाद लाडे, चुनु राम चंद्रवंशी रहे। इस कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद एवं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल छुरिया के समस्त शिक्षकगण रहे। कार्यक्रम में संकुल केन्द्र छुरिया 01-02 के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। नवपदस्थ प्रधान पाठकों का संकुल परिवार में स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विकासखंड शिक्षा अधिकारी भावना यदु ने कहा कि नाथूराम जी संकुल छुरिया को छोड़कर संकुल केन्द्र पिनकापार अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पिनकापार में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हुए है। हम इनसे समय समय पर सहयोग लेते ही रहेंगें। नाथूराम ने कहा कि संकुल केन्द्र छुरिया के समन्वयक कमल देवांगन एवं समस्त शिक्षक मुझे बहुत ही याद आएंगे इन्होने मुझे भरपूर सहयोग दिया है। इस कार्यक्रम का संचालन योगेश साहू ने किया। उक्त जानकारी संकुल केन्द्र साल्हेटोला के संकुल समन्वयक सुरेश साहू ने दी।

# तत्कालीन लिपिक से होगी वसूली, वेतन वृद्धि भी रोकी

**राजनांदगांव।** मोटर प्रतिपालन विभाग के वाहन मरम्मत कार्य में लगभग एक लाख रुपए का अनियमित रूप से भुगतान करवाकर निकाय को आर्थिक क्षति पहुंचाने पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा तत्कालीन लिपिक पवन कुर्रे सहायक ग्रेड-2 से राशि वसूली तथा असंचय प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोका गया। आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मोटर प्रतिपालन विभाग के वाहन क्रमांक सीजी-08-3608 के मरम्मत कार्य में तत्कालीन लिपिक पवन कुर्रे द्वारा निन्यानवे हजार चार सौ पचास का अनियमित रूप से भुगतान कराया गया। जिसके लिए कुर्रे के विरूद्ध 22 सितंबर 2020 को विभागीय जांच संस्थित की गयी थी। जांच प्रतिवेदन में जॉचकर्ता अधिकारी द्वारा 26 फरवरी 2022 को कुर्रे द्वारा अनियमित भुगतान कराना पाया गया। जिसके आधार पर निकाय को आर्थिक क्षति पहुंचाने का दोषी पाया गया। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 अनुसार पवन कुर्रे सहायक ग्रेड-2 द्वारा किए गए उपरोक्त कृत्य के कारण निकाय को निन्यानवे हजार चार सौ पचास की हुई आर्थिक हानि की पूर्ण रूप से वसूली पवन कुर्रे से की जाएगी तथा लापरवाही हेतु लघुशास्ति से दंडित करते उनकी एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गयी। उन्होंने बताया कि कुर्रे की 21 सितंबर 2020 से 1 नवम्बर 2020 तक की निलंबन अवधि को कर्तव्य पर की गयी अवधि माना जाएगा तथा इनके विरूद्ध संस्थित विभागीय जांच समाप्त की जाती है।

# "छन्द के छ" का राज्यस्तरीय समारोह

## छत्तीसगढ़ भाषा है समृद्ध-डां कर



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

साहित्य संस्थान छन्द के छ का राज्य स्तरीय समारोह बैस भवन में सोल्लास सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भाषाविद डॉ. चितरंजन कर, अध्यक्ष कमल वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. राजपत्रित अधिकारी संघ) एवं विशिष्ट अतिथि-डॉ. सुधीर शर्मा (भाषाविद), विजय मिश्रा अमित (प्रसिद्ध रंगकर्मी) और इंजी.पूरन सिंह बैस जी (अध्यक्ष बैस कुर्मी क्षत्रिय समाज), संस्था के संस्थापक अरुण निगम सहित बड़ी संख्या में छंद साधक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ के गिरधर कविराए स्व कोदुराम 'दलित' के सुपुत्र अरूण निगम ने आनलाईन गुरुकुल छंद के छ संचालित करके छत्तीसगढ़ी में छंदबद्ध लेखन का सूत्रपात किया है। समारोह में बोधनराम निषादराज, शुचि भवि, द्वारिकाप्रसाद लहरे, जगदीश हीरा साहू की कृति का विमोचन हुआ। इन पर छन्दकार जीतेन्द्र वर्मा खैरझिटिया, ज्ञानुदास मानिकपुरी, अश्वनी कोसरे और मनीराम साहू मितान ने चर्चा की। अपने संबोधन में डॉ कर ने कहा कि किसी भी भाषा में अन्य भाषाओं की बोली का ब्याकरण सम्मत समावेश वर्जित नहीं है, तभी भाषा प्रचलन और प्रवाह में बनी रहेगी। कमल वर्मा ने महतारी भाखा को समृद्ध करने छंदकारों को बधाई देते जनकवि लक्ष्मण मस्तुरिया के संस्मरणों को साझा किया। विशेष अतिथि डॉ. शर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध करने संस्था के योगदान को अविस्मरणीय बताया। इसी क्रम में विजय मिश्र ने कहा कि मकड़ी अपने नैसर्गिक गुणों के कारण नपा-तुला, ज्यामितीय जाल बुनती है उसी तरह की नैसर्गिक प्रतिभा छन्दकारों में दिखाई दे रही है। इंजी.पूरन बैस ने छत्तीसगढ़ी साहित्य, संस्कृति के संवर्द्धन का आव्हान किया। वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा,रामनाथ साहू ने छंदकारों का उत्साहवर्धन किया।

छंदकार बलराम चंद्राकर,विजेंद्र वर्मा के संयोजन में 110 छंदकारों ने विभिन्न छंदों में काव्य पाठ किया। संचालन अजय अमृतांशु, जितेंद्र वर्मा खैरझिटिया, ईश्वर साहू, आरुग, मोहन निषाद, अश्वनी कोसरे और गजराज दास महंत ने किया ?कार्यक्रम में छंदकार सूर्यकांत गुप्ता, मीता अग्रवाल,चोवाराम वर्मा बादल, आशा देशमुख, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, ज्ञानुदास मानिकपुरी आदि की महती भूमिका रही।

# एनएसयूआई की सदस्यता अभियान शुरू

## पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल 3 लाख एवं बिलासपुर जिले में 40 हजार एनएसयूआई के सदस्य बनाने का लक्ष्य




पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह द्वारा एनएसयूआई के सदस्यता अभियान का बिलासपुर जिले में शुरुवात करते हुए एनएसयूआई का मेम्बरशिप लॉन्च किया गया। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि विगत 2 वर्षों से कोरोनाकाल के कारण एनएसयूआई के साथियों और छात्र छात्राओं के बीच दूरियां आ गयी थी उन फासलों को दूर करने एवं छात्र छात्राओं और एनएसयूआई के बीच पूर्व की भांति समरसता बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय और बिलासपुर जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा 1 द्वारा राजधानी रायपुर में एनएसयूआई सदस्यता अभियान की शरुवात करते हुए मेम्बरशिप लॉन्च किया गया है, इसी कड़ी में आज बिलासपुर जिले में मेम्बरशिप लॉन्च किया गया है। एनएसयूआई सदस्यता का मुख्य उद्देश्य यह है कि एनएसयूआई पुनः अधिक से अधिक छात्र छात्राओं के बीच जाकर उनकी समस्या को टटोलेंगे और छात्रहित के मुद्दों पर उनके हक की लड़ाई लड़ेंगे।

रंजीत सिंह ने सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि एनएसयूआई में स्कूली छात्र छात्राओं को जो ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत हों उन्हें सदस्य बनाया जाएगा तथा विभिन्न कालेजों में जो किसी भी विभाग में पढ़ाई कर रहे हों उनकी सदस्यता करानी है, एनएसयूआई का सदस्य बनाने हेतु उनको कुछ दस्तावेज देने होंगे जैसे कॉलेज अथवा स्कूल का आईडी या फीस रसीद की छायाप्रति और वोटर आईडी कार्ड अथवा आधार कार्ड की छायाप्रति साथ कि एक पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होगी, रंजीत सिंह ने यह भी बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल 3 लाख एवं बिलासपुर जिले में 40 हजार एनएसयूआई के सदस्य बनाने का लक्ष्य है इसीलिए यह भी निर्णय लिया गया है कि जो भी छात्र-छात्रा या एनएसयूआई का साथी अथवा छात्र नेता जिस भी महाविद्यालय अथवा स्कूल में अपनी सक्रियता दर्ज कराते हुए सबसे अधिकतम सदस्य बनाता है उसे उस विश्वविद्यालय/महाविद्यालय अथवा विद्यालय का अध्यक्ष घोषित किया जावेगा। एनएसयूआई के मेम्बरशिप लॉन्च में प्रेस क्लब बिलासपुर में एनएसयूआई बिलासपुर जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, प्रदेश महासचिव विकास सिंह ठाकुर, प्रदेश महासचिव सोहेल खान, प्रदेश सचिव मयंक सिंह गौतम, प्रदेश सचिव लोकेश नायक, राष्ट्रीय समन्वयक सोसल मीडिया सिद्धार्थ तिवारी,पुष्पराज साहू, सुबोध नायक, विपिन साहू, डेकेश चन्द्रा, हर्षित राई,दीपक जायसवाल आदि एनएसयूआई के सदस्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया ग्राम हथनीकला के गौठान का निरीक्षण

- किसानों को पैरादान करने और धान के बदले अन्य फसल लेने किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेने विकाखण्ड पथरिया के ग्राम हथनीकला पहुँचे। उन्होंने वहां गोठान में गोबर एवं गौमूत्र खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण, विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किसानों को पैरादान करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि पशुधन के संरक्षण एवं संर्वधन के लिए गौठान बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसान धान की फसल की कटाई के पश्चात् गोठानों में पैरादान अवश्य करें, जिससे गौठान में पशुधन के लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध हो सके।

टसर धागाकरण सह प्रशिक्षण इकाई का भी किया निरीक्षण कलेक्टर ने गौठान में मशरूम उत्पादन, मुर्गीपालन और बकरी पालन सहित अन्य गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिये, जिससे समूह की महिलाएं अधिक से अधिक आमदनी प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त व मजबूत हो सकें। उन्होंने गौठान के समीप टसर धागाकरण सह प्रशिक्षण इकाई का भी निरीक्षण किया और धागा निर्माण हेतु आवश्यक उपकरणों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण इकाई के कार्यरत् श्रमिकों की संख्या, मजदूरी भुगतान, प्रशिक्षण इकाई से होने वाली आमदनी के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। ग्रामीणों से चर्चा कर ली उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी चर्चा की और शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन सामग्री की उपलब्धता, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्रामसेवक एवं स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति, सामाजिक पेंशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने किसानों को रबी मौसम में धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम के मैदान का समतलीकरण हेतु कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

# छाल-घरघोड़ा मेन रोड पर आमने-सामने भीड़े दो ट्रेलर

## एक वाहन ड्रायवर मौके से फरार दूसरे वाहन के घायल ड्रायवर को डायल 112 पहुंचाया अस्पताल





पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीती रात्रि करीब 11.30 बजे छाल राइनो को ग्राम देउरमाल (छाल से घरघोड़ा मेन रोड में) में रोड़ एक्सीडेंट का इंवेट मिला।

छाल राइनो में कार्यरत आरक्षक रघुनंदन साहू थाना छाल और ईआरवी वाहन चालक धनेश्वर प्रसाद ध्रुव तत्काल मौके पर पहुंचे। ट्रेलर कमांड सीजी 04 जे.सी. 8175 और ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 ए. एफ 5944 के बीच मेन रोड में आमने-सामने जोरदार टक्कर हुआ था जिसमें ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जे.सी. 8175 का चालक गंगा दास पात्रे पिता विजय सिंह पात्रे उम्र 28 वर्ष पता उमरिया थाना पथरिया जिला मुंगेली के सिर एवं दाहिना कंधा में गंभीर चोट आया था, दूसरे वाहन का चालक मौके से फरार था। तत्काल डायल 112 राइनो स्टाफद्वारा आहत ट्रेलर ड्रायवर को ईआरवी वाहन में बिठाकर सीएचसी छाल ले जाकर ईलाज कराये तथा आहत के घरवालों को घटना के संबंध में जानकारी दिया गया। आहत के परिजन छाल आने के लिये अपने घर से निकल गये थे। उसके बाद छाल राइनो वाहन अपने अलगे इंवेट पर रवाना हुई।

# अशोक अग्रवाल की मां के निधन पर नागरिक बैंक और गृह निर्माण समिति ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल की माता के निधन पर क्लब बैंक के पदाधिकारी,कर्मचारियों ने दो मिनट मौन रख कर मृत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, इस अवसर पर बैंक के डायरेक्टर मनोज भंडारी ने कहा कि 96 वर्षीया गीतादेवी एक ममतामयी मां थी सभी का विशेष ध्यान देती थी वही अनुशासन और सभी को जोड़ने की गजब शक्ति थी।उनके निधन से सभी लोग बहुत दुखी है।

शोक सभा में बैंक की उपाध्यक्ष अलका शर्मा,डायरेक्टर डा सोमनाथ यादव, राजेश्वरी जायसवाल,नारायण आवटी बैंक के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में बिलासपुर गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष शेखर मुदलियार, डायरेक्टर रोहित बाजपेई सहित अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंन्द अंग्रेजी-हिंदी माध्यम में साइकिल वितरण एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया

- स्वामी आत्मानंन्द अंग्रेजी हिंदी माध्यम में सरस्वती सायकल वितरण एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया।

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह के प्राचार्य श्वेता शुक्ला एवं आए हुए अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को पुष्पार्पण कर अतिथियों को तिलक और बेच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अति. एम. डी. दीवान विकास खण्ड शिक्षा अधकारी बम्हनीनडीह, आशा साहू रथ बाई जायसवाल गगन जयपुरिया सभापति जिला पंचायत , गुलाबुद्दीन खान सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू अकेडमी, सोनू जायसवाल, आशीष तिवारी, सुरेश पांडे थे। प्राचार्य श्वेता शुक्ला ने अपने उद्बोधन की शुरआत जय जोहर से की और कहा कि हमे अपने छत्तीसगढ़ी भाषा पर गर्व है हम अपने संस्था में एक दिन छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग करते हुए पढ़ाई भी कराते है। बच्चो के द्वारा छत्तीसगढ़ी में मनमोहक डांस, नुक्कड़ नाटक, और कॉमेडी शो किया गया । जिससे जनप्रतिनिधियों ने बहुत सराहा। जनपद अध्यक्ष आशा साहू और उपाध्यक्ष रथ बाई जायसवाल द्वारा बच्चो को प्रोत्साहन पुरुस्कार राशि प्रदान किया गया। सभापति गगन जयपुरिया ने बच्चों को कड़ी मेहनत कर अपनी पहचान बंनाने तथा गुलबुद्दीन खान ने मुख्यमंत्री के महत्वकांशी योजना आत्मानंद के गतिविधियों की सराहना की ।पूरे कार्यक्रम में सबसे रोचक बात यह रही कि सबने छत्तीसगढ़ी भाषा में ही अपना उद्बोधन किया। अंत मे कक्षा 9 के 21 छात्राओ (हिंदी माध्यम) व 38 छात्राओ (अंग्रेजी माध्यम) को जनप्रतिनिधियों के द्वारा सरस्वती सायकल वितरण किया गया। इन सभी बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मार्गदर्शन एच् म मोनाल दिग्रस्कर एवं शिवांगी शुक्ला, सुनीता साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता अशोक देवांगन, जगदीश दुबे मंच संचालन गोविंद सूर्यवंशी एवं श्वेता दयलानी के द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार व्यक्त श्वेता दयलानी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में सुझाव के साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मेटरनल हेल्थ सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं आरएमए दिव्या

- मरवाही जैसे जनजातिय क्षेत्र में आरएमए के द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेहतर सराहनीय कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com








छत्तीसगढ़ के समूचे क्षेत्रों में शासन द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया गया है। ऐसे पहुंचविहिन ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सेवा प्रदाताओं द्वारा स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। मेटरनल हेल्थ के अंतर्गत दी जाने वाली सेवा को ग्रामीणों क्षेत्रों में मजबूती प्रदान करने व सुदृढ़ीकरण में विशेष योगदान की बात जहां होती है, वहां छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष तौर पर प्रशिक्षित (त्रि-वर्षीय पाठ्यक्रम) सहायक चिकित्सा अधिकारी (ए.एम.ओ.) जिसको वर्तमान में ग्रामीण चिकित्सा सहायक के रूप में जाना जाता है, कि भूमिका जमनी स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महत्वपूर्ण रही है। ऐसे ही दूरस्थ एरिया मरवाही जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जो कि पूर्व में बिलासपुर जिले के अंतर्गत था, में स्वास्थ्य सेवा एक चुनौती पूर्ण रहा है, जन सामान्य को जहाँ गंभीर स्थिति में मरवाही जैसे सूविधा विहिन ग्रामीण क्षेत्र से बिलासपुर उपचार कराने हेतु 150 किलोमीटर की लंबी यात्रा करनी पड़ती है, जो कि दुखद एवं चिन्ता का विषय शुरू से रहा है। मरवाही के दूर-दूर कस्बों से आम जनता स्वास्थ्य सेवा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवाही पहूँचते हैं। आवश्यक स्वास्थ्य जॉच एवं अन्य सेवाएँ पाकर वे अपने गंतव्य को प्रस्थान करते हैं। शुक्रवार मारकेट के दिन ग्रामीण उपचार के लिए अस्पताल पहुंचते हैं। शासन के योजना अनुरूप 108, 104 एम्बूलेंस सेवा के कारण काफी राहत भरा सफर यहाँ के लोगों के द्वारा किया जाता है। आस-पास के महिलाओं के बेहतर मातृत्व स्वास्थ्य सेवा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवाही में भी एक ऐसी आर.एम.ए. पदस्थ होने की जानकारी मिली है। जो कि विगत 13 वर्षो से निरंतर बेहतर मेटरनल हेल्थ सेवा के लिए लगी हुई है। जब कि पता चला है कि शासन द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु अब तक लगभग 6 से 7 स्त्रीरोग विशेषज्ञ की पदस्थापना यहां पर की गई परन्तु वे यहां रह कर अपनी सेवा नहीं दे पाये बल्कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की जगह शहरों में सेवा देना उचित समझा इस तरह से आज भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवाही में स्त्रीरोग विशेषज्ञ नहीं है। ऐसे स्थिति एवं परिस्थिति में भी ग्रामीण चिकित्सा सहायक दिव्या न्योमि बेन्जामिन द्वारा अपने अधिनस्थ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में महिलाओं के बेहतर आवश्यक स्वास्थ्य सेवा देना बरकरार रखा है। जो कि एक प्रेरणादायी एवं सरहानीय भूमिका है। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारिख को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्ग दर्शन में आवश्यक संपूर्ण गर्भवती जॉच सेवा आर.एम.ए. के द्वारा पूर्ण रूप से जिम्मेदारी पूर्वक निभाया जा रहा है। रात्रि कॉलीन प्रसव हेतु आपात कालीन सेवा के साथ-साथ उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की पहचान कर उन्हें उचित स्वास्थ्य सूविधायें प्रदान करने में भी इनका विशेष सराहनीय योगदान रहा है। किशोर/किशोरी स्वास्थ्य सेवा भी इनके द्वारा निरंतर दिया जाता है। चूंकि मरवाही आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, इस कारण स्वास्थ्य सेवा हेतु जन जागरूकता की बहुत कमी अभी भी बनी हुई है। अपने स्वास्थ्य को लेकर किशोरी बालिका, सामान्य महिलाएँ एवं गर्भवती महिलाएँ कम जागरूकता के बावजूद महिला आर.एम.ए. के द्वारा दिये गये स्वास्थ्य शिक्षा के कारण बे-झिझक अपना इलाज कराने आती है। घर में उपलब्ध पोषण आहार एवं शारीरिक साफसफाई के प्रति जानकारी ले कर जाती है। विश्व में चल रहे कोविड कॉल में भी आर.एम.ए. के द्वारा पूरे छतीसगढ़ में सराहनीय सेवा जान जोखिम में डालकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की गई जो कि सराहनीय है। मरवाही का स्वास्थ्य केन्द्र छोटा भवन में होने के बावजूद महिलाओं के स्वास्थ्य जॉच के लिए जरूरी रक्त जॉच एच.बी., ब्लड ग्रुप, एच.आई.वी. सिफलिस, सिकलिंग, शुगर, मलेरिया, पेशाब जॉच, बी.पी., टी.बी. एवं आई टेस्ट आदि की सुविधा उपलब्ध है।

### क्या आप जानते है?

पहली डिलिवरी के सामान्य होने पर भी गर्भावस्था के दौरान समस्या कभी भी आ सकती है। परेशानियाँ तेजी से बढ़ सकती है व गंभीर रूप ले सकती है, यहाँ तक की बच्चे और माँ की जान भी जा सकती है। आपातकाल के लिए तैयार रहें, अस्पताल जाने के लिए किसी वाहन का होना जरूरी है।गर्भावस्था के दौरान आपको कोई भी स्वास्थ्य समस्या महसुस हो तो तुरंत किसी से कहे। अपने गांव की ए.एन.एम. बहन/आशा दीदी या निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। एक शरीर में दो जान, इनका रखें दूगना ध्यान।

# लक्ष्य प्राप्त करने तेज गति से काम करें अफसर : कलेक्टर

**बिलासपुर।** कलेक्टर सौरभकुमार ने मंथन सभाकक्ष में टीएल मीटिंग में राज्य सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं एवं लंबित मामलों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए और तेज गति से काम कर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित दौरा कर मॉनिटरिंग करने को कहा है। उन्होंने कहा कि धान बेचने आये किसानों को कोई दिक्कत न हो, इसे देखें। रकबा त्रुटि में सुधार के लिए लगभग 1200 मामले



बचे हैं। इनका भी जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि गोठानों में पशुओं को खिलाने के लिए 702 ट्राली पैरा का संग्रहण किया जा चुका है। 65 हजार टन से ज्यादा धान की आवक खरीदी केन्द्रों में दर्ज की जा चुकी है जो कि जिले की अनुमानित लक्ष्य का 16 प्रतिशत है।

## रोड रोलर कीमती 2 लाख, क्रेन से लिफ्ट कर स्वराज माजदा में भरकर चोरी की

# रोड रोलर चोरी करने वाले 7 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

- चोरी करने के पूर्व कई बार की गई रेकी, कबाड़ी मोहम्मद साहिद से बेचने का किया सौदा

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



रोड रोलर चोरी करने वाले 07 आरोपियों को जांजगीर पुलिस ने धरदबोचा।प्रार्थी ईश्वर प्रसाद जांगडे निवासी टी.पी.नगर कोरबा द्वारा थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह राजेन्द्र पटेरिया निवासी कोरबा के कस्ट्रक्शन कंपनी में मुंशी का काम करता है। लगभग 06 माह पूर्व कंपनी का रोड रोलर जांजगीर टेण्डर में आया हुआ था। कार्य समाप्ति उपरांत रोड रोलर में मशीनी खराबी होने से उसे गिन्नी पेट्रोल पंप अकलतरो रोड जांजगीर के पास खडा किये थे। जो बारिस का मौसम होने से रोड रोलर को ट्रेलर में लोड कर कोरबा ले जाने में असुविधा होने के कारण नहीं ले गये थे। रोड रोलर को ड्रायवर ललित कुमार के साथ लेने जांजगीर आये थे। जो पूर्व में रखे हुये स्थान पर रोड रोलर नहीं मिला।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये रोड रोलर एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। चूँकि रोड रोलर अत्यधिक वजनी होता है लिहाजा उसको लिफ्ट कर लोड करने हेतु क्रेन/हाईड्रा का उपयोग किये जाने की प्रबल संभावना को दृष्टिगत रखते स्थानिय क्रेन मालिको/चालको से संपर्क कर अज्ञात आरोपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया साथ ही मौके के गवाहो से भी पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि 20.नव.22 को दो व्यक्ति मोटर सायकल में आये और रोड रोलर को अपना बताकर क्रेन से लिफ्ट कर स्वराज माजदा में भरकर बिलासपुर रोड में सुबह 11.00 बजे के आसपास ले जाना ज्ञात हुआ। जिस पर मौके, रोड के आसपास तथा अकलतरा टोल बेरियर का सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। मुखबीर, गवाहो तथा तकनीकी शाखा से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम को ग्राम किसान परसदा थाना मस्तुरी रवाना किया गया। जहाँ पुलिस पार्टी द्वारा प्रकरण के संदेही जसवंत सिंह भास्कर एवं उसके भाई भूपेन्द्र कुमार भास्कर उर्फबबन को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगे। किन्तु मौके के गवाहो को उनका फोटो भेजकर पहचान करवाने पर उक्त घटना को इन्हीं दोनों के द्वारा अंजाम देना बताया गया। भूपेन्द्र और जसवंत दोनों भाई है जो पैतृक व्यवसाय मुर्गी पोल्ट्री फार्म तथा जांजगीर में अपने रिस्तेदारो के यहां आने जाने के क्रम में अक्सर जांजगीर आना जाना करते है। भूपेन्द्र को परसदा के कबाडियों से ज्ञात हुआ कि किसी भी किस्म का लोहा कबाडियों द्वारा खरीदी किया जाता है। तभी से उसके मन में गिन्नी पेट्रोल पंप के पास बहुत दिनों से खडे रोड रोलर को चोरी कर बेचने का विचार किया था। आरोपी 01. भूपेन्द्र कुमार भास्कर उम्र 22 वर्ष निवासी किसान पररसदा जिला बिलासपुर 02. जसवंत सिंह भास्कर निवासी किसान परसदा थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर 03. राजाराम उम्र 26 वर्ष निवासी चकरबेढा चौकी मल्हार थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर 04. जगत सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 01 राजकिशोर नगर हर सिंगार कालोनी अटल आवास बिलासपुर जिला बिलासपुर 05. मो. शाहिद उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 16 मुक्ति धाम के सामने भारती नगर बिलासपुर 06. मेवालाल साण्डे उम्र 20 वर्ष निवासी राक थाना सीपत जिला बिलासपुर एवं 07. सराब खांन उम्र 23 वर्ष निवासी यदुनंदन नगर तिफरा थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर को 27.नव.22 को गिरफ्तार किया गया चोरी का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक उमेश साहू, उनि सनत मात्रे, सउनि कमलेश्वर मिश्रा, प्र.आर. जगदीश अजय।

# पिता को पुलिस ने पीटा तो क्षुब्ध बेटे ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी

**बिलासपुर।** पुलिस के हाथों अपने पिता को पीटते देखकर युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया।मामला बिल्हा थाने का है जहां आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने के सामने प्रदर्शन किया ग्राम भैंसगोड़ का रहने वाला युवक हरिश्चंद्र गेंदले अपनी मोटरसाइकिल में जा रहा था तभी एक छोटा सा हादसा हो गया। इसी बात को लेकर पुलिस घर पहुंची युवक हरिश्चंद्र के पिता को पुलिस थाना लेकर पहुंची और मारपीट शुरू कर दी पिताजी को मार खाते देख युवक ने मना करने लगा। इसी बात को लेकर युवक हरिश्चंद्र ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर दिया। मामले में समाज के प्रमुख और आप पार्टी मांग को लेकर बिल्हा पुलिस के खिलाफनारेबाजी करते रहे ।

# बलात्कारी के बचाव में भाजपा कानून का मखौल उड़ा रही : मरकाम

## जिस बलात्कारी के लिए सजा मांगनी चाहिए उसके लिए वोट मांग रही भाजपा, बलात्कारियों का बचाव भाजपा का चरित्र बन गया है

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 15 साल के मासूम बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार के अपराधी भानुप्रतापपुर के भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के बचाव में भाजपा कानून का मखौल उड़ा रही है। झारखंड पुलिस ने अपराधी ब्रम्हानंद को नोटिस भेजकर कांकेर थाना बुलाया था लेकिन बेशर्मीपूर्वक भाजपा बलात्कारी के बचाव में प्रतिनिधिमंडल लेकर थाने गयी थी। जैसे ब्रम्हानंद ने मासूम बच्ची के साथ दुराचार कर कोई गुनाह नहीं किया है। ऊपर से भाजपाईयों की बेशर्मी भरा फरमान कि ब्रम्हानंद 8 दिसंबर के बाद पुलिस के समक्ष हाजिर होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि एक ऐसी पार्टी जो केंद्र सरकार में बैठी है और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है, आज केवल एक विधानसभा उपचुनाव ने उस पार्टी के शराफत के चोले को निकाल फेंका है। भाजपा ब्रह्मानंद नेताम के बचाव में जितना ज्यादा खुलकर सामने आ रही है उतनी ही ज्यादा जनता की नजरों में गिरती जा रही है। खुद को संस्कारी पार्टी बताने वालों का नकली चरित्र केवल छत्तीसगढ़ नहीं बल्कि पूरा देश देख रहा है। प्रदेश की जनता भाजपा की इस बलात्कारी मानसिकता का जवाब 2023 विधानसभा चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव में भी देगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि बेहद शर्म की बात है की भाजपा को जिस बलात्कारी ब्राम्हानंद नेताम के लिए कड़ी सजा की मांग करनी चाहिए उसके लिए भाजपा गली गली घूमकर वोट माँग रही है। बड़े दुख की बात है कि भाजपा के लिए एक 15 वर्षीय मासूम की अस्मिता एक विधानसभा के उपचुनाव के सामने कुछ भी नहीं है।पहले भी कठुआ, हाथरस, गुजरात में हुए बलात्कार की घटनाओं में भाजपा अपराधियों के साथ खड़ी दिखी है। कुलदीप सेंगर और चिन्मयानंद जैसे कई भाजपा के नेता बलात्कार के मामले में जेल की सलाखों के अंदर हैं।अनगिनत भाजपा नेताओं के ऊपर बलात्कार के संगीन आरोप लगे हुए हैं। भाजपा को अब स्पष्ट कर देना चाहिए कि वह बलात्कार को अपराध मानती भी है या नहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भानूप्रतापपुर उपचुनाव में जिस प्रकार पहले अपराध की जानकारी छुपाते हुए ब्रह्मानंद नेताम को विधानसभा उपचुनाव का प्रत्याशी बनाया गया और अब जनता के सामने सब कुछ सामने आने के बाद भी भाजपा के वरिष्ठ नेता एक बलात्कारी के लिए ढाल बन कर खड़े हैं और शर्म को ताक पर रखकर वोट मांग रहे हैं उससे यह समझ आता है कि भाजपा एक बच्ची के साथ हुए सामूहिक बलात्कार जैसे घृणित अपराध को एक सामान्य घटना मानती है।

## चुनाव आयोग की चुप्पी और पुलिस की सुस्ती शर्मनाक



भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने प्रदेश के पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा 25 नवंबर को कांकेर पुलिस को नोटिस भेजा जाता है कि कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा नाबालिग पीड़िता का नाम उजागर करने के अपराध में 3 दिनों के भीतर कार्रवाई कर आयोग को सूचना दें, लेकिन कांकेर पुलिस सो रही है। कांकेर पुलिस कांग्रेस के साथ मिलकर मोहन मरकाम को बचाने में जुटी है। मैं भूपेश बघेल पूछना चाहता हूं क्या इस प्रदेश में विधि का शासन समाप्त हो गया है? क्या इस प्रदेश में कानून का उपयोग सिर्फ आदिवासी समाज को प्रताड़ित करने के लिए है?

**निष्पक्ष चुनाव कराने में विफल चुनाव आयोगः-** भाजपा प्रत्याशी और आदिवासी समाज के होनहार बेटे ब्रह्मानंद नेताम पर झूठे प्रकरण दर्ज कर झारखंड से पुलिस बुला लिया जाता है लेकिन पॉक्सो एक्ट की धारा 23 (2) का अपराधी मोहन मरकाम स्टार प्रचारक बना घूम रहा है। मैं प्रदेश के चुनाव आयोग से पूछना चाहता हूं 21 नवंबर से इस मामले की सूचना के बाद भी मोहन मरकाम स्टार प्रचारक बनकर कैसे घूम रहा है? चुनाव आयोग ने भाजपा की शिकायत पर अभी तक कार्रवाई क्यों नही की। एक तरफ भाजपा प्रत्याशी पर षड्यंत्र पूर्वक प्रकरण बनाकर हर सभा, मंच पर उनका मान मर्दन किया जा रहा है इसपर भी चुनाव आयोग खामोश है। चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासन के गतिविधियों से साफ है यह चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहा। यह विधि के शासन और लोकतंत्र की हत्या है।

**भाजपा प्रत्याशी को प्रताड़ित करने में जुटाः-** संविधान प्रदत्त गणतांत्रिक व्यवस्था में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है लेकिन आदिवासी बेटे को जिस तरह से मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है, जिस प्रकार से उनके मनोबल को खत्म' करने की कोशिश सम्पूर्ण शासन-प्रशासन और सरकारी अमले द्वारा की जा रही है वह निंदनीय है। मैं पुलिस प्रशासन को पूछना चाहता हूं कि आखिर कब मोहन मरकाम की गिरफ्तारी होगी? मैं चुनाव आयोग से पूछना चाहता हूं कब मोहन मरकाम को चुनाव प्रचार से रोका जाएगा।

**बस्तर और सरगुजा संभाग से कांग्रेस होगी साफः-** मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहना चाहता हूं हार को निकट देखकर आप कितने भी षड्यंत्र कर लीजिए प्रपंच रच लीजिए भाजपा प्रत्याशी की विजय निश्चित है। लेकिन इस उपचुनाव के बाद भी तुम्हारी ये कायरतापूर्ण हरकते आदिवासी समाज भूलने वाला नही है। अभी तो केवल भानुप्रतापपुर के गांवों से कांग्रेसियों को खदेड़ा जा है आने वाले समय पूरे बस्तर और सरगुजा के हर गांव से आदिवासी समाज तुम्हें खदेड़ने के लिए बेताब बैठे है।

# बारह सिंचाई योजनाओं के लिए 36.41 करोड़ रूपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के विभिन्न बारह सिंचाई परियोजनाओं के कार्यो को कराने के लिए 36 करोड़ 41 लाख 05 हजार रूपए स्वीकृत किए है। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड- मालखरौदा अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत पोता से जमगहन नवीन नहर निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 45 लाख 50 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 185 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जांजगीर-चांपा जिले में हसदेव बांगो परियोजना के खरसिया नहर से वाली कुरदा वितरक नहर तक जीर्णोद्धार कार्य के लिए तीन करोड़ 82 लाख 73 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। इसी प्रकार से विकासखण्ड- अकलतरा अंतर्गत की लीलागर नदी पर अमोरा एनीकट (नवापारा बस्ती) निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 95 लाख 98 हजार रूपयें स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड- अकलतरा में ही कंजीनाला पर परसदा एनीकट निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 33 लाख 51 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 97 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत बोकरामुण्डा वितरक नहर का सी.सी लाईनिंग एवं मिट्टी भरने कार्य के लिए तीन करोड़ 92 लाख 53 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 1690 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत परसदा वितरक नहर का सी.सी लाईनिंग एंव मिट्टी भरने कार्य के लिए तीन करोड़ 46 लाख 16 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 192 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

# भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ 16 किलोमीटर पैदल चले मोहम्मद अकबर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के अगुवाई में चल रही भारत जोड़ो यात्रा भी मध्यप्रदेश में चलती रही। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस जन लगातार तीसरे दिन भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर पदयात्रा पर चले। कवर्धा के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने राहुल गांधी के साथ 16 किलोमीटर की पदयात्रा की। 27 नवम्बर को इंदौर जिले के राउ से दोपहर भारत जोड़ों यात्रा के दूसरे चरण में पदयात्री राहुल गांधी के साथ पैदल चले। मंत्री मोहम्मद अकबर इस पदयात्रा में राहुल गांधी के साथ उपस्थित रहे। भारत जोड़ो यात्रा में अपार भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन एक लाख से ज्यादा लोग पदयात्रा में शामिल हो रहे है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस जन मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने मध्यप्रदेश गए थे। 26 से 28 नवम्बर तक छत्तीसगढ़ के कांग्रेस जन पदयात्रा में उपस्थित रहे। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित मंत्री गण व विधायक गण यहां से गए थे। भारत जोड़ो यात्रा 04 दिसम्बर को राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा 07 सितम्बर को कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई है जो कि 05 महीने के बाद श्रीनगर पहुंचेगी। इस तरह देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के अगुवाई में पहुंचेगी। प्रतिदिन सुबह 06 बजे यात्रा प्रारंभ होती है। यह यात्रा प्रतिदिन 02 चरणों में चलती है। दूसरे चरण की पदयात्रा दोपहर 2.30 बजे प्रारंभ होती है जो कि शाम 06 बजे तक चलती है।

# बच्चों का साहित्य लिखना बच्चों का खेल नहीं है : गिरीश पंकज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com






बच्चों का साहित्य लिखना कोई बच्चों का खेल नहीं है। बच्चों पर लिखने के लिए उनकी भावनाओं को समझने, बाल मन को जागृत करना जरूरी है। आज बाल साहित्य की आवश्यकता ज्यादा महसूस हो रही है।

उक्ताशय के विचार बच्चों को रोचक अंदाज में वर्णमाला सिखाने के लिए लिखी गई पुस्तक 'अगीरा की वर्णमाला' के विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि गिरीश पंकज ने व्यक्त किया। यह किताब जैन केयर की संचालिका व लेखिका शीलू लुनिया द्वारा लिखी गई है। समारोह में गिरीश पंकज ने कहा कि आज बाल साहित्य लिखने वाले कम हैं और इस पर कार्य करने की ज्यादा आवश्यकता है। समारोह के अध्यक्ष प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. चितरंजन कर ने कहा कि पहले बच्चों को वर्णमाला एक पारंपरिक तरीके से सिखाई जाती थी और सालों साल उसी तरीके को अपनाया गया। किन्तु आज के बच्चे किसी भी चीज को चित्रण व रोचक तरीके से सिखाने पर आसानी से सीख जाते हैं और पुस्तक 'अगीरा की वर्णमाला' में बच्चों को बेहतरीन चित्रों व मनोरंजक कविता के माध्यम से शीलू लुनिया ने वर्णमाला सिखाने का अनूठा प्रयास किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि यह केवल एक वर्णमाला नहीं है अपितु बच्चों की अक्षरों के प्रति समझ विकसित करने का नायाब प्रयास है। जहां एक ओर समीक्षक डॉ. मंजूला श्रीवास्तव ने अपनी समीक्षा में पुस्तक की सकारात्मकता को सामने रखकर उसको और बेहतर करने का सुझाव दिया वहीं दूसरी ओर अन्य समीक्षक डॉ. मृणालिका ओझा ने भी पुस्तक के चित्रों व रोचकता को अपने शब्दों में व्यक्त कर उसकी लाईनों का वर्णन किया। लेखिका शीलू लुनिया ने 'अगीरा की वर्णमाला' लिखने की पृष्ठभूमि व उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि इस पुस्तक की प्रतियां गरीब बस्तियों में बच्चों को निःशुल्क प्रदान की जाएगी। छत्रपति शिवाजी स्कूल के संचालक मुकेश शाह ने लेखक परिचय दिया अतिथियों का पौधों से व स्मृति चिह्न प्रदान करके स्वागत व सम्मान किया सर्वश्री उमेदचंद गोलछा, रानूलाल लुनिया, देवानंद बरड़िया, शांतिलाल कोचर, मनीषा गुप्ता, हिमांशु लुनिया, तुषार लुनिया, आरती गोलछा आदि ने। कार्यक्रम का शानदार संचालन साहित्यकार मीना शर्मा तथा आभार प्रदर्शन रानूलाल लुनिया ने किया।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403